वर्ष- 13 अंक - 324
लखनऊ, रविवार 26 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



42 वाहनों के चालान, लगाया गया 4.35 लाख का जुर्माना 10

लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनता को बेहतर बिजली देना हमारी प्राथमिकता : शर्मा 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,45,080/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,33,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,850/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक मामले में बड़ी सफलता, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चर्चित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों ने मुख्य आरोपियों में शामिल वीरेंद्र कुमार गुप्ता को बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश के लिए महाराष्ट्र पुलिस की विशेष टीम लगातार कई राज्यों में छापेमारी कर रही थी। आखिरकार भिवंडी पुलिस की विशेष टीम ने बिहार में अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद वीरेंद्र कुमार गुप्ता को हवाई मार्ग से पुणे एयरपोर्ट लाया गया, जहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे भिवंडी ले जाया जा रहा है। पुलिस उसे जल्द ही अदालत में पेश करेगी और उसकी रिमांड लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है।

### वारिस पंजाब दे का एक और सक्रिय आरोपित जोगा सिंह गिरफ्तार

**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ मामले में उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले की रूपईडीहा पुलिस ने शनिवार को वारिस पंजाब दे संगठन के सक्रिय सदस्य जोगा सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने संगठन के अन्य सदस्यों और स्थानीय सहयोगियों की मदद से अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह ढिल्लों को बिना वैध वीजा भारत में प्रवेश कराने की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार, 23 जुलाई को भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा चेक पोस्ट पर रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने वारिस पंजाब दे के सदस्य विक्रमजीत सिंह, अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह ढिल्लों तथा सीमा पार कराने में सहयोग करने वाले तीन स्थानीय नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

### व्हाइट हाउस संवाददाता रात्रिभोज में ट्रंप की वापसी फीकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन (डब्ल्यूएचसीए) के वार्षिक रात्रिभोज में वापसी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। करीब एक घंटे तक चले उनके भाषण में उन्होंने पत्रकारों पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं, अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए पुराने उपनाम दोहराये और कई बार मोटापे पर आधारित चुटकुले सुनाये, जिन्हें श्रोताओं की ओर से खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक समय श्री ट्रंप ने स्वयं भी स्वीकार किया कि उनके चुटकुले असर नहीं कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा, क्या किसी को यह सब समझ में आ रहा है? जिस पर बहुत कम लोगों ने प्रतिक्रिया दी।

### नौ दिन में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन ने तय किया 1,200 किमी का सफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली मंडल के जींद-सोनीपत रेलखंड पर दौड़ रही देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन ने अब तक 1,200 किलोमीटर से अधिक की यात्रा तय की है और इस दौरान इसने 3,200 लीटर डीज़ल की बचत की है। रेलवे ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईंधन से चलने वाली ट्रेनों का किफायती और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प मानी जा रही है इस ट्रेन ने पिछले नौ दिनों का सफर बाधा रहित तय किया है। रेलवे के अनुसार यह हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच होने वाली रासायनिक अभिक्रिया से ट्रेन के भीतर ही बिजली उत्पन्न करती है। इस प्रक्रिया से ट्रेन को चलाने के लिए आवश्यक विद्युत ऊर्जा प्राप्त होती है तथा उप-उत्पाद के रूप में केवल जलवाष्प निकलती है। इसमें न धुआँ निकलता है और न ही टेलपाइप से कार्बन उत्सर्जन होता है, जिससे यह वर्तमान में उपलब्ध रेल प्रणोदन की सबसे स्वच्छ तकनीक बन जाती है।

# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

▸ शिक्षा मंत्री ने कहा, बच्चों के भविष्य व देश विरोधी ताकतों को लाभ उठाने से रोकने के लिए दिया त्यागपत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार शाम श्री धर्मेंद्र प्रधान का मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया। उनकी जगह उपभोक्ता एवं खाद्य मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

श्री प्रधान ने शनिवार अपराह्न शिक्षा मंत्री के पद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा भेजा था। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, श्रीमती मुर्मू ने प्रधानमंत्री की सलाह पर तत्काल प्रभाव से श्री प्रधान का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की सलाह पर श्री जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

श्री प्रधान 07 जुलाई 2021 से शिक्षा मंत्री के पद पर थे। नीट पेपर लीक को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बैनर तले विद्यार्थियों के धरना-प्रदर्शन और विपक्षी दलों के दबाव के बीच श्री प्रधान ने अपने पद से त्यागपत्र दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार दोपहर युवाओं के नाम पोस्ट किये गये एक पत्र में उन्होंने लिखा कि बच्चों के भविष्य और देश विरोधी ताकतों को मौजूदा परिस्थितियों का लाभ उठाने से रोकने के लिए उन्होंने त्यागपत्र दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा, जंतर-मंतर पर और देश में जो स्थिति बनी है, इस स्थिति का राष्ट्र विरोधी ताकतें लाभ न उठाएं, देश की एकता बनी रहे, देश के एक भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे, हमारे बच्चे अपना समय पढ़ाई में लगाएं, करियर बनाने पर फोकस करें, इसी बात पर विचार करते हुए मैंने अपना त्यागपत्र माननीय प्रधानमंत्री जी को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए यह व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। पिछले 10 दिन का घटनाक्रम देखकर उनका मन दुःखी है।

युवाशक्ति को देश की असली ताकत बताते हुए उन्होंने कहा कि वह युवाओं को भ्रम के कुचक्र में फंसने नहीं देंगे। उन्होंने मंत्रिमंडल में मार्गदर्शन, विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए श्री मोदी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि वह राष्ट्रसेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।

नीट पेपर लीक मुद्दे पर श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने पहले दिन से ही जिम्मेदारी ली है और कभी परिस्थिति से मुंह नहीं मोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक के बाद कई छात्रों को गुमराह करने के लिए जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों ने बाधा डालने की कोशिश की। उन्होंने लिखा, मेरा यह संकल्प था कि हम किसी भी मेधावी छात्र की संभावना परीक्षा माफिया के कारण खराब नहीं होने देंगे, किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि गत 03 मई को नीट परीक्षा में अनियमितता की बात सामने आने के बाद सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच सीबीआई को सौंपी और परीक्षा को रद्द किया तथा पुनः परीक्षा की तिथि घोषित की गयी।

**प्रह्लाद जोशी नये शिक्षा मंत्री बनाये गये**





### घटनाक्रम पर एक नजर

- 3 मई 2026 – नीट-यूजी परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें करीब 22 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए।
- 12 मई 2026 – पेपर लीक के आरोपों के बाद नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई।
- 2 जून 2026 – देश के कई शहरों में छात्रों ने परीक्षा प्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किए।
- 6 जून 2026 – दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहला बड़ा प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठी।
- 20 जून 2026 – जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ।
- 28 जून 2026 – सोनम वांगचुक ने जंतर-मंतर पर आमरण अनशन शुरू किया।
- 20 जुलाई 2026 – 'चलो संसद' मार्च के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव, कई लोगों को हिरासत में लिया गया।
- 24 जुलाई 2026 – केंद्र और आंदोलनकारियों के बीच दूसरे दौर की वार्ता हुई, लेकिन इस्तीफे की मांग बरकरार रही।
- 25 जुलाई 2026 – बढ़ते जनदबाव के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया, जिसके बाद जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों ने इसे अपनी बड़ी जीत बताया।



> रसरकार छात्रों के हित सर्वोपरि रखेगी और परीक्षा प्रणाली में सुधार की प्रक्रिया जारी रहेगी।
> –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



> यह घटनाक्रम जनता की एकजुटता और लोकतांत्रिक जवाबदेही का उदाहरण है यह लोकतंत्र की जीत, अब शिक्षा सुधारों की बारी है। – सोनम वांगचुक



> भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय कर रही है। जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।
> – अखिलेश यादव (सपा)



> यह केवल एक मंत्री की नहीं, पूरी शिक्षा व्यवस्था की जवाबदेही का सवाल है। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। – राहुल गांधी (कांग्रेस)





## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर पर जश्न

### सीजेपी ने कहा, आंदोलन जारी रहेगा, रखीं दो नई मांगें

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की घोषणा के बाद नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थकों ने जश्न मनाया। प्रदर्शन स्थल पर छात्रों ने छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए और राष्ट्रगान गाया। इस दौरान नीट पेपर लीक विवाद के बाद जान गंवाने वाले छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्रदर्शनकारियों ने इसे छात्र आंदोलन की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि उनकी लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को आंदोलन की सफलता करार देते हुए कहा कि लंबे समय से यह कहा जा रहा था कि सरकार में कोई मंत्री इस्तीफा नहीं देता, लेकिन छात्रों की एकजुटता ने यह संभव कर दिखाया। उन्होंने कहा कि मंत्री के इस्तीफे के बाद भी आंदोलन समाप्त नहीं होगा और संगठन अपनी बाकी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेगा। दीपके ने कहा कि उनकी पार्टी एक बार शुरू हुआ आंदोलन बीच में नहीं छोड़ती और सरकार को छात्रों की सभी मांगों पर फैसला लेना होगा। अभिजीत दीपके ने सरकार के सामने दो नई मांगें भी रखीं। पहली मांग यह है कि नीट पेपर लीक और उससे जुड़े घटनाक्रम के बाद जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। दूसरी मांग दिल्ली पुलिस के उन अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की है, जिन पर प्रदर्शनकारियों के साथ कथित सख्ती और बल प्रयोग के आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन के दौरान जिन छात्रों पर कानूनी मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए ताकि उनका भविष्य प्रभावित न हो। दीपके ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले एक महीने से कई लोग आंदोलन की सफलता पर सवाल उठा रहे थे और यह मान रहे थे कि सरकार किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने दावा किया कि छात्रों के शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक संघर्ष ने सरकार को निर्णय लेने के लिए मजबूर किया। उनके अनुसार, यह आंदोलन केवल एक मंत्री के इस्तीफे तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग का हिस्सा है। नीट पेपर लीक विवाद के बाद देशभर में छात्रों के बीच असंतोष बढ़ गया था। इसी मुद्दे को लेकर जंतर-मंतर पर कई दिनों से प्रदर्शन चल रहा था। विभिन्न छात्र संगठनों और सामाजिक समूहों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जिम्मेदारी तय करने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई थी। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने इसे अपनी पहली बड़ी जीत बताया है, हालांकि उनका कहना है कि जब तक बाकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# जालौन को योगी ने दी 1275 करोड़ की सौगात

▸ गौरवशाली इतिहास वीरता व सांस्कृतिक विरासत के लिए जालौन पूरे देश में प्रसिद्ध

**उरई, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को जालौन दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जिला खेल मैदान (डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ग्राउंड) में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनपद को 1275 करोड़ रुपये की लागत वाली 374 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता वितरित करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 13 करोड़ 14 लाख 30 हजार रुपये की धनराशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की।

प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को आवास की चाबियां सौंपी गईं, जबकि मुख्यमंत्री सुकन्या योजना की लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

अपने संबोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन की अधिष्ठात्री जालौन वाली माता, एट बैरागढ़ की शारदा माता, महर्षि वेदव्यास और जलवान ऋषि को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि जालौन और कालपी अपने गौरवशाली इतिहास, वीरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कालपी का कागज और यहां की मटर जनपद की विशिष्ट पहचान हैं तथा पचनदा का संगम इस क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के माध्यम से कालपी के कागज उद्योग को नई पहचान मिली है और अब यह वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब बुंदेलखंड को दस्यु प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था और यहां के लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता था। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों की नीतियों के कारण बुंदेलखंड पिछड़ा, वही लोग आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इस क्षेत्र की नई पहचान बन चुका है और झांसी जिले में बीडा (Bundelkhand Industrial Development Authority) के माध्यम से औद्योगिक विकास को नई गति मिल रही है, जिसका लाभ जालौन को भी मिलेगा।

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस केवल घड़ियाली आंसू बहाते हैं, जबकि उनके शासनकाल में बुंदेलखंड के विकास का पैसा लूटा जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर डकैती डाली जाती थी और सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं वसूली का खेल चलता था। उन्होंने कहा कि पहले विकास का धन सैफई में फिल्मी आयोजनों पर खर्च किया जाता था, जबकि आज वही पैसा जनता के विकास और कल्याण पर लगाया जा रहा है।



### पेपर लीक के मामलों में सरकार किसी भी दोषी को बख्शने वाली नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामलों में सरकार किसी भी दोषी को बख्शने वाली नहीं है। उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा लीक प्रकरण में संलिप्त पाए जाने पर पिछले 24 घंटे में 47 अधिकारियों को एक साथ बर्खास्त किया गया है तथा उनकी संपत्तियां जब्त कर कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं युवाओं की चिंता करते हैं और देर रात तक उनसे संवाद कर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### माफियाओं को मिट्टी में मिलाया

कानून व्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश से माफिया राज समाप्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भू-माफिया, बालू माफिया, केटल माफिया और अन्य अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने दोहराया कि जो भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संदेश है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को आजीवन कारावास तक की सजा दिलाई जाएगी।

### पहले बुंदेलखंड सूखे और अंधेरे की मार झेलता था

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी बुंदेलखंड सूखे और अंधेरे की मार झेलता था, डकैतों की दहशत शुरु हो जाती थीं। लेकिन आज सौर ऊर्जा परियोजनाओं के जरिए पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगाने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि घर-घर पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत तेजी से कार्य हो रहा है। गौ संरक्षण के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़े स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने जालौन की रंगौली ग्राम पंचायत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह जिले की पहली ग्राम पंचायत बनी है जो गरीबी रेखा से ऊपर पहुंची है।

## बिहार बंद के दौरान कई जिलों में हिंसा, फायरिंग



**एजेंसी, पटना।** नीट पेपर लीक मामले, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग और छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को बुलाए गए बिहार बंद का असर पूरे राज्य में व्यापक रूप से देखने को मिला। छात्र संगठनों के आह्वान पर आइसा, इनौस समेत कई संगठनों के कार्यकर्ता सुबह से ही सड़कों पर उतर आए। जगह-जगह सड़क जाम कर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। कई जिलों में प्रदर्शन हिंसक हो गया, जबकि दोपहर बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर के बाद अधिकांश स्थानों पर आंदोलन शांत हो गया। बिहार बंद के दौरान सबसे गंभीर स्थिति सीवान में देखने को मिली। सुबह तक शांतिपूर्ण चल रहा छात्र धरना दोपहर होते-होते हिंसक हो गया। गांधी मैदान और जेपी चौक के आसपास प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर पथराव हुआ। हालात बेकाबू होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की।


## अलीगंज अग्निकांड | एलडीए ने बुलडोजर से ढहाई इमारत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जिस बिल्डिंग में जलकर 15 लोगों की मौत हुई थी, उसे आज ध्वस्त किया जा रहा है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। पुलिस प्रशासन की निगरानी में मशीन से बिल्डिंग गिरायी जा रही है। इमारत गिराने के लिए जेसीबी, पोकलेन एवं हाइड्रोलिक मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि 45 अधिकारी और कर्मचारियों की टीम आज शनिवार की सुबह अलीगंज पहुंचकर बिल्डिंग को गिराने का काम शुरू कर दिया। इससे पहले पुलिस की टीम ने आसपास की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन पर रोक लगा दी है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इस कार्रवाई के दौरान बिल्डिंग मालिक वीरेंद्र शुक्ला के अधिवक्ता राजेंद्र शुक्ला ने धवस्तीकरण पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एलडीए ने 25 जुलाई तक वक्त दिया गया था, फिर उसी दिन कार्रवाई को कैसे पहुंच गये। इस कार्रवाई को वह कोर्ट में चुनौती देंगे।

उल्लेखनीय है कि 22 जून को इस इमारत की दूसरे फ्लोर में बने कोचिंग में आग लग गई थी। इस अग्नि हादसे में 15 लोगों की जान चली गई थी। कई लोगों ने पाइप और तारों के माध्यम से कूदकर अपनी जान बचाई थी। इसमें एक युवक कूद गया था, जिसमें वह पैर से पैरालाइज हो गया है। इस इमारत की जांच की गई तो पाया गया कि आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत बिल्डिंग का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जाने लगा। एलडीए ने भवन स्वामी को नोटिस जारी का जवाब मांगा था लेकिन उनकी ओर से कोई उचित जवाब नहीं मिला। इस पर 10 जुलाई को धवस्तीकरण के आदेश जारी करते हुए 15 दिन के भीतर इमारत को स्वयं गिराने के आदेश दिए थे। समय सीमा समाप्त होने के बाद एलडीए ने कार्रवाई शुरू कर दी है।





**घमासान** | केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद भी आसान नहीं डगर

# इस्तीफा अंत नहीं, असली परीक्षा अब सरकार की

▸ सरकार पर राजनीतिक दबाव कम हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे ने देश की राजनीति में नया मोड़ ला दिया है। छात्र आंदोलनों, विपक्ष के लगातार हमलों और परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवालों के बीच आया यह इस्तीफा तत्काल राजनीतिक दबाव को कम करने वाला कदम माना जा रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इससे केवल एक राजनीतिक अध्याय समाप्त हुआ है, जबकि सरकार की वास्तविक चुनौती अब शुरू होती है।

पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में देरी और भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं ने लाखों युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। कई अभ्यर्थियों ने वर्षों तक तैयारी करने के बावजूद बार-बार परीक्षा रद्द होने और भर्ती अटकने का सामना किया। ऐसे में जंतर-मंतर से लेकर कई राज्यों तक छात्रों का आंदोलन केवल किसी एक परीक्षा का विरोध नहीं, बल्कि पूरी परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग बन गया। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को विपक्ष अपनी राजनीतिक जीत के रूप में पेश कर रहा है, जबकि भाजपा इसे नैतिक जवाबदेही का उदाहरण बता रही है। लेकिन राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या व्यवस्था में ऐसा बदलाव होगा, जिससे भविष्य में इस तरह के विवाद दोबारा न हों। सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियों की विश्वसनीयता बहाल करने की है। इसके लिए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, परीक्षा केंद्रों की जवाबदेही, समयबद्ध परिणाम और भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना आवश्यक होगा। केवल अधिकारियों के तबादले या मंत्री परिवर्तन से छात्रों का विश्वास वापस नहीं आएगा। इस घटनाक्रम का राजनीतिक असर भी दूरगामी माना जा रहा है। देश में युवाओं की बड़ी आबादी प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों से जुड़ी हुई है। ऐसे में शिक्षा और रोजगार का मुद्दा आने वाले चुनावों में भी प्रमुख विषय बना रह सकता है। सरकार यदि ठोस सुधार लागू करती है तो यह उसके लिए राजनीतिक रूप से लाभकारी हो सकता है, लेकिन यदि समस्याएं दोहराई गईं तो विपक्ष को सरकार को घेरने का नया अवसर मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। युवाओं को ऐसी परीक्षा व्यवस्था चाहिए, जिसमें मेहनत का सम्मान हो, परीक्षा समय पर हो, परिणाम निष्पक्ष हों और भर्ती प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी हो। यही किसी भी सरकार की विश्वसनीयता का सबसे बड़ा पैमाना होगा। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इसलिए केवल एक मंत्री का पद छोड़ना नहीं, बल्कि सरकार के लिए एक नई जिम्मेदारी की शुरुआत है। अब देश की नजर इस बात पर रहेगी कि आने वाले समय में परीक्षा प्रणाली को कितना सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाया जाता है। यदि सुधार धरातल पर दिखाई देते हैं, तभी यह कहा जा सकेगा कि यह इस्तीफा केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में उठाया गया सार्थक कदम था।



# कारगिल के अमर शहीदों को किया नमन

## छात्रों में जागृत हुई राष्ट्रसर्वोपरि की भावना

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।





स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, मालवीय नगर में कारगिल विजय दिवस पर वंदना सभा मे विद्यालय परिसर में कारगिल के अमर सपूतो के स्मृति मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑपरेशन विजय के योद्धा कारगिल विजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे अतिथि परिचय एवं संचालन आचार्य जितेंद्र पांडेय हलचल ने किया। विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख प्रेमचंद्र मिश्र ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सैनिकों की स्मृति में कारगिल युद्ध के विभिन्न पहलुओं और उनमें अदम्य साहस दिखाने वाले सैनिकों पर अपने विचारों से श्रद्धांजलि दी गई। अपने प्रेरक उद्बोधन में मुख्य अतिथि कारगिल विजय सिंह ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम और बलिदान की गौरवगाथा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर जवानों का त्याग और समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है तथा युवाओं को उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रधानाचार्य रवि शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस मात्र विजय का उत्सव नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए सदैव उत्कृष्ट चरित्र, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं वीर शहीदों के सम्मान में देशभक्ति के नारों के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त आचार्यगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## तीसरी मंजिल पर जिला समाज कल्याण कार्यालय होने से वृद्धों को हो रही परेशानी

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। जिला समाज कल्याण के एक अधिकारी द्वारा बताया गया कि बलरामपुर में फर्स्ट फ्लोर पर समाज कल्याण का दफ्तर है और गोंडा में सेकंड फ्लोर पर जबकि और कई शहरों की बात उन्होंने बताई कि सभी जगह पर समाज कल्याण का दफ्तर नीचे है क्योंकि इस कार्यालय में अधिकांश सीनियर सिटीजन ही आते हैं और उन्हें ऊपर चढ़ने में कठिनाई न हो इसीलिए अधिकतर जिलों में समाज कल्याण का दफ्तर नीचे ही बनाया गया है किंतु गोंडा एक ऐसा शहर है जहां दूसरे मंजिल पर इस दफ्तर के होने से जो भी लाभार्थी आते हैं उन्हें बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि जिला समाज कल्याण का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर पर ही स्थापित करवाने की व्यवस्था करें जिससे सीनियर सिटीजन को वहां तक पहुंचने में कोई दिक्कत या परेशानी न हो।

# गोंडा में सर्किल रेट का पुनरीक्षण शुरू

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

- 8 अगस्त तक दर्ज कराएं सुझाव व आपत्तियां
- 15 अगस्त से लागू होगी नई सर्किल रेट सूची, प्रस्तावित दरों पर मांगे गए जनसुझाव

जनपद गोंडा में वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित सर्किल रेट (संपत्तियों की मूल्यांकन दर सूची) का पुनरीक्षण शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर प्रियंका निरंजन ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 (यथा संशोधित 2015) तथा महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद की परिसंपत्तियों की मूल्यांकन दर सूची को मानकीकृत प्रारूप पर संशोधित किया जा रहा है। पुनरीक्षित दर सूची को 15 अगस्त 2026 से प्रभावी किया जाना प्रस्तावित है।

कलेक्टर ने बताया कि गत वर्ष की दर सूची 1 जून 2025 से प्रभावी थी। अब नई प्रस्तावित दर सूची तैयार कर प्रत्येक तहसील के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उप निबंधक कार्यालयों के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) तथा सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय में आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय में प्रस्तावित दर सूची का निरीक्षण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित दर सूची पर 8 अगस्त 2026 की सायंकाल तक संबंधित कार्यालयों में मौखिक अथवा लिखित रूप से सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझावों और आपत्तियों का निस्तारण कलेक्टर प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में 10 अगस्त एवं 12 अगस्त को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सहायक महानिरीक्षक निबंधन तथा संबंधित तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उप निबंधक सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि प्रस्तावित सर्किल रेट सूची के संबंध में कोई सुझाव या आपत्ति हो तो उसे निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित कार्यालय में दर्ज कराएं, ताकि पारदर्शी एवं व्यावहारिक दर सूची तैयार की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### खेलों से होता है मानसिक विकास



गोंडा, समृद्धि न्यूज़। स्थानीय श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा में शासन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामदंद्र के निर्देशानुसार आज विद्यालय में खेल दिवस मनाया गया। प्रत्येक शनिवार को खेल दिवस मनाया जाएगा जिसमें सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक खेल परिधान में उपस्थित होंगे। आज प्रार्थना सभा में खेल के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने व्याख्या की। आगामी होने वाली खेलों की जूनियर एवं सीनियर वर्ग की टीम में तैयार की गई। प्रतियोगिताओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए साथ ही फील्ड भी तैयार की गई। आज संपन्न हुए वॉलीबॉल मैच में जूनियर वर्ग की टीम विजय घोषित हुई। शिक्षकों में युवा वर्ग की टीम को हराते हुए सीनियर वर्ग की टीम विजयी घोषित हुई। छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया और छात्रों का उत्साह वर्धन किया। खेल की कमेटी गिरजा शंकर मिश्रा द्वारा किया गया। खेल प्रभारी बंशीधर एवं सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल जीवन का आवश्यक अंग है। प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी सहित संतोष कुमार, रामनारायण उपाध्याय, रोशन लाल, रामचंद्रपांडे, अनिल सिंह, जगदीश त्रिपाठी, कमला मौर्या अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं ने सभी खेलों को संपन्न कराया।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर सपा कार्यकर्ताओं का जश्न



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर जश्न मनाया। यह इस्तीफा नीट समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में छात्रों और युवाओं के कई सप्ताह से चल रहे प्रदर्शन के बाद हुआ है। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय के पास एकत्र हुए। उन्होंने छात्र एकता जिंदाबाद और नौजवान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए, मंत्री के इस्तीफे का जश्न मनाया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। छात्रों और युवाओं की ओर से किए जा रहे इन प्रदर्शनों के बाद शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दे दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव ने कहा कि छात्रों और युवाओं की एकता के आगे आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा मंत्री को पद छोड़ना पड़ा। इस अवसर पर सपा नेता रामजी यादव सहित लोहिया वाहिनी के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### जिला मुख्यालय पर भीम आर्मी का प्रदर्शन



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। शनिवार दोपहर दो बजे भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में नीट समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों पर हुए बल प्रयोग के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। भीम आर्मी के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचे। उन्होंने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और जुलूस निकाला प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज सरकार की दमनकारी नीति को दर्शाता है। सभी प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर बल प्रयोग करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सीआरओ सुभाष को सौंपा। इस दौरान भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

### बाबा रामप्रकाश मंदिर पर उमड़ा जनसैलाब



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। हुजूरपुर और पयागपुर के बीच ग्राम काधीकुइया के पास स्थित ऐतिहासिक बाबा रामप्रकाश मंदिर में शनिवार को विशाल मेला लगा। सड़क के बीचो-बीच बने इस मंदिर में दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यह मंदिर आस्था और जनविश्वास का प्रमुख केंद्र है। यहां हर शनिवार को मेला लगता है, जिसमें दूर-दूर से भक्त बाबा के दर्शन करने आते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि बाबा के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता मेले में पड़ोसी जिलों गोंडा और श्रावस्ती के साथ-साथ नेपाल से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पयागपुर पुलिस भी मेले में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुस्तैदी से तैनात रही। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सावन माह में और अधिक भीड़ होने की संभावना है, जिसके लिए अतिरिक्त प्रबंध किए जाएंगे।

## एम्स कान्वेंट में बाल संसद का गठन





बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य .एस पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में रविंद्र कमलापुरी (समाज सेवी) उपस्थित रहे विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र देकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान व्यक्त किया।

विद्यालय के प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार शुक्ला शिक्षिका कुमारी साक्षी गुप्ता, संगीता श्रीवास्तव, ओमकार नाथ शुक्ला, सार्थक शुक्ला, सविता सिंह, श्रेया गुप्ता, रितु सौम्या, सीबा कोमल, सुनीता, अन्नपूर्णा माथुर रीना ने आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत सहयोग किया। हेड बाय उत्कर्ष तिवारी हेड गर्ल मुस्कान शेख, गांधी हाउस कैप्टन समर पांडे वॉइस हाउस कैप्टन श्रद्धा मौर्य स्पोर्ट्स कैप्टन शिवांश गुप्ता मनु हाउस के हाउस कैप्टन सविता चौरसिया वॉइस हाउस कैप्टन आराध्या शर्मा स्पोर्ट्स कैप्टन हरिनंदन शुक्ला टैगोर हाउस के हाउस कैप्टन समृद्धि पांडे वॉइस हाउस कैप्टन अर्पित कुमार और स्पोर्ट्स कैप्टन उत्कर्ष शुक्ला सुभाष हाउस के हाउस कैप्टन नेहा मौर्य वॉइस हाउस कैप्टन सीमा मौर्य स्पोर्ट्स कैप्टन सत्यम मौर्य को नियुक्त किया गया।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सुनी समस्याएं

गोंडा, समृद्धि न्यूज़



- समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना शासन की प्राथमिकता : अशोक

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अशोक कुमार द्वारा थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा में जनसुनवाई कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। डीआईजी अशोक कुमार द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कहा गया कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग को समन्वित रूप से शिकायतों का निस्तारण कराना होगा। शासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है, डीआईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि राजस्व एवं भूमि विवाद अन्य जनहित से जुड़े मामलों के निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किये जायें तथा निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी शिकायत का निस्तारण केवल औपचारिकता के आधार पर नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि एवं तथ्यात्मक जांच के उपरांत किया जाए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज समेत पुलिस एवं राजस्व विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पयागपुर में ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक डेमू ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना कान्धी कुइयां रेलवे गुमटी के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक रेलवे गुमटी के समीप ट्रैक पार कर रहा था। स्थानीय निवासियों की मदद से मृतक की पहचान कन्हैया के रूप में हुई है। वह कान्धी कुइयां गांव निवासी खजांची दुबे का पुत्र था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलते ही पयागपुर पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला एक दुर्घटना का प्रतीत होता है। हालांकि, पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# सूरत की खाड़ी में मिला गोंडा के युवक का शव

- चार दिन से था लापता, परिजनों में कोहराम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



सूरत में काम करने गए जनपद गोण्डा के एक युवक का शव खाड़ी से बरामद होने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पिछले 4 दिनों से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक करनैलगंज तहसील व थाना क्षेत्र के ग्राम बटौरा लोहांगी निवासी रमेश तिवारी सूरत के पटेल नगर, मंदिर के पास गली नंबर 3, मकान नंबर 103, रूम नंबर 2 में रहकर टेक्सटाइल मार्केट में नौकरी करते थे। परिजनों ने बताया कि रमेश सोमवार को घर से निकले थे और अपना मोबाइल फोन भी कमरे पर ही छोड़ गए थे। इसके बाद से उनका कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था।

रमेश के लापता होने की परिजनों ने सूरत के गोदादरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गांव के कई युवक भी उसकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच बुधवार को गोदादरा थाना पुलिस को सूरत की एक खाड़ी में एक युवक का शव तैरता मिला। शिनाख्त के दौरान मृतक की पहचान रमेश तिवारी के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए। अब परिवार के लोग और गांव के कुछ युवक सूरत के लिए रवाना हो गए हैं। पोस्टमार्टम और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को एंबुलेंस से गोंडा लाया जाएगा। प्रशासन से भी शव को घर तक पहुंचाने में मदद की मांग की गई है।

गोदादरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### गांव में पसरा मातम

इस घटना से बटौरा लोहांगी गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



मृतक अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को गया छोड़

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम नेवलापुर के मजरा मथुरा पुरवा निवासी सुरेश यादव (31) पुत्र सिद्धनाथ यादव का शव गांव से कुछ दूरी पर ग्राम रानियापुर के मजरा कहारनपुरवा के पास माइनर नहर किनारे स्थित आम के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची विशेश्वरगंज पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे पुत्र छोड़ गया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# विधायक ने महिला वनकर्मियों को दी इलेक्ट्रिक स्कूटी

- जंगल में गश्त बढ़ाने के लिए किया सम्मानित, बांटे रेनकोट व टार्च

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




लखनऊ के सरोजनी नगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने कतर्नियाघाट में महिला वनकर्मियों को सम्मानित किया।

उन्होंने वन्यजीवों की सुरक्षा और वन क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के उद्देश्य से सात महिला वनकर्मियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की। यह सम्मान समारोह कतर्नियाघाट के इको अवेयरनेस सेंटर में आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक ने कतर्नियाघाट, मुर्तिहा, धर्मापुर, निशानगाड़ा, सुजौली, ककरहा और मोतीपुर की सात महिला वनकर्मियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी सौंपी। इसके अतिरिक्त, अन्य वनकर्मियों की टीम को 100 टॉर्च और 100 रेनकोट भी वितरित किए गए। यह वितरण श्री पीताम्बरा बगलामुखी सिद्ध पीठ उत्तराखंड ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। इन उपकरणों से वनकर्मियों को विशेषकर भीषण बरसात में जंगल में सुरक्षित गश्त करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर कतर्नियाघाट के डीएफओ अपूर्व दीक्षित भी उपस्थित रहे। विधायक राजेश्वर सिंह ने कतर्नियाघाट की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की।

उन्होंने बताया कि कई जगहों पर वाटर होल बनवाए गए हैं और एक वाटर पंप भी दिया गया है। उन्होंने जल्द ही जंगल में बेहतर गश्त के लिए 10 बाइक उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। विधायक ने वनकर्मियों के भत्ते बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम में श्री पीतांबरा बगलामुखी सिद्ध पीठ ट्रस्ट उत्तराखंड की अंबिका मिश्रा, कतर्नियाघाट वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौड़, डिप्टी रेंजर मयंक पांडेय, वन दरोगा राधे श्याम सहित वनकर्मियों की टीम मौजूद रही।

# एसपी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित

- निष्पक्ष एवं विधिसम्मत जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें : विश्वजीत श्रीवास्तव

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने राजस्व विभाग की टीम के साथ थाना जरवल रोड में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

इस दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा प्राप्त जनशिकायतों की निष्पक्ष एवं विधिसम्मत जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन्हें आवश्यक आख्या संलग्न कर संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रेषित किया जाए। साथ ही एसपी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों में राजस्व विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# मतदाता सूची में 13 जीवित व्यक्ति मृत घोषित

- ग्रामीणों ने रिसिया ब्लॉक घेरा
- प्रधान के पंचायत सहायक भतीजे पर आरोप

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



रिसिया ब्लॉक स्थित हुसैनपुर मोहम्मदपुर गांव की मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। यहां सत्यापन के लिए उपलब्ध कराई गई संभावित मतदाता सूची में 13 जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने तुफैल पुत्र मिजगन के नेतृत्व में रिसिया ब्लॉक कार्यालय का घेराव कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत सहायक ने करीब 52 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए, जिनमें से 13 जीवित लोगों को मृत दर्शाया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत सहायक, जो इस पद पर तैनात है, रिश्ते में प्रधान का भतीजा है और नगर पंचायत देवीपुर का निवासी है।

ग्रामीणों ने उसे संभावित डुप्लीकेट नामावली सौंपने पर भी आपत्ति जताई।यह प्रकरण जिलाधिकारी बहराइच के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर की अगुवाई में खंड विकास अधिकारी रिसिया सहित तीन सदस्यीय समिति का गठन कर जांच सौंप दी है और रिपोर्ट तलब की है। इसके अतिरिक्त, ईओ नगर पंचायत रिसिया से भी इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। खंड विकास अधिकारी सचिन कुमार भारतीय ने बताया कि संभावित डुप्लीकेट मतदाता सूची में गड़बड़ी की जांच के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर के साथ उन्हें मिलाकर तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

## अपर जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़। थाना सादुल्लानगर में आयोजित थाना समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी महोदया, जनपद बलरामपुर की अध्यक्षता एवं थाना अध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा सादुल्लानगर के कुशल नेतृत्व में जनसुनवाई की गई। इस दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना-पत्रों एवं विभिन्न जनसमस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त शिकायती संदर्भों के सम्यक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु उपस्थित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जौहर विश्वविद्यालय बचाने के लिए अधिवक्ताओं व सपा कार्यकर्ताओं ने जुटाया जनसमर्थन

- अभियान में भाग लेकर हस्ताक्षर कर विश्वविद्यालय के संरक्षण की मांग का किया समर्थन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



मोहम्मद जौहर अली विश्वविद्यालय को ध्वस्त किए जाने के विरोध में शनिवार को उतरौला तहसील क्षेत्र में अधिवक्ता सभा, बलरामपुर के तत्वावधान में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को विश्वविद्यालय के महत्व से अवगत कराते हुए इसे बचाने के लिए जनसमर्थन जुटाया गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोगों ने अभियान में भाग लेकर हस्ताक्षर किए और विश्वविद्यालय के संरक्षण की मांग का समर्थन किया।

हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ अधिवक्ता सभा, बलरामपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह 'आशू' तथा तहसील अध्यक्ष लालू यादव ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि शिक्षा संस्थान समाज के विकास और नई पीढ़ी के भविष्य की आधारशिला होते हैं, इसलिए ऐसे संस्थानों के संबंध में किसी भी निर्णय से पहले व्यापक विचार-विमर्श और संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य राम दयाल यादव ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को ध्वस्त करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने सरकार की कार्रवाई को दमनकारी एवं प्रतिशोध की भावना से प्रेरित बताते हुए इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सरकार को सकारात्मक एवं न्यायसंगत निर्णय लेना चाहिए।

डॉ. एहसान खान ने अपने संबोधन में कहा कि यदि विश्वविद्यालय से संबंधित कोई कानूनी या प्रशासनिक समस्या है तो उसका समाधान संवाद और वैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि विश्वविद्यालय को ध्वस्त करने के बजाय अन्य वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाए, जिससे छात्रों की शिक्षा प्रभावित न हो।

समाजवादी नेता एजाज मलिक ने कहा कि शिक्षा संस्थानों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक तरीके से चलाए जा रहे इस जनआंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें और विश्वविद्यालय को बचाने के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें। हस्ताक्षर अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि यह अभियान जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का एक शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक प्रयास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जनमत का सम्मान करते हुए इस विषय पर पुनर्विचार करेगी।

इस अवसर पर मोहम्मद उमर खान, मार्कण्डेय मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा, धर्मराज यादव एडवोकेट, इरफान खान एडवोकेट, शमीम खान एडवोकेट, सुरेश यादव, झिनकन यादव, समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति

# निवेश, उद्यमिता व रोजगार को मिल रही नई गति : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं एवं उद्यमियों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 इस दिशा में वरदान साबित हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश लगातार बढ़ रहा है तथा नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बेहतर पैकेजिंग एवं प्रभावी ब्रांडिंग से उत्पादों की गुणवत्ता, बाजार में स्वीकार्यता तथा निर्यात क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है, इसलिए सरकार इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है।

▸ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार व किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है आधुनिक पैकेजिंग

**फूड पैकेजिंग एंड लेबलिंग रेगुलेशन विषयक कार्यशाला आयोजित**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में कृषकों, एफपीओ, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों एवं छात्र-छात्राओं में खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग एवं लेबलिंग के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फ्रैंक), खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उद्यान भवन परिसर, 2-सप्रू मार्ग, लखनऊ में शनिवार को फूड पैकेजिंग एंड लेबलिंग रेगुलेशन विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ वी.के. पाण्डेय ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के विनियमों पर विस्तृत जानकारी देते हुए खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, पैकेजिंग, लेबलिंग तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन संबंधी महत्वपूर्ण प्रावधानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गोण्डा एम.पी. सिंह ने खाद्य उत्पादों की लेबलिंग, अनिवार्य घोषणाओं, उपभोक्ता हितों तथा नियामकीय आवश्यकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बी.बी.ए.यू., लखनऊ के डॉ. आशीष जाटव ने अनुसंधान आधारित खाद्य पैकेजिंग, आधुनिक पैकेजिंग तकनीकों तथा एक्सट्रूडेड खाद्य उत्पादों की वैज्ञानिक एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी दी। वहीं भारतीय पैकेजिंग संस्थान, लखनऊ की डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने खाद्य उत्पादों के निर्यात, अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, निर्यात पैकेजिंग आवश्यकताओं तथा वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. अनिरुद्ध कुमार ने खाद्य उत्पादों के वैज्ञानिक विनिर्माण, प्रसंस्करण, सुरक्षित पैकेजिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ जानकारी साझा की। कार्यशाला के दौरान आर-फ्रैंक के निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम में गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, बस्ती, एटा, प्रयागराज, गाजीपुर, रायबरेली तथा लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों से आए कृषकों, एफपीओ प्रतिनिधियों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, अभ्यर्थियों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# 39,721 हेक्टेयर गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार प्रदेश में गोवंश संरक्षण और चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गोचर भूमि पर हरित चारा आच्छादन अभियान तेज गति से संचालित कर रही है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की 58,115 ग्राम पंचायतों में कुल 61,118.85 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 6,287 अस्थायी एवं स्थायी गो-आश्रय स्थलों में से 5,050 गो-आश्रय स्थलों को 10,421.45 हेक्टेयर गोचर भूमि से जोड़ा गया है, जिससे गोवंश के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। अब तक योगी सरकार ने 39,721 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने शनिवार को बताया कि गोचर भूमि पर हरित चारा आच्छादन के मामले में हरदोई प्रदेश में सबसे आगे है, जहां 462.76 हेक्टेयर क्षेत्र में हरित चारा लगाया गया है। इसके बाद फतेहपुर (176.69 हेक्टेयर), रायबरेली (163.33 हेक्टेयर), संभल (152.74 हेक्टेयर), आगरा (151.00 हेक्टेयर), अलीगढ़ (150.00), बहराइच (133.56), बाराबंकी (121.28), फिरोजाबाद (115.00), हमीरपुर(107.00) जिले में शामिल हैं।

प्रदेश सरकार ने चारे और पेयजल की उपलब्धता से लेकर पशु चिकित्सा सेवाओं, हीट स्ट्रेस प्रबंधन और रोगों की निगरानी तक कई महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत सबसे पहले चारे की कमी वाले जिलों, विशेष रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र के कुछ जनपदों की पहचान की गई है। योगी सरकार वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत चारागाह एवं गोचर भूमि के विकास को भी गति देगी, ताकि पशुओं के लिए स्थायी रूप से चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही पशुओं के उपचार के लिए जीवन रक्षक दवाइयों और टीकों की पर्याप्त उपलब्धता, हीट स्ट्रेस प्रबंधन के लिए मिनरल मिक्सचर एवं इलेक्ट्रोलाइट का वितरण तथा संक्रामक रोगों की सक्रिय निगरानी की व्यवस्था की गई है।

पशुओं को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में संचालित 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट को सक्रिय रखा गया है। इनकी सेवाएं 1962 टोल-फ्री नंबर के माध्यम से 24म7 उपलब्ध हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में पशुओं का तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### नाले में मिला युवक का शव, नशे में गिरने की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी में शनिवार सुबह सड़क किनारे बने नाले में एक युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती जांच में आशंका है कि युवक शराब के नशे में नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस उसकी पहचान और मौत के सही कारण का पता लगाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे पुलिस को कुसमोरा गांव के नाले में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया, जिसकी पहचान 45 वर्षीय संजीत कुमार उर्फमन्ना, पुत्र स्वर्गीय फकीरे गौतम, निवासी ग्राम कुसमोरा, थाना काकोरी के रूप में हुई। पुलिस ने शव का गहन निरीक्षण किया तो शरीर पर किसी प्रकार के चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले। मृतक की जेब से दो क्वार्टर शराब और 320 रुपये नकद बरामद हुए। परिजनों ने बताया कि संजीत कुमार को मिर्गी के दौरे पड़ते थे और वह शराब पीने के भी आदी थे। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे वह घर से निकले थे, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह उनका शव नाले में मिला। परिजनों ने किसी भी प्रकार की रंजिश या आपराधिक घटना की आशंका व्यक्त नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मृतक शराब के नशे में लड़खड़ाते हुए सड़क के समानांतर बने नाले में गिर गया होगा। रात के समय किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी, जिससे उसकी जान नहीं बच सकी। उन्होंने बताया कि शव पर किसी प्रकार की बाहरी चोट नहीं मिली है और परिजनों ने भी किसी अपराध की आशंका से इनकार किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण सामने आएगा। फिलहाल आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक-कंटेनर की टक्कर में दो युवक घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कंटेनर और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार उन्नाव निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, उन्नाव निवासी सचिन (25) और निलेश (26) शुक्रवार रात करीब 2 बजे एक ही बाइक से कानपुर रोड होते हुए आलमबाग से बंथरा की ओर जा रहे थे। सरोजनी नगर में कानपुर रोड के शहीद पथ तिराहे पर नादरगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने दोनों घायल युवकों को तत्काल लोक बंधु अस्पताल पहुँचाया। उनका इलाज जारी है। टक्कर मारने के बाद कंटेनर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### ए.पी. सेन कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ए.पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग ने एक स्मृति संभाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय प्रो. एस.सी दुबे भारतीय समाजशास्त्र और ग्रामीण विकास में उनका योगदान था। कार्यक्रम की शुरुआत समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. श्वेता तिवारी ने की। उन्होंने प्रो. दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद, बीए और एमए की छात्राओं ने अपने वक्तव्यों में जनजातीय अध्ययन, ग्रामीण समाज और भारतीय समाजशास्त्र के क्षेत्र में प्रो. दुबे के योगदान पर विचार साझा किए। इस अवसर पर प्रो. एस.सी दुबे के जीवन और कार्यों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने उच्च शिक्षा में समाजशास्त्रीय शोध की संभावनाओं पर चर्चा की और प्रो. दुबे के योगदान को प्रेरणादायक बताया। प्रतियोगिता में आस्था, तोशिमा, दीपाली पटेल, शालिनी पांडेय और अंजलि सैनी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### 300 के लिए भाई को गर्म चिमटे से दागा, दो गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गाजीपुर में महज 300 रुपए के उधार को लेकर बड़े भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर छोटे भाई की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटा और पूरे शरीर पर गर्म चिमटे से दाग दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। गाजीपुर गांव निवासी सोनू कश्यप ने 24 जुलाई को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने बड़े भाई नंद किशोर से 300 रुपए उधार लिए थे। इसी बात को लेकर नंद किशोर ने दीपांशु कश्यप, मोहित कश्यप और एक अन्य साथी बबलू के साथ मिलकर उसकी पिटाई की। आरोप है कि चारों ने उसे लात-घूंसों से मारने के साथ ही गर्म चिमटे से पूरे शरीर पर दाग दिया और जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर गाजीपुर थाने में नंद किशोर कश्यप, दीपांशु कश्यप, मोहित कश्यप और बबलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्य का कहना है कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गाजीपुर गांव में दबिश देकर नंद किशोर कश्यप (40) और मोहित कश्यप (35) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। जांच में सामने आया है कि घटना का कारण 300 रुपए के उधार को लेकर हुआ विवाद था।

**यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में उत्तर प्रदेश का एक और एतिहासिक स्थल**

# बौद्ध धर्म से जुड़े सारनाथ को मिली जगह : जयवीर सिंह

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▸ सारनाथ भारत का 45वां व उत्तर प्रदेश का बन गया चौथा विश्व धरोहर स्थल

लगभग 28 वर्षों के लंबे इंतज़ार के बाद भगवान बुद्ध की प्रथम धर्मदेशना स्थली सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थान मिल गया है। इसके साथ ही सारनाथ भारत का 45वां और उत्तर प्रदेश का चौथा विश्व धरोहर स्थल बन गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इसे उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में शनिवार को यह ऐतिहासिक घोषणा की गई।

इस उपलब्धि के साथ बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में शामिल सारनाथ को वैश्विक विरासत के सर्वोच्च मंच पर नई पहचान मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के मानचित्र पर नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

सारनाथ को 03 जुलाई 1998 को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट (संभावित सूची) में शामिल किया गया था। लगभग 28 वर्षों बाद मिली यह मान्यता उत्तर प्रदेश के लिए भी विशेष महत्व रखती है। अब तक राज्य के तीनों विश्व धरोहर स्थल- ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी (आगरा क्षेत्र) तक सीमित थे। सारनाथ के शामिल होने से उत्तर प्रदेश की विश्व धरोहर पहचान पूर्वांचल तक विस्तृत हो गई है। यह राज्य की समृद्ध बौद्ध विरासत को वैश्विक मान्यता मिली है।

**चौखंडी और धामेक स्तूप**

यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त इस विश्व धरोहर संपत्ति में चौखंडी स्तूप और सारनाथ के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। ये दोनों स्थल एक-दूसरे से लगभग 626 मीटर की दूरी पर हैं। चौखंडी स्तूप भगवान बुद्ध और उनके पांच प्रथम शिष्यों के मिलन की स्मृति का प्रतीक है, जबकि पुरातात्विक परिसर में धामेक स्तूप, धर्मराजिका स्तूप, प्राचीन विहारों के अवशेष तथा अशोक स्तंभ जैसे महत्वपूर्ण स्मारक शामिल हैं।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 28 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद सारनाथ को मिला यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और गति मिलेगी। साथ ही, प्रदेश का शांति, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समावेशिता का संदेश दुनिया के अधिक व्यापक समुदाय तक पहुंचेगा।

# कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर याद करो कुर्बानी कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा याद करो कुर्बानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की, जबकि संयोजन एवं संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे तथा राइफलमैन सुनील जंग के चित्रों पर प्राचार्या, शिक्षिकाओं, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्राओं द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत कैडेट निधि वाजपेई एवं प्रीति कुमारी ने लखनऊ के वीर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडे तथा राइफलमैन सुनील जंग के साहसपूर्ण एवं प्रेरणादायी जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कैडेट निकिता सिंह, सिद्धि वर्मा, मुस्कान साहू, शुभी सिंह तथा अनन्या यादव ने देशभक्ति गीतों एवं ओजपूर्ण कविताओं के माध्यम से वीर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए छात्राओं को राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनता को बेहतर बिजली देना हमारी प्राथमिकता : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि ऊर्जा विभाग में लापरवाही और ढ़िलाई किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं की अनदेखी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही अनावश्यक देरी पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि खराब ट्रांसफार्मर के कारण उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिजली संकट झेलना पड़े, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने ट्रांसफार्मर बदलने और मरम्मत की व्यवस्था को समयबद्ध एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वर्कशॉप में ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग में बढ़ रही पेंडेंसी पर विस्तृत जानकारी तलब करते हुए इसमें तत्काल सुधार के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों से लोड वृद्धि, बिलिंग संबंधी समस्याओं तथा ट्रांसफार्मर मरम्मत की लंबित स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि को लाइन लॉस से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। जहां आवश्यकता हो, वहां उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए क्षमता वृद्धि तत्काल की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली बिल का नियमित भुगतान करने वाले ईमानदार उपभोक्ताओं को बकायेदारों की वजह से किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में मंत्री शर्मा ने बलिया में विद्युत दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। आगामी सावन मास एवं कांवड़ यात्रा को देखते हुए ऊर्जा मंत्री शर्मा ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि विद्युत विभाग की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करें, विद्युत पोलों पर आवश्यक रैपिंग कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्युत तारों के नीचे किसी भी प्रकार के शिविर या पंडाल न लगाए जाएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव/ निदेशक आशीष गोयल, यूपीपीसीएल के एमडी नीतीश कुमार के साथ सभी डिस्कॉम के एमडी एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारी वर्चुअल उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें : अमित

▸ संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी में संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शनिवार को अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में समीक्षा की गई। बैठक में अभियान की प्रगति, विभागीय गतिविधियों तथा जनपदों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत जनपदों में स्वच्छता, साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, पेयजल की शुद्धता और मच्छरजनित रोगों से बचाव के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें। इसके साथ ही आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता अपनाने, मच्छरों से बचाव करने और रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

अभियान के तहत नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, जलभराव की समस्या का समाधान, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव तथा जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए और जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# व्यापक सुधार का असली मुद्दा कहीं लुप्त न हो जाये : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट-यूजी सहित विभिन्न परीक्षाओं के पेपरलीक छात्रों के आंदोलन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच राजनीति का बाज़ार काफी गर्म है, जिससे शिक्षा व्यवस्था में जरूरी व्यापक सुधार का असली मुद्दा कहीं लुप्त ना हो जाये।

मायावती ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश में नीट-यूजी समेत अन्य परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के बाद छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है। परीक्षार्थियों के आत्महत्या जैसी घटनाओं ने चिंता बढ़ाई है। वहीं, सीजेपी का धरना प्रदर्शन लोगों की सहानुभूति हासिल कर रहा है। इसी बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष और सरकार में हो रही घमासन को लेकर राजनीति का बाजार गर्म हो गया है।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को भुनाने के लिए विशेषकर विरोधी पार्टियों में सड़क से लेकर संसद तक में ज़बरदस्त होड़ लगी हुई है, उससे भी सरकार व विपक्ष के बीच तनाव व टकराव की परिस्थिति हिंसक होकर किसी न किसी रूप में राज्यों में भी फैल रही है। इसको लेकर उन्होंने अपनी पार्टी के लोगों को सचेत व सजग रहने की अपील की है। बसपा प्रमुख ने कहा कि इस मुद्दे का पूरी तरह से राजनीतिकरण हो जाने के साथ जन्तर-मन्तर में आन्दोलनकारियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाईयों ने स्थिति को और अधिक गर्म व गंभीर बना दिया है। इस भारी तनाव व टकरावपूर्ण स्थिति के कारण संसद का वर्तमान मानसून सत्र अभी तक एक दिन भी सही व सुचारू रूप से नहीं चल पाया है, जिससे देश व जनहित के और भी अनेकों महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही एक प्रकार से रुक सी गयी है।

### जनता व युवाओं के दबाव में झुकी सरकार : सुनील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि आखिरकार देश की जनता और करोड़ों युवाओं के भारी दबाव के आगे केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि उन युवाओं के संघर्ष की जीत है, जिन्होंने अपने भविष्य को बचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठाई।

सुनील सिंह ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि देश का युवा ही देश का भविष्य है। जब शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हों, परीक्षाओं की विश्वसनीयता प्रभावित हो और छात्रों का विश्वास डगमगाने लगे, तब केवल मंत्री बदल देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार को पूरे शिक्षा तंत्र की जवाबदेही तय करनी होगी।

**रणनीति** | **हिन्दू एकजुटता की सबसे बड़ी बिसात बिछा रही भाजपा**

# रविदास का समरसता मंत्र बनेगा 2027 का महामंत्र

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सबसे बड़े सामाजिक-राजनीतिक अभियान की रूपरेखा तैयार कर ली है। पार्टी अब गुरु रविदास के समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को केंद्र में रखकर अनुसूचित जाति की 66 उपजातियों तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही है। संगठन की कोशिश इस अभियान के जरिए दलित समाज के विभिन्न वर्गों को सामाजिक समरसता, सामाजिक एकजुटता और व्यापक हिंदू समाज के साझा विमर्श से जोड़ने की है। राजनीतिक हलकों में इसे 2027 के चुनाव से पहले भाजपा की सबसे बड़ी सामाजिक इंजीनियरिंग के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी का मानना है कि 4.13 करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति मतदाताओं के बीच स्थायी सामाजिक संवाद ही 2027 की चुनावी रणनीति की मजबूत नींव बन सकता है।

▸ रविदास अभियान के जरिए 4.13 करोड़ मतदाताओं तक पहुंच की रणनीति, 66 उपजातियों पर रहेगा विशेष फोकस



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि अभियान गुरु रविदास जयंती से शुरू होकर उनके 650वें प्रकाश पर्व तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल और बूथ स्तर तक सम्मेलन, संगोष्ठियां, सामाजिक संवाद, मंदिर संपर्क, घर-घर संपर्क और प्रबुद्ध वर्ग की बैठकें आयोजित होंगी। हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि संत रविदास के समरसता संदेश को सामाजिक अभियान का रूप देना है।

उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति की आबादी 4.13 करोड़ से अधिक है। इनमें चमार-जाटव, पासी, कोरी, धोबी, वाल्मीकि, खटीक, धनुक, मुसहर, दुसाध समेत 66 उपजातियां शामिल हैं। दशकों तक इन वर्गों का बड़ा हिस्सा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राजनीति की रीढ़ माना जाता रहा है। अब भाजपा की रणनीति इन सभी उपजातियों तक अलग-अलग सामाजिक संपर्क स्थापित कर अपना आधार और मजबूत करने का है। संगठन ने प्रत्येक जिले में रविदास मंदिरों, दलित छात्रावासों, कोचिंग संस्थानों, समाज के शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, उद्यमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रभावशाली परिवारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इन लोगों के माध्यम से गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित समाज हमेशा सत्ता परिवर्तन का निर्णायक कारक रहा है। कांशीराम और मायावती ने बहुजन आंदोलन के जरिए इसी सामाजिक आधार को राजनीतिक ताकत में बदला था। बाद के वर्षों में भाजपा ने गैर-जाटव दलित वर्गों के बीच अपनी पैठ बढ़ाई। अब पार्टी एक कदम आगे बढ़कर सभी 66 अनुसूचित जातियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**समरसता से सामाजिक विस्तार का फार्मूला**

भाजपा इस अभियान को केवल दलित समाज तक सीमित नहीं रखना चाहती। रणनीति यह है कि अनुसूचित जाति के विभिन्न वर्गों को सामाजिक समरसता के माध्यम से व्यापक हिंदू समाज के साथ जोड़ते हुए साझा सामाजिक पहचान का संदेश दिया जाए। अभियान में मंदिरों, सामाजिक संगठनों, छात्र-युवा समूहों और महिला समूहों के जरिए लगातार संवाद स्थापित किया जाएगा। पार्टी का मानना है कि सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों, सामाजिक नेतृत्व और स्थानीय प्रभावशाली लोगों को एक मंच पर लाकर स्थायी सामाजिक नेटवर्क तैयार किया जा सकता है। इसी कारण यह अभियान संगठन विस्तार और बूथ प्रबंधन से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

# धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर लखनऊ में जश्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर लखनऊ के इको गार्डन में जश्न मनाया जा रहा है। यहां ये हजारों युवा प्रदर्शन करने के लिए नगीना सांसद चंद्रशेखर की अगुआई में इकट्ठा हुए थे। सीजेपी की तरह धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। पोस्टरों में तरह-तरह की नारेबाजी लिखकर पहुंचे थे। जैसे ही शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की खबर मिली, सब जश्न मनाने लगे। कई युवाओं ने इको गार्डन में मेलोडी टॉफी बांटी। प्रदर्शन में जो पोस्टर-बैनर शिक्षा मंत्री के खिलाफ लेकर पहुंचे थे, उन्हें फाड़ डाले। एक प्रदर्शनकारी युवती ने कहा इतना होली-दिवाली पर खुश नहीं होती हूं, जितना आज इस इस्तीफे से हुई हूं। घर जाकर दावत होगी। इससे पहले ये लोग दोपहर 1 बजे से प्रदर्शन स्थल पर प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा होने लगे थे। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाया। नारे लगाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की खुशी मनाई। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा सीएए-एलआरसी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हमको रातभर पीटा था। हमारे नाखून खींच लिए थे। दांत तोड़ दिया था। रीढ़ में गैप आ गया था। हम पुलिस की बर्बरता को जानते हैं। इसीलिए इस बार छात्रों के लिए धरने पर बैठे थे। हमें उनकी चिंता थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा सभी छात्रों को बहुत-बहुत बधाई। आप सबकी मेहनत और बुलंद आवाज की वजह से आज एजुकेशन मिनिस्टर धर्मेन्द्र प्रधान ने अपना इस्तीफा दे दिया।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर। गांव बरिउना निवासी शोभाराम पुत्र रामभरोसे ने गांव के ही मोहन, जतीले, अखिलेश व मुखिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को करीब 3 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर आए ओर वे लोग हाथों में डंडे आये शव ही गन्दी गन्दी गालियां देने लगे जब उनका विरोध किया तो उन लोगों ने एक राय होकर लात घूंसों, लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मारपीट में सिर के चोट व बाएं पैर में गुम चोटे आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव नहिरोला बुजुर्ग निवासी अंशिका वर्मा पुत्री प्रद्युम्न वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी शादी लगभग 3 वर्ष पूर्व जनपद लखीमपुर खीरी के थाना गोला के मोहल्ला काशीनगर कॉलोनी गोला देहात बाईपास रोड निवासी रचित वर्मा के साथ हुई थी। जिसने उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में लखनऊ में एक प्लांट लेकर बनवाने के लिए कह रहे थे। लेकिन मायके के घर वालों ने अतिरिक्त दहेज ना देने की असमर्थता जताई। जिस बात से नाराज ससुराल वाले उसका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। जिसकी कई बार पंचायत की गई। लेकिन बात नहीं बनी। 29 जनवरी को पति रचित वर्मा, ससुर रामपाल बर्मा, सास सरोजनी निवासी मोहल्ला काशीनगर कॉलोनी गोला देहात, नंद रुचि वर्मा पत्नी अनूप वर्मा, अनूप पुत्र बाल गोविंद वर्मा निवासी मोहल्ला हाफिज अलीगंज रोड गोला खीरी, नंद रूबी वर्मा पत्नी गोविंद वर्मा, निवासी भारत भूषण कॉलोनी गोला खीरी ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। तथा जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लापता हुए छह वर्षीय मासूम का मिला शव

पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम, गांव में मातम

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव दिवाली से तीन दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए छह वर्षीय मासूम छोटू कनौजिया का शव शनिवार को गांव के ही एक तालाब से बरामद होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में मातम का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव दिवाली निवासी रामू का छह वर्षीय पुत्र छोटू कनौजिया 23 जुलाई की दोपहर करीब 12रु30 बजे घर से खेलने के लिए निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले गांव, रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सिंधौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस और ग्रामीण लगातार बच्चे की तलाश में जुटे रहे। शनिवार को गांव के ही तालाब में एक बच्चे का शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान लापता मासूम छोटू कनौजिया के रूप में हुई। पहचान होते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। मासूम की असमय मौत से पूरे गांव में गहरा शोक व्याप्त है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता मुकेश दिक्षित ने गांव पहुंचकर दुःख की घड़ी में परिवार को ढाढ़स बंधाया और ग्रामीणों के साथ घटना पर दुख जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और सच्चाई सामने लाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विश्वविद्यालय में मेंटरिंग व मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ का गठन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण तथा सकारात्मक एवं सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय में मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया है। गठित प्रकोष्ठ का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक, मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियों से उबरने में मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उन्हें सकारात्मक, आत्मविश्वासी एवं लक्ष्य-केंद्रित बनाने में सहयोग देना है। प्रकोष्ठ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो. कमलेश गौतम को समन्वयक तथा हिंदी विभाग के श्री सुजीत कुमार वर्मा को सह-समन्वयक नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त एनसीसी अधिकारी डॉ आलोक कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरुण कुमार यादव, डॉ संदीप वर्मा, श्री अमित कुमार, डॉ बरखा सक्सेना, डॉ अजय वर्मा, श्री राम औतार सिंह, डॉ बलवीर, डॉ अशोक कुमार, डॉ प्रतिभा शर्मा को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त डॉ वाई के मलिक को विशेष आमंत्रित चिकित्सक के रूप में सदस्य बनाया गया है, ताकि विद्यार्थियों को आवश्यकतानुसार ससमय मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के कुशल एवं प्रभावशाली नेतृत्व में विश्वविद्यालय लगातार उन्नत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रगति की ओर अग्रसर है। कुलपति प्रो सिंह के अनुसार वर्तमान समय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, कैरियर मार्गदर्शन तथा व्यक्तित्व विकास के लिए संस्थागत स्तर पर प्रभावी परामर्श व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। नवगठित प्रकोष्ठ समय-समय पर व्यक्तिगत परामर्श, जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाओं एवं प्रेरक सत्रों का आयोजन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह जाएगें

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। पूर्वदशम कक्षा 09-10 एवं दशमोत्तर कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत विद्यालय द्वारा 5 अगस्त तक मास्टर डाटा लॉक किया जाना है तथा नवीनीकरण छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक किया जाना है। यदि किसी भी संस्था द्वारा मास्टर डाटा 5 अगस्त तक पूर्ण नहीं किया जाता है, तो सम्बन्धित शिक्षण के छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगें। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शिक्षण संस्था का होगा। जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने दी।

# रोजा पावर ने दिखाई छात्रों को सफलता की राह



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। रोजा पावर के द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सम्बंधी विभिन्न गतिविधियों का संचालन प्रारंभ से ही किया जा रहा है। शिक्षा, जो विकास का प्रथम सोपान है, इसके लिए परियोजना प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार के विभिन्न प्रयासों के अतिरिक्त रोजा पावर के द्वारा गार्गी वेल्फेयर सोसाइटी के सहयोग से ग्राम चैढेरा में निःशुल्क कोचिंग संस्थान का संचालन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। यहाँ परियोजना प्रभावित विभिन्न गाँव के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं।

ग्राम प्रधान के सहयोग से पंचायत भवन चैढेरा में संचालित इस संस्थान में वर्तमान में 230 विद्यार्थी पंजीकृत हैं जिनको अंग्रेजी, विज्ञान व गणित जैसे विषयों की शिक्षा दी जाती है। साथ ही नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा आदि की तैयारी भी कराई जाती है। प्रति वर्ष संस्थान से छात्र छात्राएँ यूपी बोर्ड की दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा देते हैं और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होते हैं। इस वर्ष कुल 38 विद्यार्थी दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए। 10वीं की परीक्षा में संस्थान से 24 छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की जिसमें 20 ने 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए।विशेष 4 ने भी 50 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंकों के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की। कक्षा बारहवीं में संस्थान के बच्चों में 14 ने प्रथम श्रेणी एवं 6 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इसके अलावा 1 छात्र ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं 2 छात्रों ने पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त किया।विषम परिस्थितियों एवं सीमित संसाधनों के बावजूद ऐसी सफलता प्राप्त करने वाले इन सभी छात्र छात्राओं को रोजा पावर के द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरित करते हुए रोजा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश ने छात्रों को भविष्य में सफलता की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रोजा पावर के राजीव कुमार सिंह, प्रधानपति चैढेरा सुनील कुमार वर्मा, अंकित कुमार मिश्रा, कोचिंग संस्थान के संचालक गौरव कुमार मिश्रा तथा सहयोगी शिक्षक घनश्याम भारद्वाज, कुलदीप शुक्ला, देवेंद्र सिंह, प्रशांत द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## राजनीति विज्ञान में ज्योत्सना व अर्थशास्त्र में संध्या रहीं अव्वल




दामिनी शुक्ला


प्रांजल रस्तोगी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025 - 26 का एम.ए. अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। दोनों ही विषयों में स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। अर्थशास्त्र में संध्या गुप्ता ने 7.31 सीजीपीए प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। सानिया आरिफ ने 7.20 सीजीपीए के साथ द्वितीय स्थान तथा प्राजंलि गुप्ता ने 7.14 सीजीपीए प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजनीति विज्ञान में 7.62 सीजीपीए के साथ ज्योत्स्ना पांडेय प्रथम, 7.41 सीजीपीए के साथ दामिनी शुक्ला द्वितीय एवं 7.39 सीजीपीए के साथ प्रांजल रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहे।विद्यार्थियों की इस सफलता प्रो. आर के आजाद, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मधुकर श्याम शुक्ला, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो आदित्य सिंह, डॉ राम शंकर पांडेय, डॉ पूजा बाजपेई, सीतू शुक्ला, व्याख्या सक्सेना, दीपक दीक्षित, चंदन कुमार एवं मोनू कुमार ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्तमान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों की मेहनत एवं लगन का परिणाम है।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। बाल वैज्ञानिकों के बेहतर प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) की 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन लीड कान्वेंट स्कूल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अर्चना ने इसरो से वर्कशॉप करने वाली मेजबान विद्यालय की छात्रा जन्नत को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने के पश्चात कहा कि बच्चे बेकार की आवश्यकताओं से दूर रहें, संतुलित भोजन में पिज्जा-बर्गर सम्मिलित नहीं होता। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय सामाजिक समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान खोजना, उनकी रचनात्मकता और नवाचार को एक मंच प्रदान करना है। यह बड़े गर्व का विषय है विगत कई वर्षों से जनपद शाहजहांपुर के बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम फहरा रहे हैं। एनसीएससी के समन्वयक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इरफान ह्यूमन ने कहा कि इस कार्यक्रम में जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग में विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। ऐसे विद्यार्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे, जो विद्यालय छोड़ चुके हों। इस बार राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय ''सतत विकास के लिए विज्ञान और नवाचार'' है, जिसके पांच उप विषय हैं, जिन पर आगामी दिनों जनपद के बाल वैज्ञानिक प्रोजेक्ट निर्माण करके उनका प्रदर्शन करेंगे।

एनसीएससी की नोडल समन्वयक तराना जमाल ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करें। छात्र अपना पंजीकरण पोर्टल एनसीएससी पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

## सीएचसी में रामभरोसे चल रही इमरजेंसी सेवा, मरीजों को हो रही परेशानी



समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में इमरजेंसी सेवाएं बदहाल नजर आ रही हैं। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि इमरजेंसी में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिले। जिससे गंभीर मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। एमरजेंसी में खाली पड़ी कुर्सियां लेकिन डॉक्टर मौजूद नही मिले। शनिवार को दोपहर लगभग 1 बजे एमरजेंसी में कोई भी डॉक्टर नही था। जिस कारण गम्भीर मरीजों का काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता था। डॉक्टर फार्मासिस्ट के ड्रेसिंग करने आये छात्रों के भरोसे छोड़ जाते है। बताया जाता है कि कई बार रात के समय मरीजों को प्राथमिक उपचार तक समय से नहीं मिल पाता। मजबूरी में परिजनों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं की कमी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी में इमरजेंसी सेवा केवल नाम मात्र की रह गई है। उनका आरोप है कि व्यवस्था में सुधार नहीं होने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। लेकिन कोई भी उच्चाधिकारी इन पर कार्यवाही क्यों नही करते है। 20 दिन पूर्व एक डॉक्टर मेडिकल स्वामी से पर्चे पर दवाइयाँ लिखवाकर ओर मेडिकल से दवाइयां मंगवाने का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे पुवायां एसडीएम सदानन्द सरोज ने निरीक्षण किया था जिसमे उन्हें तमाम खामियां मिली थी। जिसके बाद उन्होंने व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा लेकिन उसके बावजूद भी अभी तक कोई सुधार नही हुआ है ओर डॉक्टर अपनी मनमानी करते नजर आ रहे है।

## वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि सपा कार्यालय पर मनाई गई



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार वीरांगना फूलन देवी, पूर्व सांसद की पुण्यतिथि जनपद बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गयी। पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और वीरांगना फूलन देवी के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त 1963 उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव गोरहा का पूर्वा में एक मल्लाह परिवार में हुआ था वीरांगना फूलन देवी ने अपने जीवन में अन्याय के खिलाफ बहुत संघर्ष किया था उन्होंने कहा कि वीरांगना फूलन देवी की 25 जुलाई 2001 को दिल्ली में ही उनके ही आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा वीरांगना फूलन देवी का समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. मुलायम सिंह यादव जी ने उत्तर प्रदेश की मिर्जापुर सीट से 1996 में समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार बनाया था जो ऐतिहासिक वोटो से जीतकर संसद में पहुंची थी। इस मौके पर पूर्व मंत्री रोशन लाल वर्मा ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी को 1994 में मुलायम सिंह यादव की सरकार ने जेल से रिहा कर दिया था पिछड़े व दलित समुदाय के लोग बड़े परवाने पर लाम बंद हो रहे थे। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव,सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता अरविंद पाल,सपा नेता डॉक्टर दोदराम वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,सपा नेत्री सूचि कश्यप, सपा के युवा नेता आकाश वर्मा, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कटेरिया, सपा महिला सभा की जिला महासचिव मंजू यादव, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार आदि मौजूद रहे।

## पत्रकारों के प्रदर्शन के बाद एसओजी प्रभारी की छिनी कुर्सी

### विवादित एसओजी प्रभारी दूसरी बार हुए लाइन हाजिर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। खुटार के हरनाई कांड के साथ ही समाधान दिवस में मैच देखते वीडियो वायरल होने के बाद विवादित रहे एसएचओ श्यामवीर सिंह को एसओजी को प्रभारी बनाया गया, लेकिन यहां भी यह अपनी हरकत से बाझ नहीं आए ओर पहले ही दिन दो पत्रकारों को बिना बजह परेशान किया, जिससे जनपद के पत्रकारों में आक्रोश फैल गया और सड़कों पर उतर आए। एसपी के द्वारा अपनी गलती मानने के बाद एसओजी प्रभारी श्यामवीर सिंह को 24 घंटे के अंदर लाइन हाजिर कर दिया गया। जबकि इनके स्थान पर साइबर सेल से मोहन देव शर्मा को एसओजी प्रभारी बनाया। बताते कि एसएचओ श्यामवीर सिंह खुटार थाने के प्रभारी थे, जहां पर यह पहली बार समाधान दिवस में मोबाइल पर मैच देखते इनका वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद यह चर्चा में आए। खुटार के गांव हरनाई में ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करने के मामले में चर्चा में आए थे। एसपी ने इन्हें लाइन हाजिर कर दिया था। 22 जुलाई को एसपी सौरभ दीक्षित ने इन्हें एसओजी का प्रभारी बनाया था, लेकिन अपनी विवादित कार्यप्रणाली के कारण इन्होंने दो पत्रकारों को बिना वजह अपने साथ लेकर गए थे। जिससे जनपद के पत्रकारों में पुलिस के खिलाफ रोष पनप गया और पत्रकारों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद एसपी सौरभ दीक्षित ने पुलिस की चूक मानते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया था। 24 घंटे के अंदर ही एसपी ने दोषी एसओजी प्रभारी श्यामवीर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया और उनके स्थान पर मोहनदेव शर्मा को भेजा है।

## सदस्य, राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी का शाहजहांपुर दौरा



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने शनिवार को जनपद शाहजहांपुर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने महिला जनसुनवाई, जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और ब्लॉक बंडा में जागरूकता चैपाल का आयोजन अन्य महिला कल्याण गतिविधियों का मूल्यांकन किया। विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार द्वारा सदस्य की अनुमति से जनसुनवाई प्रारंभ की गई ,आयोग सदस्य ने महिलाओं की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं की समस्याएं, आर्थिक सहायता, सुरक्षा, शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनपद का महिला कल्याण विभाग महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील तरीके से कार्य कर रहा है, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए और प्रशासन को भी उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए: जनसुनवाई के दौरान 6 मामले घरेलू हिंसा के, 2 मामले जमीन विवाद के, 2 गिरफ्तारी 1 मामला बच्चों की सुपुर्दगी की के संबंध में तथा 2 लड़ाई झगड़ा और 1 आटा चक्की हटाए जाने सहित कुल मिलाकर 14 शिकायतें प्राप्त हुई।

## प्राथमिक विद्यालय में राज्यसभा सांसद ने किया वृक्षारोपण




समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। प्राथमिक विद्यालय कठवा ब्लॉक सिंधौली में राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने प्रधानाध्यापक शरद कुमार सिंह व बच्चों के साथ वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया तथा उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी उपलब्ध कराए साथ ही विद्यालय की सफाई एवं शिक्षण की बेहतर व्यवस्थाएं देखते हुए विद्यालय के लिए शुद्ध जल की आपूर्ति हेतु श्री ऊर्जा चालित आर ओ वॉटर सिस्टम देने की घोषणा की। विद्यालय में बच्चों से वर्णमाला गीत सुना तथा नवोदय विद्यालय में चयनित बालिका द्रोणवी गौतम तथा अपने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षा मित्र वंदना मिश्र को सम्मानित किया। विद्यालय परिसर तथा आस पास में लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया जिनमें आम, सहजन, बेल, गुलमोहर, पकड़ प्रमुख है। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने विद्यालय में चल रहे वर्मी व नाडेप कम्पोस्ट के निर्माण, शहद उत्पादन, कपास से बने उत्पादों का अवलोकन किया। प्रधानाध्यापक ने उन्हें विद्यालय में उत्पादित शहद भेंट किया। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी, मृत्युंजय यादव, वरिष्ठ शिक्षक प्रद्युम्न सिंह बच्चों के अभिभावक, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, पूर्व प्रधान राजपाल सिंह, समक अध्यक्ष शिवरान सिंह, अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह, तथा संकुल शिक्षक बालमुकुंद शुक्ल, सज्जन कुमार, अवनीश सिंह, रामनिवास, व्यायाम शिक्षक ब्रजेश सिंह, शिक्षक ब्रजेश मिश्र, पंकज पांडे, दिलीप कुमार, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मिर्जापुर में किन्नरों के दो गुटों में खूनी संघर्ष

**गोली लगने से एक गुट के गुरु और उसका शिष्य गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर**



समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे कलान रोड पर किन्नरों के गाड़ी रोकर दूसरे गुट के किन्नरों ने जान लेवा हमला कर दिया। जिससे गाड़ी सवार किन्नर सोनम और उसका शिष्य राहुल सिर में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल जिला अस्पताल में इलाज के दौरान जिंदगी और मौत के बीच में झूल रहे हैं। घटना की रिपोर्ट घायल सोनम किन्नर की शिष्यपुत्र सनाया किन्नर ने बदायूं जिले के थाना व कस्बा हजरतपुर निवासी चांदनी किन्नर, राघवेंद्र, आसिफ, सुमित व अमित के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धाराओं में दर्ज करवाई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार का कहना है कि घटना की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। घायल सोनम किन्नर की शिष्य सनाया किन्नर निवासी कस्बा व थाना मिर्जापुर ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे वह अपनी गुरु सोनम किन्नर, रवीना किन्नर, राहुल पुत्र(गण) गुरु सोनम किन्नर के साथ गाड़ी से कलान जा रही थी। रास्ते में बदायूं जिले के कस्बा व थाना हजरतपुर निवासी चांदनी किन्नर, राघवेंद्र, आसिफ, सुमित व अमित ने गाड़ी रोककर जान से मारने की नियत से तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी गुरु सोनम किन्नर और गाड़ी चालक राहुल सिर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। पुलिस उन्हें लेकर सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) ले गई। जहां किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत करके कानूनी कार्रवाई पूरी की। सीएचसी में डाक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर स्थिति को गंभीर देखते हुए तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान भी दोनों घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मिर्जापुर की घायल सोनम किन्नर और बदायूं जिले की चांदनी किन्नरों के गुटों में क्षेत्र बंटवारे और नेग को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। कई बार कलान,परौर और मिर्जापुर क्षेत्र में नेग को लेकर मारपीट और फायरिंग की घटनाएं हो चुकीं हैं।

## वीआईपी ग्रुप की बैठक में संगठन विस्तार के साथ जनसेवा के बड़े फैसले

**रक्तदान शिविर, स्मारिका प्रकाशन, वृक्षारोपण एवं जनकल्याण कार्यक्रमों पर बनी सहमति**



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। वीआईपी ग्रुप विथ हेल्पिंग हैंड्स की महत्वपूर्ण बैठक संगठन के संरक्षक डॉ. रवि मोहन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक सरोकारों एवं आगामी जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी एवं जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से रंजना तिवारी को कोषाध्यक्ष, राजेश शुक्ला को संयुक्त महासचिव (पुवायां), अनूप गुप्ता को संयुक्त महासचिव (जलालाबाद), जितेंद्र प्रसाद को संयुक्त महासचिव (तिलहर), विवेक वर्मा एवं कोमल खन्ना को सचिव तथा कौशल शुक्ला एवं रश्मि भारती को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य संजय अग्रवाल ने अगले माह रक्तदान शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी ने व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने का सुझाव दिया, जबकि जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बरसात के मौसम में जरूरतमंद एवं प्रभावित लोगों की सहायता के लिए विशेष सेवा अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही सावन माह में महासचिव सतीश सक्सेना के प्रतिष्ठान पर भंडारे के आयोजन का भी निर्णय लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल



**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** नेशनल हाईवे पर शनिवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार घायल रेशमा देवी, पत्नी मनसुख लाल तथा अमन पाल, पुत्र रामेश्वर दयाल, निवासी ग्राम सुराही, थाना खुदागंज हैं। बताया गया कि दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अमन पाल के पैर में गंभीर चोट आई, जिससे पैर टूट गया। वहीं रेशमा देवी को भी चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही मामले की जांच कर वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वाहन की पहचान होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम, चार बेटियां हुईं अनाथ

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के घसा कल्यानपुर के पास शुक्रवार को तेल टैंकर और ई-रिक्शा की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल महिला की शनिवार को मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला के निधन के साथ ही चार बेटियों के सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया। घटना से गांव में मातम पसरा है। घसा कल्यानपुर निवासी शिमला देवी शुक्रवार दोपहर गांव के ई-रिक्शा चालक बृजेश के वाहन से अन्य महिलाओं और बच्चों के साथ गढ़िया रंगीन बाजार जा रही थीं। दोपहर करीब तीन बजे घसा कल्यानपुर के पास सामने से आ रहे तेल टैंकर से ई-रिक्शा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर थाना गढ़िया रंगीन पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। गंभीर रूप से घायल शिमला देवी समेत दो लोगों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। शनिवार को उपचार के दौरान शिमला देवी ने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार शिमला देवी के पति शैलेंद्र सिंह उर्फ पप्पू का भी इसी वर्ष निधन हो चुका है। अब परिवार की चारों बेटियां पूरी तरह अनाथ हो गई हैं। सबसे छोटी बेटी दामिनी विवाह योग्य है। एक ही वर्ष में माता-पिता दोनों को खोने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में हर आंख नम है और लोग बेटियों के भविष्य को लेकर चिंता जता रहे हैं। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य घायलों का उपचार जारी है। दो घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

### जंतर-मंतर और शाहजहांपुर की घटना के विरोध में कांग्रेस का कैंडिल मार्च

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ कथित बर्बरता और शाहजहांपुर में सम्मानित पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा आधी रात में किए गए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन से शहीद स्मारक तक कैंडिल मार्च निकाला। इसके बाद शहीद स्मारक पर महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष सत्याग्रह कर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पत्रकारों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र एकता और मजबूत विपक्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों, युवाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।

### मरम्मत के कुछ दिन बाद फिर धंसी कन्नौजिया-ईदगाह मार्ग की सड़क, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**शाहजहांपुर।** शहर के कन्नौजिया-ईदगाह मार्ग पर सड़क एक बार फिर धंस गई है। कुछ दिन पहले बने गड्ढे की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में उसी मार्ग पर दोबारा गड्ढा उभर आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग हादसों का कारण बन सकता है। नागरिकों का आरोप है कि गड्ढों की केवल खानापूर्ति के तौर पर मरम्मत की जाती है, जिससे थोड़े ही समय बाद सड़क फिर धंस जाती है। राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की स्थायी और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई तो बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभाग से पूरे मार्ग की तकनीकी जांच कराकर स्थायी समाधान कराने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। शहरवासियों का कहना है कि विकास के दावों के बीच प्रमुख मार्गों की बदहाल स्थिति आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संबंधित विभाग इस समस्या का स्थायी समाधान कब तक सुनिश्चित करता है।

### फूलन देवी की पुण्यतिथि पर सपा ने दी श्रद्धांजलि संघर्षपूर्ण जीवन को किया याद

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शनिवार को बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के तहत आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने की। गोष्ठी में वक्ताओं ने फूलन देवी के जीवन, संघर्ष और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त 1963 को उत्तर प्रदेश के गोरहा का पूर्वा गांव में एक मल्लाह परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया और समाज के वंचित वर्गों की आवाज बुलंद की। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 2001 को दिल्ली स्थित उनके आवास पर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1996 में फूलन देवी को मिर्जापुर लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाया था, जहां से वह भारी मतों से जीतकर संसद पहुंचीं। पूर्व मंत्री रोशन लाल वर्मा ने कहा कि वर्ष 1994 में मुलायम सिंह यादव सरकार ने फूलन देवी को जेल से रिहा किया था। उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष से पिछड़े और दलित समाज के लोगों को संगठित होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सैयद रिजवान अहमद, नीरज मिश्रा, अतिउल्ला सिद्दीकी, चौधरी रामकुमार भोजवाल, संजीव वर्मा, महेंद्र पाल सिंह यादव सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### उड़ान एक उमीद वेलफेयर फाउंडेशन ने बढ़ाया मानवीय कदम, टीबी मरीजों को वितरित कीं पोषण पोटलियां

**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उमीद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जिला अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए मानवीय सेवा का सराहनीय कार्य करते हुए 30 पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा वर्तमान में 30 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार के दौरान नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण पोटलियां प्रदान की जा रही हैं।संस्था की ओर से बताया गया कि टीबी मरीजों को उपचार हेतु दवाएं सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं,जबकि मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए पौष्टिक भोजन भी अत्यंत आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से संस्था उन्हें पोषण पोटलियां उपलब्ध कराती है। छह माह का उपचार पूरा होने के बाद संस्था पुनः 30 नए टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें भी पोषण पोटलियां वितरित करती है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता जी ने बताया कि उनकी संस्था समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारी कोशिश है कि कोई भी टीबी मरीज भूखा या कमजोर महसूस न करे।

# डभौरा के कोटा चयन में धांधली को लेकर एक पक्ष ने काटा हंगामा

- सामुदायिक विवाद की आशंका के चलते चुनावी स्थल रहा छावनी में तब्दील
- 50 मत सूची से काटे जाने का आरोप लगाते हुए सृष्टि शर्मा पक्ष ने किया तहसील में जोरदार प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**





नगर से सटे गांव डभौरा में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में एडीओ पंचायत की देखरेख में कराए गए कोटा चुनाव के लिए हुई खुली बैठक में एक पक्ष ने चुनाव अधिकारी पर उसके पक्ष के लोगों की संख्या काटकर विपक्ष को जिताने का गम्भीर आरोप लगाते हुए तहसील प्रांगण में जोरदार प्रदर्शन किया । और एसडीएम से चुनाव निरस्त कर दुबारा कराए जाने की पुरजोर मांग की है। गौर तलब है कि करीब आठ माह पूर्व गांव डभौरा की कोटेदार नजमा बेगम पत्नी मो शफी के स्टॉक में गड़बड़ी पाए जाने पर खाद्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किये जाने के साथ ही कोटा निरस्त कर दिया गया था । उक्त कोटा करीब पांच माह तक गांव गुलचंपा तथा करीब तीन माह गांव सरेली के कोटेदार से संबद्ध रहा। इसी क्रम में शनिवार को एडीओ पंचायत सुनील कुमार त्रिवेदी की देखरेख में सचिव संतोष बाबू व सचिव राकेश कुमार वर्मा के सानिध्य में गांव के मंदिर प्रांगण में खुली बैठक कर कोटा चयन के लिए राशन कार्ड धारकों से हाथ उठवाकर चुनावी प्रक्रिया शुरू की गई। डभौरा के रमा स्वयं सहायता समूह की सृष्टि शर्मा पत्नी मुकुल शर्मा व ब्लूमिंग स्वयं सहायता समूह की फूल निशा पत्नी अरशद के बीच कोटा चयन सुबह दस बजे शुरू हुआ। यूं तो सुबह से ही यहां एसआई गौरव कुमार व एसआई मारूफ के साथ भारी पुलिस बल लगाया गया था। अपरान्ह दो बजे सामुदायिक विवाद की आशंका की सूचना मिलते ही प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव भी एसआई रमेश कुमार वर्मा , एसआई नेहा सैनी समेत तमाम फोर्स के साथ मौके पर जा डटे । इस दौरान कार्ड धारकों को हाथ उठबाकर बाहर निकाला जा रहा था। इसी दौरान सचिव राकेश कुमार वर्मा के हाथ में कार्ड धारक मतदाताओं की सूची में 50 मतों की संख्या काटे जाने पर सृष्टि शर्मा पक्ष ने आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर सूची की फोटो खींचने की जिद की । इस दौरान राकेश शर्मा सूची लेकर नौ दो ग्यारह हो गए । बाद में एडीओ पंचायत व सचिव संतोष बाबू खिसक लिए। इस दौरान 50 मत काटी गई सूची में सृष्टि शर्मा के पक्ष में 469 मत दृश्य गए। जबकि फूल निशा ने उन्हें 491 मत मिलने की पुष्टि की। हालांकि चुनाव अधिकारियों के फोन स्विच ऑफ होने के चलते उनसे अधिकृत मतों की पुष्टि नहीं हो सकी। सृष्टि शर्मा पक्ष की ओर से एसडीएम नीलिमा यादव से फोन पर शिकायत दर्ज कराई गई। इस दौरान चुनाव कराने आए अधिकारियों के फोन स्विच ऑफ हो जाने पर सैकड़ों लोग ब्लॉक मुख्यालय पर जा धमके। यहां किसी के न मिलने पर भीड़ तहसील पहुंची । यहां जोरदार प्रदर्शन किया। और एसडीएम की गैर मौजूदगी में शिकायती पत्र उनके स्टेनो बाबू सौरभ त्रिपाठी को सौंपते हुए आज की चुनावी ध् प्रक्रिया निरस्त कर दुबारा कराए जाने की मांग की। उधर एसडीएम नीलिमा यादव ने बताया कि वह वेरिफिकेशन कराएंगी । किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी।

## रामलीला मैदान विवादः तीसरे दिन भी जारी रहा धरना, प्रशासन-विधायक की वार्ता बेनतीजा

कानून-व्यवस्था संभालने में थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य रहे सक्रिय

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**



कस्बा खुदागंज के ऐतिहासिक रामलीला मैदान की बाउंड्री वॉल तोड़े जाने के विरोध में चल रहा धरना-प्रदर्शन शनिवार को तीसरे दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक धरनास्थल पर एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की जाती तथा उनकी मांगों पर संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना समाप्त कराने और विवाद का समाधान निकालने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नीलिमा यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार तथा कटरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' धरनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और आंदोलनकारियों से विस्तार से वार्ता कर उनकी मांगों और आपत्तियों को गंभीरता से सुना। प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, लेकिन प्रदर्शनकारी तत्काल स्पष्ट निर्णय की मांग पर अड़े रहे। कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी और वार्ता बेनतीजा रही। धरना-प्रदर्शन के दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य पूरे समय पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी सतर्कता के साथ संभाला तथा धरनास्थल और आसपास के क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखी। थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील करते हुए संवाद के माध्यम से माहौल सौहार्दपूर्ण बनाए रखने का प्रयास किया। उनकी सक्रिय निगरानी और पुलिस की सतर्क व्यवस्था के चलते पूरे दिन कहीं भी कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई तथा धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होता रहा। धरनास्थल पर ठाकुर मुन्ना सिंह नवादा, सत्यभान बीएम, पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, कृपा शंकर रस्तोगी, राजीव कश्यप सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ऐतिहासिक रामलीला मैदान की गरिमा और जनभावनाओं से जुड़े इस प्रकरण में पारदर्शी जांच एवं न्यायपूर्ण कार्रवाई होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं प्रशासन ने दोहराया कि जांच निष्पक्ष एवं नियमानुसार कराई जा रही है तथा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर युवक घायल, आरपीएफ पुलिस ने भेजा सीएचसी



**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** शुक्रवार शाम एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरपीएफ उपनिरीक्षक (एसआई) नरवीर सिंह ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटरा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के ग्राम तरा खास निवासी 20 वर्षीय अभी सिंह उर्फ चंचल के रूप में हुई है। वह पंजाब से अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा अपने घर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार अभी सिंह को बरेली स्टेशन पर उतरना था, लेकिन किसी कारणवश वह वहां नहीं उतर पाए। जब ट्रेन कटरा स्टेशन पर धीमी हुई, तो उन्होंने उतरने का प्रयास किया। इसी दौरान पैर फिसलने से वह ट्रेन से नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसआई नरवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल अभी सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा पहुंचाया और उनके परिजनों को सूचित किया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अभी सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कुछ समय बाद सीएचसी कटरा पहुंचे घायल के परिजनों ने उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है।

## व्यापारियों के साथ एसडीएम की बैठक, अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

- नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने पर जोर, जल निकासी की समस्या के समाधान का दिया भरोसा

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**



नगर पंचायत कांट को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमणमुक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को नगर पंचायत सभागार में एसडीएम सदर प्रभात राय ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर की साफ-सफाई, नालों पर हो रहे अतिक्रमण, जल निकासी की समस्या तथा नवनिर्मित मार्केट को व्यवस्थित विकसित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रभात राय ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नालों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा नालों पर अतिक्रमण किया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव से बचने के लिए नालों का खुला और साफ रहना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी व्यापारियों को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। बैठक में नवनिर्मित मार्केट को आकर्षक और एकरूप स्वरूप देने पर भी चर्चा हुई। सुझाव दिया गया कि बाजार की सभी दुकानों को एक ही रंग से रंगा जाए, जिससे पूरे बाजार की सुंदरता बढ़े और व्यवस्थित स्वरूप दिखाई दे। इस प्रस्ताव पर व्यापारियों ने भी सहमति जताई। इस दौरान व्यापारियों ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए नालों की ऊंचाई और जल निकासी की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि कई स्थानों पर नाले ऊंचे होने के कारण बरसात का पानी सही ढंग से नहीं निकल पाता, जिससे दुकानों के सामने जलभराव हो जाता है और व्यापार प्रभावित होता है। व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम प्रभात राय ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमणमुक्त बनाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। इसके लिए व्यापारियों और आम लोगों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि नालों पर अतिक्रमण होने से जल निकासी बाधित होती है और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या पैदा होती है।
सभी व्यापारी अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखें और नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और नगर पंचायत मिलकर नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।
बैठक में नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने नगर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमणमुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

## मजदूरी करने गए युवक का हरियाणा के रेलवे ट्रैक पर मिला शव

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका
- स्थानीय युवक व उस साथियों के खिलाफ दी तहरीर



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** मजदूरी करने गए युवक का हरियाणा के गुरूग्राम में रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की खबर आने से घर में कोहराम मच गया । पोस्टमार्टम के बाद शव को तिलहर के गांव लाया गया । वहीं मृतक के भाई ने गांव के ही एक युवक व उसके साथियों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है । हालांकि तिलहर पुलिस ने दूसरे प्रदेश में घटना बताई है कोतवाली क्षेत्र के गांव तालबीपुर दयोरिया निवासी प्रतिपाल ने तिलहर कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि बीती 19 जुलाई को गांव का ही प्रदीप पुत्र श्रीराम उसके भाई विश्राम को गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में मजदूरी दिलाने के लिए अपने साथ ले गया था। अगले दिन 20 जुलाई को प्रदीप ने फोन कर बताया कि विश्राम की तबीयत खराब है और उसे उल्टियां हो रही हैं । रात करीब 12 बजे जब प्रतिपाल ने अपने भाई से बात कराने को कहा तो विश्राम ने फोन पर बताया कि प्रदीप और उसके साथ मौजूद कुछ अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की है। उसने अपनी जान को खतरा बताते हुए यह भी कहा कि आरोपियों ने उसे जबरन कुछ खिला दिया है। इसके बाद फोन कट गया। बकौल प्रतिपाल उसने प्रदीप से दोबारा अपने भाई से बात कराने को कहा । लेकिन वह टालमटोल करता रहा । और विश्राम के बाहर जाने की बात कहता रहा । 24 जुलाई को जब प्रतिपाल गुरुग्राम पहुंचा तो उसे अपने भाई का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिलने की जानकारी हुई । आरोप है कि विश्राम का मोबाइल फोन प्रदीप के पास मिला।

### चेयरमेन को विश्व हिंदू रक्षा परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद इसहाक को विश्व हिंदू रक्षा परिषद अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बंडा में कई जगह स्वागत किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने संगठन का विस्तार करते हुए मोहम्मद इसहाक को अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाकर अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। उपाध्यक्ष बनाए जाने पर नगर पंचायत कार्यालय के अलावा खुटार रोड पुवाया रोड पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर धर्मवीर, जसवीर सिंह, बबलू अंसारी, जगदीश सिंह, मोहम्मद अशफाक, अनीश खां, मोहम्मद हाशिम अंसारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग बेटी संग चाचा पर दुष्कर्म का आरोप

- पीड़ित मां ने देवर के खिलाफ दी थाना दिवस में तहरीर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की एक महिला ने उसके नाबालिग बेटी के साथ देवर द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाना दिवस में नामजद तहरीर दी है । पुलिस घटना को लेन देन के कारण विवाद होना ही मन रही है । फिलहाल समाचार भेजे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है ।

शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला ने दी तहरीर में बताया कि बीती 23 जुलाई को वह वहन के यहां शादी में गई थी । उसकी 16 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी । आरोप है कि रात करीब 8 बजे बेटी के सोते समय उसके देवर ने उसे दबोच लिया । और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसने बेटी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। फिर दुष्कर्म किया। जब वह घर पहुंची तो बेटी ने रोते हुए आप बीती सुनाई। उधर पुलिस का कहना है कि आरोपी से रुपयों का लेन देन है। जिसके चलते विवाद हुआ है । फिलहाल समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

## सराफा दुकान का शटर तोड़कर 17 लाख रुपये के जेवरात व नकदी चोरी

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

- रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी
- एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ विद्युत सक्सेना ने किया मौके का निरीक्षण



हाईवे किनारे कपसेड़ा गांव में अज्ञात चोरों ने एक सराफा दुकान का शटर तोड़कर करीब 17 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया । दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाले जाने पर मुंह पर ढाटा बाँधे लोगों की बात सामने आई है। पुलिस ने दुकान स्वामी की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। शाहजहांपुर के छोटे चौक स्थित डेरा चंदा बाबू के निकट निवासी सराफा व्यापारी कृष्णा वर्मा पुत्र राजीव वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनकी हाईवे स्थित कपसेड़ा गांव में सांवरिया सेठ ज्वेलर्स के नाम से सराफा की किराए की दुकान है। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक 24 /25 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस और तिजोरी को तोड़कर उसमें रखे करीब आठ किलो चांदी के आभूषण , 23 ग्राम सोने के जेवरात और 97 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 17 लाख रुपये बताई गई है। शनिवार सुबह भवन मालिक ने फोन पर बताया कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। वह परिजनों के साथ दुकान पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला समेत भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया । पड़ताल में सामने आया कि दुकान के पीछे की दीवार को काटने की कोशिश भी की गई । बाद में आगे शटर तोड़कर बारदात को अंजाम दिया गया । पुलिस ने दुकान के बाहर व समीप के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला । वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलित किए। शाम करीब साढ़े छह बजे एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ विद्युत सक्सेना ने भी मौके का निरीक्षण किया। और अधीनस्थों को घटना खुलासे के कड़े निर्देश दिए । सीओ श्री सक्सेना ने बताया कि अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। साथ ही सर्विलांस के जरिए जानकारी जुटाई जा रही है। शीघ्र ही ठोस नतीजे पर पहुंचने की संभावना है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरीखास वि.ख. मदनापुर, शाहजहांपुर**

**निविदा सूचना**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरीखास वि.ख. मदनापुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है, जिसमें इंटरलाकिंग, ईट, सीमेंट, मौंरग, रेता, बजरी, प्रथम ईट, सरिया आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | गुलौला खेड़ा में अमृत कुन्ड निर्माण<br>माप =50X50 मी0 लागत = 100,0000 (दस लाख) |
| 2. | गुलौला खेड़ा में अमृत कुन्ड पर पक्का निर्माण कार्य<br>माप =50X50 मी0 लागत = 1000192 रु. |
| 3. | गुलौला खेड़ा में अमृत कुन्ड के चारों ओर इंटरलॉकिंग कार्य<br>माप =100X3 मी0 लागत = 479884 रु. |
| 4. | सुन्दरपुर में गुड्डु सिंह के घर से सतेंद्र सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण<br>माप =60X4 मी0 अनुमानित लागत = 369000 रु. |
| 5. | सुन्दरपुर में पेशकार के घर से डामर रोड तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण<br>माप =50X5 मी0 लागत = 377764 रु. |

**कुशल कुमार**
**सचिव**

**अगरपाल सिंह**
**प्रशासक**

## इस्तीफा हल नहीं, भरोसा लौटाना बड़ी चुनौती

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था के सामने खड़े गहरे संकट का प्रतीक है। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आए पेपर लीक, परीक्षा प्रबंधन पर उठे सवाल और छात्रों के बढ़ते असंतोष ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी, जिसमें नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करना आवश्यक माना गया। लोकतंत्र में जवाबदेही की यही भावना संस्थाओं पर जनता के विश्वास को बनाए रखने का आधार होती है।


हालांकि, केवल मंत्री का इस्तीफा इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। बीते कुछ वर्षों में विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में गड़बड़ियों ने लाखों युवाओं का विश्वास कमजोर किया है। वर्षों की मेहनत करने वाले छात्रों के सामने जब परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, तो उनका मनोबल टूटता है। यही कारण है कि इस मुद्दे ने राजनीतिक सीमाओं से आगे बढ़कर सामाजिक चिंता का रूप ले लिया है। युवाओं में यह भावना गहराने लगी है कि यदि परीक्षा प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं होगी, तो उनकी प्रतिभा और परिश्रम का उचित मूल्यांकन कैसे होगा। यह स्थिति केवल रोजगार के अवसरों को प्रभावित नहीं करती, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

यह भी स्वीकार करना होगा कि परीक्षा प्रणाली में बार-बार सामने आ रही खामियां केवल प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं हैं, बल्कि एक संगठित अपराध तंत्र की ओर भी संकेत करती हैं। प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह, तकनीकी कमजोरियों का फायदा उठाने वाले तत्व और भ्रष्ट नेटवर्क मिलकर पूरी व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में केवल दोषियों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उनकी आर्थिक और कानूनी जवाबदेही भी तय करनी होगी, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की साजिश करने का साहस न कर सके। साथ ही, परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों और एजेंसियों की जवाबदेही स्पष्ट रूप से निर्धारित करना भी जरूरी है।

सरकार द्वारा हाल के दिनों में पेपर लीक के खिलाफ कानून को और अधिक कठोर बनाने, संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा परीक्षा एजेंसियों में सुधार की दिशा में उठाए गए कदम स्वागतयोग्य हैं, लेकिन इन प्रयासों का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब उनका ईमानदारी से और बिना किसी राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव के पालन किया जाएगा। हर परीक्षा के बाद पारदर्शी ऑडिट, समयबद्ध जांच और सार्वजनिक जवाबदेही की व्यवस्था भी विकसित करनी होगी, ताकि किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई संभव हो सके। अब सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाया जाए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सहित सभी संबंधित संस्थाओं की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र समीक्षा हो, दोषियों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए तथा ऐसी तकनीकी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), उन्नत साइबर सुरक्षा प्रणाली, डिजिटल निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा उपायों का प्रभावी उपयोग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। साथ ही, छात्रों के साथ नियमित संवाद स्थापित कर उनका विश्वास भी बहाल करना होगा। परीक्षा कैलेंडर का सख्ती से पालन, शिकायत निवारण तंत्र को प्रभावी बनाना तथा भर्ती प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त करना भी सुधार का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

देश का भविष्य कक्षाओं और परीक्षा कक्षों में तैयार होता है। यदि युवाओं का भरोसा शिक्षा व्यवस्था से उठ गया, तो इसका असर केवल एक सरकार या एक मंत्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्र की प्रतिभा, सामाजिक विश्वास और आर्थिक विकास तीनों प्रभावित होंगे। इसलिए यह समय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अधिक आत्ममंथन, संस्थागत सुधार और दीर्घकालिक नीति निर्माण का है। शिक्षा व्यवस्था में विश्वास की पुनर्स्थापना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परीक्षा एजेंसियों, शैक्षणिक संस्थानों, कानून प्रवर्तन तंत्र और समाज सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस्तीफा एक शुरुआत हो सकता है, लेकिन असली सफलता तब होगी जब देश का प्रत्येक छात्र यह विश्वास कर सके कि उसकी मेहनत का मूल्य निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय व्यवस्था में पूरी तरह सुरक्षित है।

### दो टूक




# कारगिल के दुर्गम पर्वतों पर अदम्य साहस की अमर कहानी

*योगेश कुमार गोयल*



**कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) पर विशेष**

देश आज कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ मना रहा है। भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटाई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ वह युद्ध 60 दिनों तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी।

उस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैंकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायनों में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था।

युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया था, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम 5 जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया।

तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ।

भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया। 11 घंटे के भीषण संघर्ष के बाद भारतीय सेना ने 20 जून 1999 को टाइगर हिल के पास प्वाइंट 5060 और प्वाइंट 5100 पर भी पुनः कब्जा कर लिया।

5 जुलाई 1999 को नवाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से मुलाकात की, जिसके बाद पाकिस्तान ने कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 11 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू किया और भारतीय सेना ने बटालिक की प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने 14 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की घोषणा की और 26 जुलाई 1999 को वीर 527 सैनिकों की शहादत के बाद कारगिल युद्ध समाप्त हुआ।

बहुत ऊंचाई पर लड़े गए उस भीषण युद्ध के दौरान अपनी बहादुरी और साहसिक कार्यों के लिए कई सैन्य अधिकारी राष्ट्रीय नायक बन गए, जिनमें 13 जेएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा, 18 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, 1/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, 18 ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, एएससी, 2 राज आरआईएफ के कैप्टन एन केंगुरुसे प्रमुख रूप से शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारतीय सेना के अनेक नायकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम के लिए ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव तथा लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे को परमवीर चक्रऔर लेफ्टिनेंट बलवान सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। कैप्टन एन केंगुरुसे को मरणोपरांत महावीर चक्र और कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान कर उनकी शहादत का सम्मान किया। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा के शब्द, 'ये दिल मांगे मोर' तो अब भी लोगों के कानों में गूंजते हैं। कारगिल युद्ध के ऐसे ही वीर नायकों की बहादुरी, साहस और जुनून की कहानियां आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में जोश भर देती हैं।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

# पंजाब में बदलता सियासी समीकरण

*नीरज कुमार दुबे*

पंजाब की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर राज्य की सत्ता पर कब्जा किया था, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल बनकर रह गई। शिरोमणि अकाली दल का जनाधार लगातार सिमटता गया और भाजपा ने गठबंधन की राजनीति से अलग होकर अपने दम पर चुनाव लड़ने का रास्ता चुना। अब परिस्थितियां बदल रही हैं। राज्य में सत्ता विरोधी माहौल, कांग्रेस की आंतरिक कलह, अकाली दल की कमजोर होती स्थिति और भाजपा की सक्रियता ने पंजाब की राजनीति को त्रिकोणीय से बहुकोणीय मुकाबले की ओर बढ़ा दिया है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जालंधर दौरा केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

पंजाब की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि यहां चुनाव केवल राजनीतिक दलों के बीच नहीं लड़े जाते, बल्कि सामाजिक समीकरण, धार्मिक संस्थाओं का प्रभाव, क्षेत्रीय अस्मिता, किसान राजनीति और स्थानीय नेतृत्व भी चुनावी परिणामों को गहराई से प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि कोई भी दल केवल राष्ट्रीय मुद्दों के सहारे पंजाब में सफलता की गारंटी नहीं मान सकता। भाजपा भी इस वास्तविकता को समझते हुए विकास, सामाजिक संपर्क और संगठन विस्तार की समानांतर रणनीति पर काम करती दिखाई दे रही है। वर्तमान समय में कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या उसका विपक्ष नहीं, बल्कि उसका अपना संगठन बन गया है। लंबे समय से प्रदेश नेतृत्व को लेकर चली आ रही खींचतान अब सार्वजनिक रूप से सामने आने लगी है। प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व को लेकर पार्टी के भीतर अलग-अलग राय हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा और अन्य नेताओं के समर्थक संगठन में अधिक भागीदारी और प्रभाव चाहते हैं। कांग्रेस नेतृत्व ने फिलहाल नेतृत्व परिवर्तन से बचने का निर्णय लेकर स्थिरता बनाए रखने की कोशिश की है, लेकिन इससे असंतोष पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

चुनावी राजनीति में यह स्थिति किसी भी दल के लिए चुनौतीपूर्ण होती है। जब कार्यकर्ता यह स्पष्ट नहीं समझ पाते कि चुनाव में पार्टी का प्रमुख चेहरा कौन होगा, तब संगठनात्मक ऊर्जा कमजोर पड़ने लगती है। पंजाब जैसे राज्य में, जहां स्थानीय नेता मतदाताओं से सीधे जुड़े रहते हैं, वहां नेतृत्व विवाद का प्रभाव चुनावी तैयारियों पर भी पड़ सकता है। कांग्रेस यदि समय रहते इन मतभेदों को नियंत्रित नहीं कर पाती है तो उसका सीधा लाभ उसके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को मिल सकता है। भाजपा ने इसी राजनीतिक परिस्थिति को अवसर के रूप में देखना शुरू किया है। अकाली दल से अलग होने के बाद पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना थी। पहले भाजपा शहरी क्षेत्रों तक सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब वह पूरे राज्य में संगठन विस्तार की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को केंद्र में रखकर पार्टी विकास, सुशासन और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी का जालंधर दौरा इसी रणनीति का प्रतीक माना जा रहा है। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, आधारभूत संरचना के विकास और अन्य परियोजनाओं के उद्घाटन के माध्यम से भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि केंद्र सरकार पंजाब के विकास के लिए गंभीर है। विकास परियोजनाएं केवल सरकारी उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं होतीं, बल्कि वे मतदाताओं के बीच भरोसा पैदा करने का माध्यम भी बनती हैं। भाजपा का प्रयास है कि चुनावी चर्चा केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित न रहे, बल्कि विकास और निवेश के मुद्दे भी केंद्र में आएं। भाजपा की दूसरी महत्वपूर्ण रणनीति सामाजिक समीकरणों को साधने की है। पंजाब में अनुसूचित जाति की आबादी देश के कई राज्यों की तुलना में अधिक है। दोआबा क्षेत्र विशेष रूप से रविदासिया समाज का प्रभाव क्षेत्र माना जाता है। यह समुदाय अनेक विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भाजपा पिछले कुछ वर्षों से इस समाज के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी का पहले डेरा सचखंड बल्लां जाना और अब दोआबा क्षेत्र को विशेष महत्व देना इसी व्यापक सामाजिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो भाजपा समझ चुकी है कि केवल पारंपरिक शहरी वोटों के सहारे पंजाब में बड़ी सफलता हासिल करना कठिन होगा। इसलिए पार्टी अनुसूचित जाति, युवाओं, महिलाओं और नए मतदाताओं तक अपनी पहुंच बढ़ाने का प्रयास कर रही है। यदि भाजपा इन वर्गों में प्रभावी समर्थन जुटाने में सफल होती है तो राज्य की चुनावी राजनीति का समीकरण बदल सकता है। हाल के दिनों में सतलुज फिल्म विवाद ने भी पंजाब की राजनीति को नई दिशा दी। इस मुद्दे पर विपक्ष ने भाजपा को घेरने का प्रयास किया, जबकि भाजपा के भीतर भी अलग-अलग मत सामने आए। कुछ नेताओं ने फिल्म को लेकर आपत्ति जताई, तो कुछ ने शांति और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया। यह विवाद इस बात का संकेत भी देता है कि पंजाब में इतिहास, आतंकवाद और सामाजिक संवेदनशीलता से जुड़े विषय आज भी राजनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भाजपा अब इस विवाद से आगे निकलकर विकास और भविष्य की राजनीति पर जोर देना चाहती है, ताकि चुनावी विमर्श अतीत की घटनाओं के बजाय वर्तमान और भविष्य पर केंद्रित रहे। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी भी इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सत्ता विरोधी माहौल को नियंत्रित करना है। विपक्ष लगातार कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, कृषि संकट, नशे की समस्या, उद्योगों के पलायन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली जैसे मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है। दूसरी ओर सरकार अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं के आधार पर जनता का विश्वास बनाए रखने का प्रयास कर रही है। चुनाव तक सरकार का प्रदर्शन ही तय करेगा कि सत्ता विरोधी माहौल कितना प्रभावी बनता है। शिरोमणि अकाली दल की स्थिति भी राजनीतिक विश्लेषण का महत्वपूर्ण विषय बनी हुई है। कभी पंजाब की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाला यह दल पिछले कुछ वर्षों में लगातार कमजोर हुआ है। किसान आंदोलन, भाजपा से अलगाव और संगठनात्मक चुनौतियों का असर उसके जनाधार पर पड़ा। फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों और पारंपरिक सिख मतदाताओं के बीच उसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। यदि चुनावी परिस्थितियां अनुकूल होती हैं तो अकाली दल सीमित ही सही, लेकिन प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। भाजपा के सामने अभी भी कई व्यावहारिक चुनौतियां मौजूद हैं। पार्टी को राज्य में मजबूत स्थानीय नेतृत्व तैयार करना होगा। केवल प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता या केंद्र सरकार की योजनाएं चुनाव जिताने के लिए पर्याप्त नहीं होतीं। पंजाब की राजनीति स्थानीय मुद्दों और क्षेत्रीय नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती है। इसलिए भाजपा को बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करना होगा और ऐसे उम्मीदवारों को आगे लाना होगा जिनकी स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता हो।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

साहित्य



**हरेली**
**लोकआस्था और हरियाली का पर्व**

**संजय एम तराणेकर**

बरसी जब सावन की पहली फुहार,
मुस्काई धरती, खिले हैं खेत अपार।
हरियाली ने ओढ़ लीं चुनरिया धानी,
गूँजी हैं फिर से किसान की कहानी।

हरेली केवल पर्व ही नहीं, विश्वास है,
प्रकृति से जुड़ने का मधु अहसास है।
हल,कुदाल व बैलों का होता सम्मान,
श्रमिक गाता 'भारत' का गौरव-गान।

जब नीम की डाल सजे हर एक द्वारे,
सुख-समृद्धि आएगी घर-आँगन सारे।
रोग-दोष से रक्षा की करते है कामना,
ये हमारे जीवन में भर दे नई साधना।

गेड़ी की चाल, हँसी की चलती फुहार,
अब तो गूँजे है गाँवों में उत्सव अपार।
आओं सुनाएँ लोकगीत की मीठी तान,
संस्कार ही बाँधे 'पीढ़ियों' का सम्मान।

धरती, जल और वन का करें सत्कार,
अब यही है जीवन का सच्चा आधार।
हरेली देती यही जीवन संदेश निराला,
यूं प्रकृति से नाता रहे हरदम निराला।

आओ हम सभी मिलकर प्रण यह लें,
हरियाली के दीपक सदा हम जलाएँ।
श्रम, संस्कृति, प्रेम व प्रकृति का मान,
हाँ,यह बने भारत की सच्ची पहचान।

# जंतर-मंतर आंदोलन का संदेश : शिक्षा में अमूलचूक सुधार समय की आवश्यकता

*गिरीश्वर मिश्र*

पिछले कुछ दिनों से राजनीति के हलकों में शिक्षा का विषय अनायास ही चर्चा में चुका है। सबकी जुबान वर्तमान शिक्षा-तंत्र को सुधारने की रट लगा रही है। लगता है शिक्षा की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर देश के कर्णधारों में सद्भावना जगी है। इसमें सभी शिक्षा-प्रेमियों को आशा की किरण दिख रही है। निश्चय ही एक अच्छी बात है कि शिक्षा की समस्या की तरफ़ राजनीतिक तंत्र का ध्यान आकृष्ट हुआ है। विपक्ष के नेता आज युवा छात्र समुदाय के हित की चिंता करने में भरसक जी जान से जुटे हुए हैं। संसद से सड़क तक आक्रामक रुख़ के साथ ज्यादातर विपक्षी दल अपनी राजनैतिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आज समर्पित दिख रहा है। आईएनडीआईए के बिखरते कुनबे के सदस्य आंदोलन के ज़रिए अपनी माँग पर खड़े दिख रहे हैं। उनकी माँग है कि वर्तमान शिक्षा मंत्री इस्तीफ़ा दें। तर्क है कि उनकी मुखियागिरी में हुई नीट की परीक्षा में पेपर लीक हुआ और लाखों युवा परीक्षार्थियों और उनके परिजनों को तरह-तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ा इसलिए जिम्मेदारी लेते हुए उनको इस्तीफ़ा देना चाहिए या सरकार को उनसे इस्तीफ़ा के लेना चाहिए।

अभी-अभी जन्मी काक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) और सोनम वांगचुक, जो लद्दाख के समाजकर्मी हैं और अध्यापक की पृष्ठभूमि वाले हैं, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। वांगचुक ने 26 दिनों से चल रहे अनशन को तोड़ दिया है। साठ साल के हो रहे वांगचुक अपने अस्पताल से दिए गए वीडियो-संदेश में सबसे शांति और अहिंसा के साथ लड़ाई की बात करते हैं। विपक्षी राजनीति इस अवसर पर अपना विपक्षी धर्म निभाने में जुट गई है। वह संसद के मानसून सत्र को चलने नहीं देने के लिए आमादा है। साथ ही सड़क पर और प्रधानमंत्री आवास पर मार्च और धरना-प्रदर्शन में जुटा रहा है। देशव्यापी मार्च की योजना है। ये नेता शिक्षा में सुधार ले आने की बात भी कहते हैं पर मंत्री के इस्तीफे से ज्यादा सुधार की कोई बात अभी तक सामने नहीं आई है। इन नेताओं को शिक्षा से कभी ख़ास लेना-देना नहीं रहा है, इसलिए वे राजनीतिक अवसर के रूप में ले रहे हैं। इसके बावजूद यदि वे शिक्षा का नाम ले रहे हैं तो यह शिक्षा प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण है। यह बेहद जरूरी है कि शिक्षा-व्यवस्था पर समग्रता में विचार किया जाय। जंतर-मंतर शिक्षा जैसे गहन और गंभीर विषय पर बहुत सहायक न होगा। इस पर गंभीर चर्चा की ज़रूरत है और गलतियों को सुधार कर नई राह ढूँढने की आवश्यकता है।

पेपर लीक होना कोई नई बात नहीं है। यह अपराध है जिसमें लिप्त लोगों को दंडित किया ही जाना चाहिए। अब तक उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पिछले दस-बारह सालों में कुल मिला कर लगभग डेढ़ सौ बार परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनायें जाहिरी तौर पर दर्ज हो चुकी हैं। सरकार ने इस बार के मामले में गिरफ़्तारी की है और इससे जुड़े लोगों को जेल भेजकर कार्रवाई की जा रही है। सरकार सख्ती से निपटने के लिए कानून भी बना रही है। फ़ास्ट ट्रैक अदालत गठित कर मामलों पर त्वरित कार्रवाई की तैयारी हो रही है। यह अलग बात है कि ऐसे मामलों में कभी किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती है। गंगा पर पुल गिर जाता है और यह तय नहीं हो पाता कि कौन जिम्मेदार है। गंगा जी ही शायद निगल गईं। उन्हें ही कुछ संदेश देना हो। यानी पेपर लीक बहुत-सी परीक्षाओं में जगह-जगह पर होता आ रहा है और लोगों को इसकी आदत-सी पड़ गई है। लेकिन साल्वर गैंग सक्रिय है और बोर्ड परीक्षा में नकल जिस पैमाने पर होती है वह क़ानून व्यवस्था का प्रश्न बन जाता है और कभी-कभी धारा 144 लगाने की नौबत आ जाती है।



यह भी गौर करने की बात है कि इस साल हुई नीट की पहली परीक्षा जिसमें लीक हुआ था बीस लाख से अधिक छात्र बैठे थे। पेपर लीक होने से इन्हें बड़ी मुसीबत झेलनी पड़ी थी। सरकार ने चाक-चौबंद होकर दुबारा परीक्षा कराई जिसमें उन्नीस लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए और लीक जैसी दुर्घटना नहीं हुई । अब नीट की पुनर्परीक्षा का परिणाम आ चुका है जिसमें ग्यारह लाख से कुछ ज़्यादे की संख्या में छात्र प्रवेश-योग्य पाये गए हैं। इनमें 58 प्रतिशत से अधिक छात्रायें हैं। वर्तमान में देशभर के 823 मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस में प्रवेश पाने के लिए कुल 1,36,939 सीटें ही उपलब्ध हैं। इसका आशय है प्रवेशार्थियों का मनोबल ऊंचा था और उन्होंने इस मुश्किल का डटकर मुकाबला किया। पर यह घटनाक्रम एक विकट संकट की ओर भी संकेत करता है। ये आंकड़े हमारी शिक्षा-प्रणाली की कमज़ोरियों और समाज की मानसिकता को लेकर बहुत कुछ कह रहे हैं। नीट में प्रवेश की मंशा पर भी सोचना होगा और जीविका के लिए उपलब्ध अवसरों पर भी गौर करना होगा।

कम सीटों के नाते विशाल देश में प्रवेश के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में सफलता को सुनिश्चित करने के लिए शॉर्टकट अपनाने को हर कोई मचल रहा है। नीट डाक्टरी के लिए प्रवेश द्वार और धनार्जन का प्रबल उपाय। चाहे जैसे हो और पात्रता भी हो न हो अपनी सीट सुरक्षित करवाने की धुन छात्रों और उनके माता-पिता कुछ भी धन और धर्म दोनों की क़ुरबानी देने के लिए उद्यत रहते हैं। लीक हुआ पेपर लाखों में बिका और इस व्यवसाय की कमाई बेइंतहा है। पेपर लीक की जो कथा उभर रही है वह बेईमानी की कई-कई परतों को खोल रही है। वह समाज में मूल्यों के क्षरण को व्यक्त करती है। यह तमाम तरह के शॉर्टकट से जुड़ी हुई है जो समाज को दीमक की तरह खा रहे हैं। ऐसे में शिक्षा की गुणवत्ता जिस तरह से गिर रही है। ऐसे में सफलता के लिए आतुर समाज में इस तरह की नैतिक दुर्घटनाएं स्वाभाविक हैं। आज सभी दल शिक्षा पर बात कर रहे हैं, पर गंभीरता किसी के दिल दिमाग में है, यह संदेहास्पद है। मंत्री का इस्तीफा देना या लेना प्रतीकात्मक असर वाला होगा, पर शिक्षा सुधार की कुंजी तो नहीं ही है। व्यापक राजनीतिक फ़सल काटने की ताक में सभी जरूर हैं।

शिक्षा के सवाल क्या हैं और उनको समझने की कोशिश करने की बात कोई नहीं कर रहा। अगर मंत्री के सिवाय सब कुछ वही रहे, यथावत, तो क्या पेपर लीक की समस्या का समाधान हो जाएगा? क्या पेपर्स लीक ग़लत है पर क्या वही शिक्षा की सारी समस्याओं की जड़ है? गौर करने की बात है। पेपर का लीक होना कोई स्वतंत्र समस्या नहीं है। आज कोई तत्काल कमाई करने के लिए तो कोई भविष्य की कमाई की राह बनाने के लिए ईमानदारी को बिना किसी संकोच के तिलांजलि दे रहा है। इसी के समानांतर पैसा देकर नौकरी देने और पाने की चेष्टा भी हो रही है। रुपया लेकर काम यानी सुविधा-शुल्क जग जाहिर बात है। जाने कितने आफिस ऐसे हैं जहाँ बिना किसी तरह की सिफारिश या घूस या दोनों के बिना कोई कागज टस से मस नहीं होता। धन के अवैध यातायात के साथ न्यायालय का बड़ा घनिष्ठ रिश्ता है इसके कई उदाहरण आ चुके हैं। न्याय कितनी मुश्किल और कितनी मंहगी प्रक्रिया से होता है वह कोर्ट के दरवाजे जाने वाले से पूछिए। क़ानूनी प्रक्रियाओं का हाल ऐसा है कि उनके उलझन में कोई राह नहीं मिलती। प्रतिदिन राजनीति प्रेरित कितने मुकदमे चलते हैं और कितने बरी हो जाते हैं, इसका हिसाब लगाना मुश्किल है। फ़ास्ट ट्रैक की कचहरी किन-किन चीजों के लिए लगेगी? रसूख़ वाले और पैसेदार नेताओं और अन्य लोगों के मुक़दमों की गिनती ही नहीं होती। जबकि आम जन उसमें पिसने के लिए मजबूर हैं। पर यह सब वर्तमान चर्चा में सीधे-सीधे प्रासंगिक नहीं है।

शिक्षा ही विकास का मूल है और इसी से आत्मनिर्भरता भी आएगी पर इसके लिए शिक्षा को स्वायत्तता देनी होगी और शिक्षकों पर भरोसा भी करना होगा। शिक्षा के मार्ग में अनेक समस्याएं मुंह बाये खड़ी हैं। शिक्षा की जो विसंगतियां मुँह बाये खड़ी हैं उसके लिए जंतर-मंतर की राजनीति से ही काम नहीं चलेगा। आठ दशक से उपनिवेश की हैसियत से स्वतंत्र हुए देश में पाश्चात्य शिक्षा पर ही हम आश्रित बने हुए हैं। अब नवउदारवाद की गुलामी का शिकंजा कसा जा रहा है । यह अच्छी बात है कि हमारे मान्यवरों की नींद टूटी है और उनकी दृष्टि में शिक्षा आ रही है। इसलिए शिक्षा की पीड़ा को उन्हें याद दिलाना ठीक होगा।

यहाँ संक्षेप में प्रमुख मुद्दों का उल्लेख करना जरूरी लग रहा है। आज शिक्षा का बुनियादी ढांचा कमजोर हो रहा है। शिक्षा महंगी होती जा रही है। शिक्षा में सृजनात्मकता की जगह आज भी रटने पर ही ज़ोर है। हमारी शिक्षा का संस्कृति और मूल्य से रिश्ता कमजोर है। कोचिंग का व्यापार तेजी से उठान पर है। कोचिंग संस्थान की ओर नज़र तब जाती है जब कोई दुर्घटना होती है परंतु देश के राष्ट्रीय दैनिक अखबारों के मुखपृष्ठ आए दिन इनके विज्ञापनों से सुशोभित होते हैं। स्कूल-कॉलेज में दाखिला महाभारत से कम नहीं होता। दाखिले से लेकर परीक्षा तक की यात्रा हर आम आदमी के लिए युद्ध का मोर्चा बना हुआ है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अध्यापकों की कमी वर्षों से बनी हुई है ।

शिक्षा को बजट में कभी भी वायदे के मुताबिक छह प्रतिशत का हिस्सा नहीं मिल पाता जिसके कारण शिक्षा-संस्थानों में सुविधाओं का लगातार अभाव बना हुआ है। अमीरी-गरीबी का भेद शिक्षा की दुनिया में बेतहाशा बढ़ता जा रहा है जहाँ प्राइमरी स्तर पर मुफ्त से लेकर हजारों रूपये महीने की फ़ीस वाले स्कूल चल रहे हैं। इसी तरह निजी विश्वविद्यालय मनचाही फीस वसूल रहे हैं। शिक्षा पर ईमानदारी के साथ अपनी जमीन पर खड़े होकर समाधान खोजने की जरूरत है।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठी चार्ज करने वालों पर दर्ज हो मुकदमा

#### जन अधिकारी पार्टी ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** जन अधिकार पार्टी द्वारा नीट एवं अन्य परीक्षाओं के लीक होने के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के ऊपर बर्बरता से लाठी चार्ज, मुक़दमे दर्ज कराने के विरुद्ध राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है।



जन अधिकार पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह कुशवाहा एवं मंडल सचिव ब्रजमोहन कुशवाहा के संयुक्त नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता को सौंपकर बताया कि नीट एवं अन्य परीक्षाओं के लीक होने के मामले में देश के कोने कोने में किए जा रहे प्रदर्शनों में सरकार द्वारा बर्बर कार्यवाही की जा रही है। जिसकी जन अधिकार पार्टी निंदा करती है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से छात्रों के ऊपर दर्ज किए गए मुकदमों को वापस लेने, गिरफ्तार किए छात्रों को अविलंब रिहा किए जाने, प्रदर्शन के दौरान मृत छात्रों को पांच पांच करोड़ रुपया मुआवजा और घायल छात्रों के इलाज के निशुल्क और समुचित इलाज की व्यवस्था के साथ ही घायलों को पांच लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। इस मौके पर जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा, युवा जिला अध्यक्ष लालसिंह, अनुरोध सिंह, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीसिंह कुशवाहा, चंद्रभान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, हरमंद्र सिंह, एड. ब्रजेश कुमार वर्मा, मलखान सिंह, खचेरे कुशवाहा, विशाल सिंह, मुकेश कुशवाहा, अमित कुशवाहा, रोहित सिंह, हरिनंदन सिंह, श्याम बिहारी, नीरज कुमार, मोनू कुशवाहा, एड. गोविंद प्रसाद, कृष्णपाल, रामप्रकाश आदि रहे।

### मस्जिद के रास्ते में अवैध निर्माण की शिकायत डीएम से की

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** मस्जिद के रास्ते में अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किए जाने की शिकायत मोहल्ले के व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला धर्मशाला निवासी मोहम्मद जुबैर ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि मोहल्ला दबगरान में एक मस्जिद स्थित है। मस्जिद की दक्षिण दिशा में जो जगह है, यहां से मस्जिदों में लोगों का आना जाना होता है। उसमें मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं वह अवैध कब्जा करने के साथ ही वहां पिलर का भी निर्माण कर रहे हैं। जब उन्हें अवैध कब्जा करने से मना किया जाता है तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अवैध कब्जे की जांच कराकर अवैध कब्जा को हटवाया जाए।

### मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, महिलाओं को मिले रोडवेज बस में फ्री यात्रा सुविधा

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक राहत और आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नगर निवासी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा लागू किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने कहा कि प्रदेश की बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतिदिन शिक्षा, रोजगार, उपचार, सरकारी कार्य, स्वरोजगार और पारिवारिक आवश्यकताओं के लिए रोडवेज बसों से यात्रा करती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों की महिलाओं के लिए यात्रा का खर्च अतिरिक्त बोझ बन जाता है। यदि महिलाओं को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए तो उन्हें आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर भी मिलेगा। महिलाओं की सुरक्षित और सुलभ आवाजाही बढ़ने से उनकी शिक्षा, रोजगार और स्वावलंबन को भी नई गति मिलेगी। साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने जनहित और महिला कल्याण को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा लागू करने की मांग की है।

### पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात बदमाश घायल, एक आरोपी गिरफ्तार

**रामपुरा (जालौन)।** रामपुरा थाना पुलिस और एसओजी, सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में निनावली रोड स्थित जंगल क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनके एक साथी को पीछा कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से



अवैध हथियार, कारतूस, चोरी का माल, नकदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। रामपुरा थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को देखते हुए पुलिस ने संदिग्ध अपराधियों की तलाश तेज कर दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और शुक्रवार-शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि तीन संदिग्ध युवक एक पुरानी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से रामपुरा-निनावली रोड के जंगल क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही एसओजी/सर्विलांस टीम प्रभारी उपनिरीक्षक रिंकू चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त घेराबंदी की गई। पुलिस के अनुसार रात लगभग 11.45 बजे निनावली पुल की ओर से एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वह घबरा गए और मोटर साइकिल मोड़कर भागने लगे। इसी दौरान एक युवक बाइक से उतरकर खेतों की ओर भागा, जिसे पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। वहीं बाइक पर सवार अन्य दो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की। कुछ देर बाद तलाशी लेने पर दोनों आरोपी गोली लगने से घायल अवस्था में मिले। घायल आरोपियों की पहचान बृजेंद्र राजपूत पुत्र मथुरा प्रसाद (22 वर्ष) निवासी ग्राम बिलगांव पथरिया डेरा, थाना जलालपुर, जनपद हमीरपुर तथा विवेक राजपूत उर्फ इक्का पुत्र मुन्ना राजपूत (22 वर्ष) निवासी खड़ेही लोधन, थाना मुस्करा, जनपद हमीरपुर के रूप में हुई। गिरफ्तार तीसरे आरोपी की पहचान सोनू यादव पुत्र लखन यादव (23 वर्ष) निवासी थाना चरखारी, जनपद महोबा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तीनों आपस में साथी अपराधी हैं और इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस, एक कटर, एक पेचकस, एक प्लास, तीन मोबाइल फोन, एक बैग, घटना में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स बाइक, 12 हजार रुपए नकद, सोने का सूई-धागा तथा चांदी की दो जोड़ी पायल बरामद की हैं। बरामद सामान को हाल में हुई चोरी की घटनाओं से जोड़कर जांच की जा रही है।

# केन्द्र सरकार नकल माफियाओं के खिलाफ बना रही है सख्त कानून: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने 489 करोड़ से अधिक की 125 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- मेडिकल कॉलेज के विस्तार स्वरूप जनपद को नर्सिंग कॉलेज की मिली सौगात



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** मदारीपुर कला मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचकर 489 करोड़ की 125 योजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान मंच के माध्यम से लाभार्थियों को सम्मानित किया वही अपने संबोधन में उन्होंने बोलते हुए कहा कि छात्रों व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले माफ़ियाओं की जगह दो ही जगह होगी पहले या तो वह जेल जाएंगे और उनके बाप दादाओ द्वारा कमाई गई संपत्ति जप्त होगी या फिर वह जहन्नुम जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक वर्ष में बारह लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी गई है अब तक बड़ी संख्या में युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल चुकी है। जिससे उनके घर परिवार चल रहे है। उन्होंने कहा फतेहपुर में मेडिकल कॉलेज संचालित है जिससे अब फतेहपुर का नाम प्रदेश में गिना जाएगा क्योंकि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाला युवा जब अपने जनपद में जाएगा तो बतायेगा कि फतेहपुर के मेडिकल कॉलेज से वह डिग्री लेकर निकला है। इसके साथ ही उन्होंने कहा की फतेहपुर के पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया के द्वारा फतेहपुर के उत्पादों की जानकारी भी उनको होती रहती है। इस दौरान अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता का भी उन्होंने नाम लिया और कहा कि समय-समय पर अपनी विधानसभा के विकास के लिए वह उनसे मिलकर चर्चा करते हैं तो राज्य मंत्री कृष्णा पासवान की भी उन्होंने चर्चा किया। इसके साथी पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह का नाम भी उन्होंने लिया और कहा कि वह भी अपने सदर विधानसभा के विकास के लिए उनसे मिलकर चर्चा करते हैं। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं का विश्वास उत्तर प्रदेश की सरकार में बढ़ा है क्योंकि बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के युवाओं को भी उनके द्वारा सरकारी नौकरियां दी गई है। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। लेकिन बहुजन समाज पार्टी का उन्होंने नाम तक नहीं लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक झलक देखने के लिए बेताब दिखे तो पंडाल में योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे भी लगे। इस अवसर पर मंच में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू, प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह, राज्य मंत्री कृष्णा पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक विकास गुप्ता, राजेंद्र पटेल, जयकुमार सिंह जैकी, पूर्व मंत्री राधे श्याम गुप्ता, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया,एमएलसी अविनाश सिंह, जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व आदित्य पांडेय पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, रमाकांत त्रिपाठी, प्रभु दत्त दीक्षित, मुखलाल पाल, प्रमोद द्विवेदी, दिनेश बाजपेई, आशीष मिश्रा मौजूद रहे। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 489 करोड़ की 125 योजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के हज़ारों कार्यकर्ताओं के साथ। युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सावन गुप्ता, अनुभव शुक्ला, आर्यन, अमन श्रीवास्तव, कुनाल ओम, संदीप, फ़ैसल समेत कार्यकर्ताओं बाइक जुलूस के साथ रैली स्थल पहुँचें।

### करंट लगने से वृद्ध की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, खखरेरू, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुदेशरा में करंट लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों ने गांव के एक व्यक्ति पर खेत में अवैध रूप से बिजली का करंट प्रवाहित करने



का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मृतक की बहू अनीसा बानो पत्नी ताजउद्दीन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके ससुर इद्दू पुत्र दरगाही बकरी चराकर घर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के धर्म यादव पुत्र राधे यादव ने अपने खेत की फसल की सुरक्षा के लिए बिजली का करंट प्रवाहित कर रखा था। उसी करंट की चपेट में आने से इद्दू गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद आसिफ ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा दिलाने तथा आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री ने भेजा एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर को आभार पत्र

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर को बंगाल चुनाव विजय उपरांत मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बंगाल चुनाव में प्रवास के तीन माह में विषम परिस्थितियों में संगठन कार्य करने पर भाजपा की सरकार बनने पर धन्यवाद पत्र भेजा गया, सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि मुझे वहां पर व्यक्तिगत अनुभव में बंगाल चुनाव बहुत ही अदभुत यादगार चुनाव रहा, क्योंकि वहां स्थानीय मतदाताओं में जो डर का माहौल था उस माहौल को भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगो को बताया कि भाजपा मतलब भरोसा आम जन ने भाजपा पर विश्वास जताया और पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। बंगाल में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला एवं वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन भी। जितेन्द्र सिंह सेंगर ने केंद्रीय नेतृत्व का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता के ऊपर संगठन द्वारा विश्वास व्यक्त कर जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसे मैंने ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का भरसक प्रयास किया द्य खड़गपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी का दायित्व सौंपा।

## दांदों पुल के सहायक तुर्की पुल शुरू कराये जाने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव नरेश कोरी वीआईपी रोड स्थित अपने आवास में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा की किशनपुर व बांदा के मध्य यमुना नदी पर बने दांदों पुल और सहायक पल तुर्की पुल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लगभग 92 करोड़ का बजट दिया था और समाजवादी पार्टी के सरकार में लगभग 20: कार्य पूरा हो चुका था लेकिन 2017 में जैसे ही भारतीय



जनता पार्टी की सरकार आई उन्होंने पुल का जो मानक था उसमें बदलाव किया जैसे पुल की चौड़ाई पिलर और अप्रोच और उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री निम्न गुणवत्ता की लगाई और आधे अधूरे बने पुल का उद्घाटन पीडब्ल्यूडी मंत्री के द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव के पहले वर्चुअल रैली से किया गया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि दांदों पुल के सहायक पल तुर्की पुल टूट गया है और आवा गमन पूर्णतया बाधित हो गया है पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत करके चालू किया लेकिन एक माह बाद पुनः टूट गया। 50 लाख का बजट 2024 के आखिरी महीने में पास कराया गया लेकिन 2025 में बारिश में दांदों के सहायक पुल फिर गिर गया इस दौरान राष्ट्रीय सचिव नरेश कोरी ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी तैयार किया जिसके माध्यम से उन्होंने दांदों पुल के सहायक पुल तुर्की पुल का उचित जांच कराकर भ्रष्टाचार उजागर कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग किया और पुनः पुल को चालू कराने की मांग किया ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके।

## पुलिस अधीक्षक शशांक सिह ने थाना दिवस में सुनी पीड़ितों की शिकायतें

- एसपी ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त 10 शिकायतों में 4 का मौके पर कराया निस्तारण

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली कुलपहाड़ में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस पर 10 शिकायतें भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुई हैं, जिनमें 4 शिकायतों का तत्काल मौके पर भेजकर निस्तारण कराया गया।

थाना समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुई हैं। जिन्हें निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। शिकायतकर्ता सुगिरा निवासी प्रेमा देवी पत्नी कालीचरण ने कहा कि पत्थर गड्डी होने के बाद भी कब्जा नहीं मिला, जिसपर कानूनगो रमेश यादव एवं लेखपाल विकास यादव ने मौके पर जाकर जमीन की माप की और पीड़ित को कब्जा दिलाया। कुलपहाड़ निवासी सुबराती ने पड़ोसी पर तारवाड़ी हटाने की शिकायत दी, जिस पर टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। आरती पत्नी धन्नी रैकवार बेलाताल ने जमीन बंटवारे को लेकर शिकायत दी।

### पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने थाना कुलपहाड़ का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कुलपहाड़/महोबा।** जनपद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा थाना कुलपहाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, उपनिरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, का जायजा लिया।


## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 975/न0पं0 कम्पिल/मु0म0वै0न0यो0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 25/07/ 2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का कार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-
विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0 कम्पिल/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 27.07.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 27.07.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 18.08.2026 02:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 18.08.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0


## जालौन पुलिस ने सपा नेताओं को कोतवाली में बैठाया, सीएम के जाने के बाद छोड़ा



**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं को एहतियातन कोतवाली में बैठाए रखा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के संपन्न होने और उनके जनपद से रवाना होने के बाद सभी को छोड़ दिया गया। शनिवार को मुख्यमंत्री का जनपद मुख्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं जनसभा से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तावित था। वीआईपी दौरे को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने संभावित विरोध प्रदर्शन या किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़े कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को उनके घरों से बुलाकर कोतवाली में बैठा लिया। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कोतवाली परिसर में ही रखा गया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह एहतियात के तौर पर की गई है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। मुख्यमंत्री के जनपद से रवाना होने के बाद सभी लोगों को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया। इस दौरान कोतवाली में जाकिर सिद्दीकी, आसिब मंसूरी सेसा, सिद्दीकी, इकबाल मंसूरी, बाबू, अनिल प्रजापति, भूरे कुरैशी, सुहैल सिद्दीकी, इशाक मंसूरी, चुन्ना, मकबूल सिद्दीकी आदि रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नबाबगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-1075/ लेखाकार/आकांक्षी वि0ख0/निविदा सूचना/2026-27, दिनांक-25/07/2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

आकांक्षी विकास खण्ड के अन्तर्गत प्राप्त प्रोत्साहन राशि से क्षेत्र पंचायत नवाबगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दिनांक 27/07/2026 से 03/08/2026 की अपराना 5.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 04/08/2026 की अपरान्ह 12.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय नवाबगंज में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27/07/2026 से 03/08/2026 की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 1000/- नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते।

| क्र0 | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | अर्नेष्ट मनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भटासा में वाचनालय (लाइब्रेरी) का निर्माण। | 5.92 | 10000.00 | 1000.00 | आकांक्षी वि0ख0 प्रोत्साहन राशि |
| | वाचनालय (लाइब्रेरी) हेतु फर्नीचर, किताबों एंव अन्य सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति | 1.94 | | | |
| | योग | 7.86 | 10000.00 | 1000.00 | |

शर्तेः-
1. फर्म को किसी विभाग से पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. फर्म को निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0 जो खण्ड विकास अधिकारी, नवाबगंज के पक्ष में देय होगा।
3. फर्म को निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र, हैसियत, चरित्र, पैन कार्ड आयकर रिर्टन, बैंक पासबुक जिसने फर्म का खाता संख्या, आई0एफ0एस0सी0 कोड की फोटो प्रति के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
4. फर्म को आदेश प्राप्त होनें के 07 दिवस के अन्दर स्थल पर कार्य प्रारम्भ कराना होगा।
5. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार इस कार्यालय में निहित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी,
नवाबगंज-फर्रुखाबाद।


## आयुर्वेद को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा : डॉ. प्रीति सिंह

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।** पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकुआ में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



मीडिया प्रभारी सतीश मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द यादव के निर्देशन एवं प्रधानाचार्य भानुप्रताप के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत कॉलेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कनकुआ की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रीति सिंह ने छात्र छात्राओं को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के तरीके बताए उन्होंने संक्रामक रोगों से बचने के विभिन्न घरेलू और आयुर्वेदिक उपचार बताते हुए विभिन्न औषधीय पौधों एवं संतुलित आहार के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि सही आहार, प्राकृतिक जड़ी-बूटियाँ और संतुलित दिनचर्या अपनाकर शरीर और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। आयुर्वेद केवल बीमारी का इलाज नहीं करता, बल्कि जीवन शैली में बदलाव लाकर रोगों को दूर रखता है। इसलिए आयुर्वेद को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम की नोडल डॉ सुनैना ने विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा बीमारी के लक्षण दिखने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस), चिकनगुनिया, डायरिया सहित अन्य संचारी रोगों की रोकथाम करना है। इस दौरान प्रवक्ता शिखा राणा, पूनम यादव,प्रीति कन्नौजिया, रानी हिरदेश,ज्योति राजपूत आकेश, खेमचंद्र, अंकित जयनारायण, शिवम सुरेश समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### शराब के नशे में युवक ने मचाया उत्पात, पुलिस से की शिकायत

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में युवक द्वारा एक व्यक्ति के साथ अभद्रता करने एवं गेट पर पत्थर फेंकने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी रामदास ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही राजकुमार उसके परिवार से रंजिश मानता है।


## सूचना

मेरी पुत्री माही की जन्मतिथि आधार कार्ड में त्रुटिवश 02/05/2012 अंकित हो गई है, जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 30/04/2012 है।
**रूचि सिंह पत्नी सुनील सिंह, निवासी न्यामतपुर ठाकुरान, जिला-फर्रुखाबाद।**

# 8.25 करोड़ की लागत से बने नए पुल का लोकार्पण

- मंत्री बोले, मजबूत सड़क नेटवर्क से तेज होगा विकास
- एक्सप्रेस-वे के साथ ग्रामीण संपर्क मार्गों और नदी-नालों पर कराया जा रहा है नए पुलों का निर्माण



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार को भिटरिया-हैदरगढ़ मुख्य मार्ग पर भीखरपुर के निकट करीब 8.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए पुल का विधिवत पूजन-अर्चन के बाद लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और पुलों का मजबूत नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होता है। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में लगातार पुलों और सड़कों का निर्माण कराकर वर्षों पुरानी आवागमन की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जा रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार गांवों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। एक्सप्रेस-वे के साथ ग्रामीण संपर्क मार्गों और नदी-नालों पर नए पुलों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में अब तक चार दर्जन से अधिक पुलों का निर्माण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कल्याणी नदी पर कुंवरपुर के निकट बनने वाले नए पुल का शिलान्यास भी शीघ्र किया जाएगा।

भीखरपुर के पास अंग्रेजों के समय का बना संकरा और जर्जर पुल लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। पुल पर आए दिन जाम की स्थिति बनती थी और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। स्थानीय लोगों की मांग पर पुराने पुल के समानांतर नए पुल का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने लगभग एक वर्ष में निर्माण कार्य पूरा कर पुल को जनता के लिए समर्पित कर दिया। लोकार्पण समारोह से पूर्व कार्यक्रम के संयोजक रूपेश प्रताप सिंह लकी ने अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया तथा विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया।

इस अवसर पर बाराबंकी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, पवन कुमार सिंह रिंकू, परमेन्द्र विक्रम सिंह, प्रदीप द्विवेदी, दीपक वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, कमलेश वर्मा, प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें, दिए निर्देश

**सीतापुर।** संपूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना रामपुर कला में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने राजस्व संबंधी विवादों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी विवाद, महिला अपराध, भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने तथा आवश्यक होने पर निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही थाना समाधान दिवस रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूरा विवरण दर्ज करने और अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कब्र से निकाला गया शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप
- पुलिस ने नहीं कराई पहचान, अज्ञात में किया था अंतिम संस्कार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

करीब 40 दिन पहले सफेदाबाद रेलवे क्रॉसिंग के पास अज्ञात अवस्था में मिले 18 वर्षीय मो. सैफ के शव को शुक्रवार को जिला प्रशासन के आदेश पर कब्र से बाहर निकाला गया।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के आदेश पर नायब तहसीलदार सदर (देवा), थाना जहांगीराबाद के प्रभारी निरीक्षक हरि प्रसाद उपाध्याय तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कराई गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को लखनऊ भेजा गया। मो. सैफ 14 जून 2026 की रात करीब 8 बजे लखनऊ के सआदतगंज क्षेत्र से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी 17 जून 2026 को थाना सआदतगंज में दर्ज कराई थी।

इसी बीच 15 जून 2026 को बाराबंकी के सफेदाबाद रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नीट पेपर लीक सहित किसानों को खाद बीज की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा अलग अलग धरना प्रदर्शन एवं मार्च निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन दिया और नारेबाजी की। भीम आर्मी के जिला संरक्षक एडवोकेट शिव बरन सिंह की अगुवाई में दिल्ली में लाठी चार्ज व पेपर लीक के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुभाष चंद्र रावत स्टूडेंट फेडरेशन जिला अध्यक्ष ऋषभ देश मुख, दिलीप कुमार पाल, पूर्व मण्डल प्रभारी अयोध्या, विपिन बहुजन, जिला महा सचिव , अरुन धीमान, जिला उपाध्यक्ष,रजनीश कुमार वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, बलराम नायक जिला प्रवक्ता एड हंसराज, जलिा महा सचिव लीगल सेल राममिलन रावत, जलिा सचिव सूरज वर्मा, जलिा कार्यकारणी सदस्य एड रामशरण रावत, जिला सचिव लीगल सेल प्रवेश कुमार, जलिा संगठन मंत्री, रमेश चंद्र पटेल, जलिा उपाध्यक्ष, अंकित कुमार तहसील अध्यक्ष नवाब गंज रवि पासवान तहसील अध्यक्ष हैदरगढ़ अजीत कुमार तहसील अध्यक्ष फतेहपुर आशीष कुमार ब्लॉक अध्यक्ष बंकी अजय दद्दा ब्लॉक अध्यक्ष देवा, देवीदीन रावत ब्लॉक अध्यक्ष फतेहपुर राहुल ब्लॉक अध्यक्ष हरख राजेश कुमार ,ब्लॉक अध्यक्ष हैदर गढ़ अंजनी रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बनीकोडर आदि लोग प्रमुख रूप से प्रदर्शन में भाग लिया।

## फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हरौली में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकते मिले विवाहिता के शव को लेकर मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम शहाबपुर निवासी उम्मतुल पत्नी स्वर्गीय शफी ने 3 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री नरगिस की शादी हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हरौली निवासी अफजाल पुत्र कल्लू के साथ की थी जिसके एक डेढ़ वर्षीय पुत्र इकरार है शुक्रवार को उम्मतुल का शव उसी के घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला मायके के लोगों को शुक्रवार की शाम करीब चार बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर जब मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो घर पर ससुराल पक्ष का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। परिजनों ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। मृतका की मां का आरोप है कि घटनास्थल की परिस्थितियों और अन्य तथ्यों से उन्हें आत्महत्या के बजाय हत्या की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुर कल्लू,पति अफजाल,देवर रिजवान,ननद रेशमा और मोसिमा उनकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और सभी ने मिलकर साजिश के तहत उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया।मृतका की मां ने मसौली पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शनिवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम होने के बाद मृतका के परिजनो ने शव मृतका का अंतिम संस्कार शहाबपुर स्थित कब्रिस्तान में मुस्लिम रीति रिवाज से किया गया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा और सपा जिला उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। उन्होंने उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार डॉ. अनुराग को 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ता खाद की किल्लत, कालाबाजारी और अन्य जनसमस्याओं को लेकर नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे। यह प्रदर्शन क्षेत्र के किसानों और आम जनता की परेशानियों को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया था।जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने कहा कि क्षेत्र में खाद की भारी किल्लत और कालाबाजारी रोकने की मांग की गई है। बाढ़ के समय बिजली कटौती की समस्या को देखते हुए प्रत्येक गांव और बांध पर सौर ऊर्जा लाइटें लगवाने की मांग के साथ ही अलीनगर और दनापुर गांवों में पक्की सड़कों का निर्माण, बाढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेडिकल कैंप लगवाना और दिल्ली में चल रहे छात्र आंदोलन में घायल छात्रों को इलाज के लिए मुआवजा दिए जाने की मांग भी की गई।सपा ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान और छात्र दोनों परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में खाद उपलब्ध नहीं है और जो मिल भी रही है, उसकी कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष जारी रखने की बात कही।उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रमुख मांगों पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। खाद की समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मौके पर ही वार्ता की और जिन किसानों को खाद नहीं मिली थी, उन्हें खाद दिलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा लाइट लगाने के प्रस्ताव पर भी विचार करने की बात कही।

## ग्राम पंचायतों के ऑडिट के नाम पर धन उगाही का आरोप

**सीतापुर।** जनपद की ग्राम पंचायतों के ऑडिट को लेकर धन उगाही के आरोप सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, कई ग्राम प्रधानों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि पंचायतीराज विभाग में केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के व्यय के ऑडिट के लिए टीम आई हुई है। सूत्रों का दावा है कि विकासखंड स्तर पर तैनात सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को प्रत्येक ग्राम पंचायत से 1,500 एकत्र कर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में संविदा पर कार्यरत लेखाकार रोहित सक्सेना के पास जमा कराने के मौखिक निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, यदि जनपद की सभी 1,575 ग्राम पंचायतों से 1,500 की वसूली की जाती है, तो कुल राशि करीब 23.62 लाख (23,62,500) होती है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह गंभीर मामला हो सकता है।

# छात्र नौजवान किसान हमारे देश की रीढ़: राजेश यादव



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

छात्र जवान किसान हमारे देश की रीढ की हड्डी हैं इनकी रक्षा सुरक्षा संवर्धन से ही देश निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर होगा।

उक्त बात पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू के नेतृत्व में एवं जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में गन्ना दफ्तर में किसानों को उनकी मांग के अनुरूप उपलब्ध नहीं हो रही यूरिया एवं डीएपी खाद के साथ छात्रों के हक अधिकारों को सुरक्षित करने के साथ नीट पेपर लीक के विरोध में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा के लिए किया जा रहे हैं उनके आंदोलन के समर्थन एवं मौलाना मोहम्मद जौहर अली यूनिवर्सिटी के 38 ब्लॉकों को तोड़े जाने के विरोध में एवं स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ बिल में की जा रही धोखाधड़ी के विरोध में एवं जनपद की सड़कों की देखरेख एवं उनमें बने बड़े-बड़े गड्ढों को तत्काल मरम्मत कराए जाने के लिए आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों से वार्ता के दौरान व्यक्त किये। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद के अध्यक्षता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू की अगुवाई में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता गन्ना दफ्तर में एकत्रित होकर सरकार कि किसानों नौजवानों छात्रों के विरोध में उठाए जा रहे हैं कदमों का विरोध करते हुए किसानों को तत्काल यूरिया और डीएपी उपलब्ध कराने की मांग करते हुए छात्रों के हक अधिकारों की आवाज उठाते हुए धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगते हुए जौहर यूनिवर्सिटी के संरक्षण के लिए अपनी आवाज उठाते हुए गन्ना दफ्तर से कलेक्ट के लिए मार्च कर जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल इस पर कार्रवाई करने की मांग की।

# लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना कुर्सी पुलिस ने लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार,तीन मोबाइल फोन, 1900 रुपये नकद तथा एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पूछताछ में आरोपियों ने देवा थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी की वारदात में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस के अनुसार लखनऊ के गुडम्बा थाना क्षेत्र के बेहटा निवासी मोहम्मद मुस्तकीम पुत्र साजिद अली ने तहरीर देकर बताया था कि 22 जुलाई 2026 को वह अपने भतीजे मोहम्मद मुकीम के साथ मोटरसाइकिल से सद्दीपुर बगिया अमरूद लेने जा रहे थे।कुर्सी-देवा मार्ग पर पीछे से आई काले रंग की कार में सवार तीन-चार युवकों ने उनकी बाइक रुकवाकर धमकाया और उनकी जेब से 2800 रुपये, एक ओप्पो मोबाइल तथा उनके भतीजे का वीवो मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना कुर्सी पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से घटना का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को लिखना अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में साहिद रजा उर्फ मोहम्मद अयान निवासी पलका थाना गुडम्बा लखनऊ, आकिब निवासी नई बस्ती अनवारी थाना कुर्सी, समीर निवासी पैकरामऊ थाना गुडम्बा लखनऊ, मुज्जमिल उर्फ छोटू निवासी अनवारी थाना कुर्सी तथा रोमान अंसारी निवासी बेहटा थाना गुडम्बा लखनऊ शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की 1900 रुपये नकदी, तीन मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त कार संख्या यूपी-32 आरएम-7452 तथा आरोपी आकिब के पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे लखनऊ स्थित एक कार रेंटल एजेंसी से किराये पर वाहन लेकर उसी का इस्तेमाल चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने में करते थे। आरोपियों ने थाना देवा क्षेत्र में हुई एक चोरी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, जिसके संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास तथा अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

# प्रधानाचार्य कक्ष में निकला सांप, पकड़कर जंगल में छोड़ा

- सुरक्षित रेस्क्यू होने पर विद्यालय प्रशासन ने ली राहत की सांस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड गौरीगंज के गौरीपुर कंपोजिट विद्यालय में शनिवार सुबह अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय खुलने के बाद प्रिंसिपल कक्ष में एक सांप और विषखोपड़ी दिखाई दिए। दोनों कक्ष में रखी अलमारी के पीछे छिपे हुए थे। सूचना मिलते ही सर्पमित्र पप्पू मौर्य मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू के बाद दोनों को सुरक्षित पकड़ लिया। घटना के दौरान एहतियातन प्रिंसिपल कक्ष को खाली करा दिया गया और बच्चों को उस स्थान से दूर रखा गया। रेस्क्यू के बाद सांप और विषखोपड़ी को बिना किसी नुकसान के पास के जंगल में छोड़ दिया गया। इस घटना में किसी छात्र, शिक्षक या कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सर्पमित्र पप्पू मौर्य ने बताया कि बारिश के मौसम में बिलों में पानी भर जाने के कारण सांप और अन्य वन्यजीव सुरक्षित स्थानों की तलाश में पहुंच जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे जीव दिखाई देने पर उन्हें मारने या खुद पकड़ने की कोशिश न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग या प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना दें। विद्यालय प्रशासन ने समय रहते सुरक्षित रेस्क्यू होने पर राहत की सांस ली।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी, सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार देर शाम जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, सर्राफा एवं बर्तन व्यवसायियों, पेट्रोल पंप तथा गेस्ट हाउस संचालकों सहित अन्य व्यापारियों के साथ गोष्ठी की।

बैठक में एएसपी ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सभी प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।

विशेष रूप से सर्राफा व्यवसायियों से दुकानों के भीतर के साथ-साथ बाहर की ओर भी कैमरे लगाने को कहा गया, ताकि किसी भी आपराधिक घटना के खुलासे में पुलिस को सहायता मिल सके। गोष्ठी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था और सड़कों से अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दों पर भी व्यापारियों से सुझाव लिए गए। एएसपी ने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने व्यापारियों को सलाह दी कि बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता अवश्य लें।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने भी सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए, जिन पर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## पोपकॉर्न मेकिंग मशीन वितरण हेतु साक्षात्कार 29 जुलाई को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनपद को पोपकॉर्न मेकिंग मशीन एवं दोना मेकिंग मशीन के निःशुल्क वितरण के लिए 8-8 लाभार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है।उन्होंने बताया कि प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों के परीक्षण एवं चयन के लिए आवेदकों का साक्षात्कार 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार जिला ग्रामोद्योग कार्यालय गौरीगंज अमेठी में क्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या मंडल, अयोध्या की अध्यक्षता में संपन्न होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सभी पात्र आवेदकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों सहित साक्षात्कार में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

# कृति पब्लिक स्कूल में बोर्ड टॉपर्स का किया गया सम्मान

- मेधावियों को नकद पुरस्कार व पौधे भेंट

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कृति पब्लिक स्कूल, बाराबंकी में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य बोर्ड टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को शानदार परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और परिवार व शिक्षकों के सहयोग का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने और समाज व राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या फरज़ाना शकील अली ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, नवाचार और आजीवन सीखने की भावना विकसित करने पर बल दिया।

# नि:शुल्क छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की समय-सारिणी जारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 26-27 हेतु पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए विद्यालयों, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

पूर्वदशम एवं दशमोत्तर योजनाओं के अंतर्गत मास्टर डाटा सत्यापन, संस्थाओं का प्रोफाइल अपडेट, ऑनलाइन आवेदन, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण तथा छात्रों के आवेदन पत्रों का सत्यापन निर्धारित तिथियों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं के नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आगामी 11 अगस्त से प्रारंभ होगी। वहीं नवीन छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया भी 11 अगस्त से शुरू होकर 21 सितंबर तक चलेगी। इसके बाद आवेदन पत्रों का सत्यापन एवं अनुमोदन संबंधित संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी पात्र छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा आवश्यक अभिलेखों को समय से संबंधित शिक्षण संस्थानों में जमा कराएं, ताकि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## उ.मा.वि. बरियापुर में कैरियर मार्गदर्शन का दिया गया प्रशिक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** आज छात्रों के सामने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद है और छात्र सही विकल्प कैसे चुने इसी को देखते हुए सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत द्वारा कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सुमन शुक्ला ने किय। संध्या विश्वकर्मा छात्रा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और साहस इंटर्न ने उच्च विकास खण्ड अमेठी के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय बरियापुर में कैरियर काउंसलिंग में कहा कि प्रत्येक छात्र की इच्छा और रुचि अलग अलग होती है। सही मार्ग दर्शन ही आपके भविष्य की चुनौतियों और अवसरों को मानसिक रूप से तैयार करता है। तकनीकी प्रगति, तेजी से बदलता जॉब मार्केट, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अनिश्चित भविष्य ने कैरियर निर्णय को एक गंभीर और सोच समझकर लिया जाने वाला कदम बना दिया है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कई पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त कर रही वही नई भूमिकाएँ जन्म ले रही हैं। छात्रों को केवल परीक्षा पास करने या डिग्री लेने की चुनौती नहीं है बल्कि सही कैरियर दिशा चुनने की भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर शांति देवी, मीना, कुसुम सिंह, रेशमा देवी सहित 40 से अधिक बच्चे उपस्थित रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई दिशा समिति की बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की 30 से अधिक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों और सुझावों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया और सांसद आदर्श ग्राम योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पिछली दिशा बैठक में उठाए गए मुद्दों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे समिति ने अनुमोदित किया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने भरोसा दिलाया कि जनप्रतिनिधियों के सभी निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन कराया जाएगा। बैठक में एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल, विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक महाराजी प्रजापति, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक के अंत में सांसद ने राकेश पांडेय की पुस्तक उत्तर प्रदेश का स्वतंत्रता संग्राम अमेठी का विमोचन भी किया।

# पालिका परिषद में कूड़ा कलेक्शन होगा डिजिटल

**हर घर पर लग रहे रेडियो आवृत्ति पहचान टैग**



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अब तकनीक से जोड़ा जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत घर-घर कूड़ा संग्रहण को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए नगर के प्रत्येक भवन पर रेडियो आवृत्ति पहचान टैग लगाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस आधुनिक इंटरनेट आधारित प्रणाली से घर-घर कूड़ा संग्रहण की ऑनलाइन निगरानी होगी। इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग नियमित रूप से उठाया जा रहा है। साथ ही सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय की जा सकेगी।

अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि गुरसहायगंज को स्वच्छ और आदर्श नगर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। तकनीक के माध्यम से अब हम यह ट्रैक कर सकेंगे कि किस घर से कूड़ा उठाया गया और किस घर से नहीं। इससे लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य 100 प्रतिशत स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण सुनिश्चित करना है। जब हर घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग मिलेगा तो उसका निस्तारण भी वैज्ञानिक तरीके से हो सकेगा। इससे न सिर्फ शहर साफ रहेगा बल्कि कचरे से खाद और ऊर्जा भी बनाई जा सकेगी। अनिल कुमार ने कहा कि सभी नागरिक इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अपने घरों पर लगाए जा रहे टैग को सुरक्षित रखें और कूड़ा गाड़ी के समय पर गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग दें। आपका थोड़ा सा सहयोग पूरे शहर को स्वच्छ बना देगा। नगर पालिका की टीम लगातार फील्ड में है और किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मुन्नी देवी ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं आधुनिक बनाने के लिए तकनीक का उपयोग समय की मांग है। रेडियो आवृत्ति पहचान आधारित यह व्यवस्था हर घर तक बेहतर स्वच्छता सेवा पहुंचाने के साथ कर्मचारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगी। नगरवासियों का सहयोग इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। हम सभी के संयुक्त प्रयासों से गुरसहायगंज को प्रदेश के स्वच्छ एवं आदर्श नगरों की श्रेणी में स्थापित करेंगे। नगर पालिका ने अपील की है कि नागरिक अपने घरों में गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें, टैग लगवाने में सहयोग करें और घर-घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था का नियमित पालन करें।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**अमर जवान ज्योति पर डीएम-एसपी समेत सैन्य अधिकारियों ने किया पुष्पचक्र अर्पित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को अमर जवान ज्योति पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा तथा दि सिख लाइट रेजीमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन समेत सैन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कारगिल युद्ध के वीरों के शौर्य को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों से साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर किसी भी अनजान व्यक्ति को व्यक्तिगत जानकारी न दें। साथ ही बताया कि कन्नौज में पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस सुविधा शुरू कराने की दिशा में प्रयास जारी हैं। समारोह में छह वीर नारियों–हशमुखी देवी, उमा देवी, शांति देवी, रामवती, कमला देवी और शशि देवी–का सम्मान किया गया। कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले ऑनरेरी कैप्टन रवीन्द्र कुमार (सेना मेडल) को भी सम्मानित किया गया। अंत में कर्नल रोहित भटारा ने सभी पूर्व सैनिकों को कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारियों सहित लगभग 80 पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## थाने के सामने से चाबी लगी बाइक ले उड़ा चोर

**तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा तहसील के ठठिया थाने के सामने शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। दुकान पर सामान खरीदने गए युवक की चाबी लगी बाइक को एक शातिर चोर कुछ ही पलों में लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पल्टेपुर्वा गांव निवासी संदीप कुमार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी बाइक से ठठिया थाने के सामने स्थित एक किराना दुकान पर सामान खरीदने पहुंचे थे। जल्दबाजी में वह बाइक में चाबी लगी छोड़कर दुकान के अंदर चले गए। इसी दौरान पैदल आया एक युवक बाइक के पास रुका और कुछ देर मोबाइल पर बात करने का नाटक करता रहा। आसपास का माहौल भांपने के बाद उसने बाइक स्टार्ट की और मौके से फरार हो गया।

# प्रथम मासिक परीक्षा संपन्न, 27 को आयेगा परिणाम

**कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ होगी पीटीए बैठक**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के नवीन शैक्षिक पंचांग 2026-27 के तहत तथा जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशानुसार विद्यालय में 24 और 25 जुलाई को प्रथम मासिक परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

नगर के हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के परीक्षा संयोजक मेजर संदीप कुमार माधव ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक पंजीकृत 1991 विद्यार्थियों में से 1770 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। दूसरे दिन कक्षा 11 के 596 पंजीकृत विद्यार्थियों में 514 तथा कक्षा 12 के 516 में से 478 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जूनियर वर्ग के 274 विद्यार्थियों की परीक्षा भी अलग से आयोजित की गई। प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के अधिगम स्तर और शैक्षिक प्रगति के आंकलन के उद्देश्य से परीक्षा कराई गई है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर 27 जुलाई को परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। परिणाम के आधार पर पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष उपचारात्मक (रेमेडियल) कक्षाएं संचालित की जाएंगी। सोमवार को मध्यांतर के बाद कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ पीटीए बैठक होगी, जिसमें छात्रों की प्रगति, सुझाव और समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। परीक्षा संचालन में विवेक दीक्षित, डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सत्यपाल सिंह, रूपेश खंडेलवाल, फैजान अशफाक और तसलीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में पूर्व सैनिकों का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक सुभाषचंद्र दुबे तथा सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह का स्वागत व सम्मान वंदन की बहनों ने किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने भी सैनिकों का सम्मान करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। पूर्व सैनिक सुभाषचंद्र दुबे ने बच्चों को कारगिल की भौगोलिक स्थिति, दुर्गम पहाड़ियों तथा सैनिकों के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के त्याग और बलिदान का स्मरण कराता है। आचार्य अनुराग कुमार ने भी सैनिकों के शौर्य पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में अरुण प्रकाश ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बीआरसी छिबरामऊ में बीईओ-एचएम की हुई बैठक

**निपुण लक्ष्य व विभागीय योजनाओं पर दिए गए अहम निर्देश**




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) छिबरामऊ में शनिवार को बीईओ-एचएम बैठक आयोजित की गई, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को नवीन निर्देशों से अवगत कराया गया।

बैठक की शुरुआत एआरपी अच्युत त्रिपाठी ने निपुण लक्ष्य में हुए बदलावों की जानकारी देते हुए की। उन्होंने बताया कि अब निपुण लक्ष्य कक्षा 1 से 5 तक लागू किए गए हैं। साथ ही निपुण प्लस ऐप के इंटरफेस पर होने वाले आकलन को पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। इसके बाद एआरपी राजेश गौतम ने 10 पॉइंट टूलकिट, शिक्षक डायरी, संदर्शिका तथा अन्य विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की।

एआरपी अर्चना चतुर्वेदी ने बच्चों में पठन संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ाने की आवश्यकता बताई। एआरपी सुशील दुबे ने कक्षा 5 एवं 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का नामांकन प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। अंत में एआरपी योगेश यादव ने बरसात के दौरान जर्जर भवनों में बच्चों को न बैठाने और ऐसे विद्यालयों की सूचना तत्काल बीआरसी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागीय योजनाओं के प्रभावी संचालन पर विशेष बल दिया गया।

## रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नवीन मंडी में मक्का बेचने जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। ग्राम उधरनपुर पोस्ट खबरियापुर निवासी 32 वर्षीय राघव त्रिपाठी पुत्र सुनील त्रिपाठी शनिवार सुबह गांव के ही अमन चतुर्वेदी पुत्र वीरेंद्र चतुर्वेदी के ट्रैक्टर से मक्का लेकर नवीन मंडी छिबरामऊ जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर श्रीराम गेस्ट हाउस के सामने पहुंचा, पीछे से आ रही रोडवेज बस ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली सहित पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार राघव त्रिपाठी तथा गांव के ही दसरथ पुत्र पहलमान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के पास 21 शिकायतें पहुंची, जिसमें 7 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व की 16 तथा पुलिस की 5 सहित कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें पुलिस की 4 और राजस्व की 3 शिकायतों सहित 7 का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। अधिकारियों ने शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित रजिस्टर में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

### मजदूर की बेटी ने कबाड़ से बनाया लाइव डिटेक्टिव फॉर्मूला बॉक्स

**तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा क्षेत्र के किनौरा गांव स्थित जूनियर विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा ने गणित को आसान और रोचक बनाने के लिए कबाड़ से लाइव डिटेक्टिव फॉर्मूला बॉक्स तैयार किया है। महज 50 रुपये की लागत से बने इस मॉडल की खासियत यह है कि सही उत्तर चुनने पर एलईडी लाइट जल उठती है, जबकि गलत उत्तर पर लाइट नहीं जलती। लिलुइया गांव निवासी 13 वर्षीय वर्षा ने बताया कि यह मॉडल बनाने का विचार उन्हें उनके गणित शिक्षक से मिला। प्रोजेक्ट तैयार करने में खाली जूते का डिब्बा, पुराना मोबाइल चार्जर, एलईडी बल्ब, स्क्रू-पेच और अन्य कबाड़ सामग्री का उपयोग किया गया। बॉक्स के एक हिस्से में गणित के प्रश्न और सूत्र, जबकि दूसरे हिस्से में उनके संभावित उत्तर दिए गए हैं। चार्जर और टेस्टर की मदद से सही उत्तर जोड़ने पर एलईडी जल जाती है, जिससे विद्यार्थी तुरंत अपने उत्तर की जांच कर सकते हैं। वर्षा ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बेटी को निजी विद्यालय में नहीं पढ़ा सके, लेकिन वह सरकारी विद्यालय में भी पूरी लगन से पढ़ाई कर रही है और हमेशा कुछ नया सीखने व बनाने का प्रयास करती रहती है।

### लाठीचार्ज के विरोध में भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी का प्रदर्शन

**कन्नौज।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सूरज कुमार कर्ण और प्रभात गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर रेशमा सहाय को सौंपा। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार कर्ण ने कहा कि पेपर लीक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस मामले में जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की और कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए और भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान मनोज जाटव, जितेंद्र जाटव, रमन वाल्मीकि, विश्राम कुमार, अजीत कुमार, सुरेश कुमार, राजवीन दोहरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, शाम तक छात्र संगठनों और सरकार के बीच सहमति बनने के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

# कार्यकर्ता अपना कर्तव्य समझें तभी संगठन बनेगा सशक्त : पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील रोड स्थित कल्पना गेस्ट हाउस में आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (राष्ट्रीय) की 'प्रबुद्ध जागरण यात्रा' बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में ब्राह्मण समाज के संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक जागरूकता, युवाओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व को मजबूत करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि संगठन तभी सशक्त बन सकता है जब हर कार्यकर्ता समाज सेवा को अपना कर्तव्य समझे। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए हमें समाज को आगे बढ़ाना होगा। युवाओं को संगठन से जोड़कर ही हम भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। कानपुर मंडल प्रभारी डॉ. सरित द्विवेदी ने कहा कि प्रबुद्ध जागरण यात्रा का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। हमें एकजुट होकर शिक्षा, सेवा और सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि समाज का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रिंकू तिवारी, अरुण दुबे, शिवम, देवेश दीक्षित, अश्मित मिश्रा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


# शॉर्ट सर्किट से आरओ प्लांट में लगी आग, दस्तावेज राख

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सिकंदरपुर क्षेत्र के चंद्रपुर मार्ग स्थित हरीनगर में संचालित बालाजी आरओ प्लांट में शुक्रवार रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आई मशीनें और दस्तावेज जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी पाकर विधायक अर्चना पांडेय भी मौके पर पहुंचीं।

शनिवार सुबह प्लांट संचालक आशीष पाल जब मौके पर पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। आग की चपेट में आकर प्लांट में लगी मशीनें, आवश्यक उपकरण, फर्नीचर, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। संचालक ने बताया कि उन्होंने फरवरी माह में सिकंदरपुर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से 5 लाख का ऋण तथा रिश्तेदारों से 3 लाख उधार लेकर प्लांट शुरू किया था। अभी प्लांट को संचालित हुए केवल पांच माह ही हुए थे कि यह हादसा हो गया। अचानक हुई इस आग से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचीं विधायक अर्चना पांडेय ने घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

## संतोषा के युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**समधन।** नगर के मोहल्ला नेहरू नगर संतोषा निवासी अजय यादव 35 वर्ष की पंजाब में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई अजय यादव रघुवीर यादव के पुत्र थे। अजय पंजाब में एक लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थे 5 दिन पहले देर शाम वह अपने साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर शहर में किसी काम से जा रहे थे इसी दौरान वाइक का संतुलन बिगड़ने से वह डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में अजय यादव की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार सुबह अजय यादव का शव उनके पैतृक गांव संतोषा पहुंचा शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लड़ाई डर गई।

## एसएमडी डिग्री कॉलेज में आईबीएम व सीएसजेएमयू के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन हैकाथॉन आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के एसएमडी डिग्री कॉलेज में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंप्यूटर कंपनी आईबीएम के संयुक्त सहयोग से ऑनलाइन हैकाथॉन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस हैकाथॉन में समृद्धि कॉलेज अहिरुआ राजा रामपुर, जयवीर सिंह महाविद्यालय मिश्रापुर, राम चन्द्र महाविद्यालय ऐराहो, कप्तान सिंह महाविद्यालय सराय प्रयाग, विद्या प्रकाश महाविद्यालय उधरनपुर, कन्नौज डिग्री कॉलेज छिबरामऊ, ब्रजेन्द्र सिंह मिथलेश कुमारी महाविद्यालय, बाबू सिंह महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय तिर्वा, ओम शिव महाविद्यालय कन्नौज, ग्लोबल डिग्री कॉलेज तथा मेजबान एसएमडी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक, समस्या-समाधान कौशल और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न चुनौतियों पर काम किया। कॉलेज प्रशासन और आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# जलभराव की समस्या, ईओ को दिया गया ज्ञापन

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के इस्माइलपुर मोहल्ले में जलभराव की गंभीर समस्या से परेशान स्थानीय निवासियों ने एआईएमआईएम नेताओं के साथ मिलकर नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी (ईओ) को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें क्षतिग्रस्त नालें और घरों में गन्दा पानी घुसने से उत्पन्न स्थिति पर तत्काल कार्यवाही की मांग की गई है।

एआईएमआईएम प्रवक्ता वसीम ओवैसी और उनके साथियों ने बताया कि मोहल्ला इस्लाम नगर इस्माइलपुर में प्रशासनिक लापरवाही के कारण जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। क्षतिग्रस्त नालें से गन्दा पानी और कूड़ा ओवरफ्लो होकर सीधे स्थानीय नागरिकों के घरों में घुस रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रास्तों पर गन्दा पानी भरा होने के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा, स्थानीय निवासियों का रोजमर्रा का जीवनयापन और घर से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। जिससे उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। लंबे समय से जलभराव और गंदगी के कारण मोहल्ले में संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोग इस स्थिति से भयभीत हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में घिरे हुए हैं। नागरिकों और प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द संज्ञान लिया जाए और युद्ध स्तर पर इसका समाधान कराया जाए।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर सपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र संगठनों और सीजेपी के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं और छात्रों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की और इसे छात्रों के संघर्ष की जीत बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी रईस मंसूरी ने कहा कि यदि केंद्र सरकार समय रहते छात्रों से संवाद करती तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अनदेखी से छात्रों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। पूर्व विधानसभा प्रभारी अच्छे खां ने कहा कि यह केवल एक इस्तीफा नहीं, बल्कि देश के युवाओं के संघर्ष और लोकतांत्रिक आवाज की जीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों के व्यापक आंदोलन और देशभर में बढ़ते जनदबाव के बाद सरकार को यह फैसला लेना पड़ा।

कार्यक्रम में आरिफ मंसूरी, कामरान, असलम, मुशर्रफ शाहिद सहित बड़ी संख्या में छात्र और सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्र एकता की जीत पर समाजवादियों ने मनाया जश्न, खिलाई मिठाई



**गुरसहायगंज कन्नौज।** छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इसे छात्र एकता की बड़ी जीत बताते हुए जश्न मनाया। इस दौरान पटाखे छोड़े गए और छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सचिव, समाजवादी लोहिया वाहिनी डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने किया। डॉ. अरुण कुमार शर्मा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी ने कहा कि यह जीत देशभर के छात्र-छात्राओं की एकजुटता, संघर्ष और लोकतांत्रिक आवाज़ की जीत है। छात्र एकता ने साबित कर दिया है कि जब युवा संगठित होकर अपनी बात मजबूती से रखते हैं, तब सरकार को भी झुकना पड़ता है। आज छात्रों की आवाज़ सुनी गई है और यह लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने छात्र एकता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी हम छात्र हितों के लिए इसी तरह सड़कों पर संघर्ष करते रहेंगे और किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करेंगे। जश्न में मोहित पाठक जिला उपाध्यक्ष, शिक्षक सभा, अभिषेक यादव, गोल्डी गुप्ता, विपिन यादव, राकेश बाबू कुशवाहा, संजेश यादव, रंजीत यादव, प्रशांत यादव, अंकित यादव, अर्नब गुप्ता, इरशाद खान, सागर सेजबार, इकबाल आलम, परवेज आलम, शकील अहमद, नितिन, आकाश, विकास, अखंड राज वर्मा, कृष्ण श्रीवास्तव, मोहम्मद अल्तमश, अरशद, आकाश शर्मा और हिमांशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और छात्र एकता को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए भविष्य में भी छात्र हितों की आवाज़ बुलंद करने का संकल्प लिया।

# कंप्यूटेशनल थिंकिंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुई कार्यशाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



जेपी एजुकेशन एकेडमी में आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंप्यूटेशनल थिंकिंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे देवेंद्र सिंह ने कंप्यूटेशनल थिंकिंग की अवधारणा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वर्तमान और भविष्य में बढ़ते महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। देवेंद्र सिंह ने कहा कि आज के समय में केवल तकनीक का उपयोग करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समस्याओं का तार्किक विश्लेषण कर उनके समाधान विकसित करने की क्षमता भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कंप्यूटेशनल थिंकिंग तार्किक निर्णय क्षमता, नवाचार और समस्या समाधान की सोच को विकसित करती है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में तेजी से बदलाव ला रहा है। उन्होंने कार्यशाला में एआई के व्यावहारिक उपयोग, मशीन लर्निंग, चैटबॉट, रोबोटिक्स तथा भविष्य में तकनीक की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि आने वाले समय में इन तकनीकों की समझ प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक तकनीकी विषयों पर इस प्रकार की कार्यशालाएं समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने मुख्य वक्ता देवेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे संस्थान में तकनीकी जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा मिलता रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रबंधक इंद्र कुमार गुप्ता उत्कर्ष गुप्ता सिद्धार्थ गुप्ता सहित शिक्षक छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# सीएमओ के सतत प्रयासों से लोहिया चिकित्सालय ने रचा नया इतिहास

- ट्रॉमा सेंटर हुआ क्रियाशील, क्रिटिकल केयर ब्लॉक में पहली सफल सर्जरी
- सर्जन डॉ. रोहित तिवारी ने हरदोई की किशोरी का किया सफल ऑपरेशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय के दूरदर्शी विजन, कुशल नेतृत्व एवं सतत विशेष प्रयासों से जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय परिसर में नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर को क्रियाशील करते हुए ओपीडी एवं ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का विधिवत संचालन प्रारंभ कर दिया गया। क्रिटिकल केयर ब्लॉक के ऑपरेशन थिएटर में पहली जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। क्रिटिकल केयर ब्लॉक में पहला

सफल ऑपरेशन पड़ोसी जनपद हरदोई के नारायणपुर निवासी 18 वर्षीय राखी का किया गया, जो पिछले लगभग तीन वर्षों से सीने में गांठ की समस्या से पीड़ित थी। विभिन्न स्थानों पर उपचार के बावजूद राहत न मिलने पर परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय पहुंचे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में गठित चिकित्सकीय टीम द्वारा मरीज की विस्तृत जांच की गई।

इसके उपरांत सीएमओ के निर्देशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श के बाद सर्जन डॉ. रोहित तिवारी ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। इसके बाद अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित क्रिटिकल केयर ब्लॉक के ऑपरेशन थिएटर में पहली ही सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति सामान्य है तथा चिकित्सकीय निगरानी में उसका उपचार जारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने बताया कि जनपदवासियों


मरीज के साथ मौजूद सीएमओ, डॉ. रोहित तिवारी व अन्य

को महानगरों जैसी आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके विशेष प्रयासों से ट्रॉमा सेंटर को क्रियाशील करते हुए ओपीडी एवं ओटी का संचालन शुरू कराया गया है, जिससे अब गंभीर एवं जटिल मरीजों को समयबद्ध उपचार की सुविधा जनपद में ही उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को बेहतर, सुरक्षित एवं सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा सेंटर एवं क्रिटिकल केयर ब्लॉक का संचालन जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे जनपद के साथ-साथ आसपास के जनपदों के गंभीर मरीजों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ मिलेगा तथा जटिल सर्जरी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय के निर्देशन एवं सतत चिकित्सकीय पर्यवेक्षण में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगमोहन शर्मा, सर्जन डॉ. रोहित तिवारी, स्टाफ नर्स अनीता लाल, मेघा एवं मनोज सहित पूरी चिकित्सकीय टीम ने उत्कृष्ट समन्वय के साथ पहली सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की।

ऑपरेशन के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सकीय टीम से मरीज की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा पूरी टीम की कार्यनिष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों के साथ समर्पित चिकित्सकीय टीम के संयुक्त प्रयासों से जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हैं। ट्रॉमा सेंटर के क्रियाशील होने तथा क्रिटिकल केयर ब्लॉक में पहली सफल सर्जरी के साथ जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिली है।

## खण्ड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों के साथ की बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के विकासखंड कार्यालय सभागार में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने शिक्षकों की बैठक बुलाई। जिसमें लक्ष्य के सापेक्ष अनुसार नवीन नामांकन की जिला अधिकारी के द्वारा मासिक समीक्षा की गई। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया, इसके अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा बताया कि नवीन नामांकन का स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण के अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन अभी तक फैमिली आईडी, डीबीटी विद्यालय में साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान बताया गया की कई विद्यालय 6 से कम नामांकन कर पाए हैं।

जिसमें प्राथमिक विद्यालय नगला कोठी, प्राथमिक विद्यालय नगला मुकुट, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाबगंज प्राथमिक विद्यालय बासौदा, प्राथमिक विद्यालय नगला जोत, प्राथमिक विद्यालय रसीदाबाद बल्लभ, प्राथमिक विद्यालय गढ़िया प्राथमिक विद्यालय हरदुआ, प्राथमिक विद्यालय करिया बाकरपुर में पांच से कम नामांकन पाए गए, जबकि दूसरे चरण का लक्ष्य समापन की ओर है। जिसमें इन विद्यालय के शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, यदि दो दिन के अंदर लक्ष्य को प्राप्त किया जाए और लक्ष्य के अनुसार कार्य नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# कारगिल विजय दिवस पर राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में निकाली गई रैली

- चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में फतेहगढ़ स्थित राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सम्मान तथा कल्याण हेतु एक भव्य पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट माइकल डिसूजा द्वारा युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया।

इस दौरान कारगिल युद्ध सहित राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। रैली के अंतर्गत पूर्व सैनिकों और


पुष्पचक्र अर्पित करते कमांडेंट

उनके आश्रितों के स्वास्थ्य लाभ के लिए एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन हुआ। इस शिविर में कानपुर के मधुराज हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तथा मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा टीम ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी दर्ज कराई। चिकित्सा शिविर में स्त्री रोग, हड्डी रोग, ईएनटी, दंत रोग, त्वचा रोग, बाल रोग, हृदय रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं और उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा सुविधाएं दीं।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हुए उप जिलाधिकारी दीपक माथुर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के लिए राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा भी सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे लाभों और योजनाओं से सभी को अवगत कराया गया। कारगिल विजय दिवस के इस विशेष अवसर पर कारगिल युद्ध के वीर योद्धाओं तथा वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि भारतीय सेना अपने वीर पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के साथ सदैव मजबूती से खड़ी है तथा उनके कल्याण एवं सम्मान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। पूर्व सैनिक रैली ने राजपूत रेजिमेंट और उसके गौरवशाली पूर्व सैनिकों के बीच के अटूट संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया है। राजपूत रेजिमेंटल सेंटर ने यह स्पष्ट किया है कि वह अपने वीर पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सम्मान, कल्याण और सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# 42 वाहनों के चालान, लगाया गया 4.35 लाख का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आरटीओ-प्रवर्तन कानपुर राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में परिवहन विभाग की 04 टीमो के द्वारा टैम्पो, ई-रिक्शा, मारूति वैन तथा निजी वाहनों से स्कूली बच्चों को ले जाने के विरूद्ध में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत, यात्री/मालकर अधिकारी कानपुर देहात स्मिता वर्मा, यात्री/मालकर अधिकारी औरैया मानवेन्द्र सिंह तथा यात्री/मालकर अधिकारी कन्नौज सुनीता सैनी की प्रवर्तन टीमों के द्वारा चलाया गया। यातायात उप निरीक्षक ओम प्रकाश पाण्डेय भी साथ रहे। अभियान के अन्तर्गत 42 वाहनों के चालान किये गये। 06 वाहन बन्द किये गये तथा रू0 4.35 लाख जुर्माना लगाया गया। स्कूल बस की विशिष्टियों के अनुसार स्कूल बस का रंग पीला हो, आगे पीछे स्कूल बस लिखा हो, स्कूल का नाम व टेलीफोन/मोबाइल नम्बर लिखा हो, 02 किग्रा की क्षमता के दो बीआईएस मार्क के अग्निशमन यंत्र हों, फर्स्टएड बाक्स हो, प्रत्येक सीट पर सीट बेल्ट लगी हो, सीटों के नीचे स्कूल बैग रखने का स्थान हो, सीसीटीवी कैमरा लगा


टेंपों का चालान करते अधिकारी

हो तथा क्रियाशील हो, जीपीएस लगा हो, गति सीमा यंत्र लगा हो, ताकि गति 40 किमी प्रतिघण्टा से अधिक न हो पाये, खिड़की में क्षैतिज स्टील की छड़ों को इस प्रकार फिट किया जायेगा कि दो छड़ो में 5 सेमी से अधिक का अन्तर न हो, स्कूल बस में प्रेशर हार्न व मल्टी टोन हार्न नहीं लगा हो, वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेन्स हो तथा कम से कम 5 वर्ष का वाहन चलाने का अनुभव हो। यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिसमें कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया व कानपुर नगर की टीमों द्वारा सघन कार्यवाही की जायेगी।

# जिला बदर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का उल्लंघन कर क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक जिला बदर शातिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफउत्तर प्रदेश गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, कास्टेबल आर्य चौधरी, कांस्टेबल विक्रान्त के साथ शनिवार को रेलवे स्टेशन तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि थाना क्षेत्र के गांव नगला विलौना निवासी श्यामू पाल पुत्र वीर सिंह, जिसे जिला बदर किया गया है, वह आदेश का उल्लंघन कर गांव नगला पति में रमेश पाल के मकान के बाहर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत नगला पति पहुंची। मुखबिर के बताए अनुसार


पुलिस हिरासत में आरोपी

पाकड़ के पेड़ के नीचे सफेद शर्ट पहनकर खड़े व्यक्ति को घेरकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्यामू पाल बताया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किसी निजी काम से आया था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट ने 2 अप्रैल को श्यामू पाल को 6 महीने के लिए जनपद की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया था। 9 मई को उसे जिले की ब्रह्मपुर सीमा से एटा जिले की सीमा में छोड़ा गया था, लेकिन जिला बदर की अवधि पूरी होने से पहले ही वह करीब ढाई महीने बाद क्षेत्र में वापस आ गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया।

# मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> पात्र व्यक्ति 16 से 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

सहायक निदेशक मत्स्य ने अवगत कराया है कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक मत्स्य पालक, मत्स्य उद्यमी एवं पात्र व्यक्ति 16 जुलाई से 31 जुलाई तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना। उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत बायोफ्लॉक आधारित आईस बॉक्स परियोजना। माता सुभद्रा महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना श्रेणी-1, 2 एवं 3 के जलाशय वाले जनपदों में केज स्थापनाद्ध। अन्तर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में मत्स्यिकी विकास हेतु नए तालाब निर्माण एवं प्रथम बार निवेश योजना। उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजना। विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि योजनाओं की लागत, पात्रता, आवश्यक अभिलेख एवं आवेदन प्रक्रिया का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

# राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थी तत्काल कराएं डीबीटी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय किस्त के भुगतान के दौरान अनेक लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी सक्रिय न होने के कारण भुगतान का ट्रांजेक्शन असफल हो गया। इसके परिणामस्वरूप कई पात्र पेंशनधारियों को वर्ष 2025-26 की पेंशन की धनराशि प्राप्त नहीं हो सकी। उन्होंने जनपद के समस्त वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते में तत्काल डीबीटी सक्रिय कराएं अथवा आवश्यकता होने पर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में पेंशन की धनराशि बिना किसी बाधा के सीधे उनके खाते में हस्तांतरित की जा सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अधिक जानकारी अथवा सहायता के लिए संबंधित विकास खंड कार्यालय में सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालय में समाज कल्याण पर्यवेक्षक अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवनए कक्ष संख्या-09 से संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल नंबर 8299504874 पर भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यदि लाभार्थी समय रहते अपने खाते में डीबीटी सक्रिय करा लेते हैं, तो वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किस्त का भुगतान भी बिना किसी तकनीकी बाधा के सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा सकेगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए उन्हें डीबीटी सक्रिय कराने के लिए प्रेरित करें, जिससे कोई भी पात्र पेंशनधारी पेंशन लाभ से वंचित न रहे।

# बिना सहमति दूसरी शादी करने पर महिला ने थाने में की शिकायत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रानीपुर गौर निवासी विनीता ने पति दिलीप पर लगाए आरोप जीवन-यापन और न्याय की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र रानीपुर गौर निवासी विनीता ने अपने पति पर बिना सहमति दूसरी शादी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने शनिवार को समाधान दिवस के दौरान प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय और वैधानिक अधिकार दिलाने की मांग की रानीपुर गौर निवासी विनीता देवी ने बताया कि उनकी शादी करीब 12 वर्ष पहले दिलीप कुमार पुत्र महिपाल सिंह के साथ हुई थी। विवाह के बाद उन्हें संतान नहीं हुई विनीता देवी का आरोप है कि संतान न होने के कारण उनके पति ने उनकी अनुमति और जानकारी के बिना दूसरी शादी कर ली। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 जुलाई को उनके पति, सास, ससुर और ननद घर छोड़कर चले गए। इसके बाद से वह न्याय की मांग को लेकर लगातार कोतवाली के चक्कर लगा रही हैं। पीड़िता ने थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में अपने जीवन-यापन के लिए कानूनी अधिकार दिलाने और पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाए।

# पुलिस ने चोरी के माल सहित दो को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने चोरी के मामले में खुलासा करते हुए दो युवकों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक अजब सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जुलाई को थाना मऊदरवाजा पर वादी श्री हरिनाथ सिंह पुत्र रामचन्द्र सिहं ग्राम रसीदपुर पोस्ट बरौन थाना मऊदरवाजा ने सिटिजन सर्विसेज पोर्टल के माध्यम से की गयी एफआई में धारा 303(2) बनाम अज्ञात प्राप्त हुयी। वादी ने तहरीर किया था 02 जून को अज्ञात चोरो द्वारा ग्राम बरौन में उसकी फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग पर बनी दुकान से रात


पुलिस हिरासत में आरोपी

में करीब 11 बजे मैन गेट का ताला तोड़कर दुकान में रखे इवेंर्टर व दो बैटरी व सीसीटीवी कैमरा की हार्ड डिस्क, डीवीआर चुरा ले गये तथा 24 जुलाई को थाना मऊदरवाजा पर वादिनी कु. सुजाता भारद्वाज पुत्री स्व. सुन्दरलाल नि. मोहल्ला चीनीग्राम कोतवाली फर्रुखाबाद ने दिये गये प्रा. पत्र कि 15 जुलाई को बीबीगंज स्थित उसके बंद पड़े मकान से अज्ञात चोरों द्वारा एक एसी व एक वाशिंग मशीन, ईन्वर्टर बैटरी सहित, एल.ई.डी. टीवी, गैस सिलेण्डर, गैस चूल्हा एवं किचिन का सामान आदि चोरी कर लिया के आधार पर थाना मऊदरवाजा पर धारा 305/331 (4) बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मुखबिर खास की सूचना पर थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण अमन पुत्र कामता निवासी कांशीराम कालोनी टाउनहाल थाना मऊदरवाजा व निकत उर्फ निखहत पुत्र स्व. गुड्डू निवासी मोहल्ला रकाबगंज थाना मऊदरवाजा को उपरोक्त मुकदमों से सम्बन्धित चोरी किये गये 01 वाशिंग मशीन व 01 विण्डो एसी तथा 01 स्टेबलाइजर व 1165 रुपये बरामद कर किये। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# नाबालिग को बहलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र की कुआंखेड़ा चौकी के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। पीड़ित ग्रामीण ने 28 जून को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 26 जून की रात उसकी 15 वर्षीय बेटी को कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस जांच में बुनियादपुर निवासी अहसान का नाम सामने आया। तहरीर के आधार पर मुकदमा


पुलिस हिरासत में आरोपी

दर्ज कर पुलिस ने किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने किशोरी को पहले ही बरामद कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने मीरगंज क्षेत्र से आरोपी अहसान को भी गिरफ्तार कर लिया। कुआंखेड़ा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मेडिकल परीक्षण के बाद किशोरी को न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए पेश किया जाएगा। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुआ पदग्रहण समारोह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना के विकास के उद्देश्य से पदग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत, संस्थापक स्वर्गीय चंद्र प्रकाश बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्काउट एवं गाइड दल तथा छात्र परिषद ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। जिसके लीडर अविघ्न मिश्रा रहे। स्काउट-गाइड की सब-लीडर आराध्या शर्मा के नेतृत्व में दल


शपथ लेती छात्रायें

ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। नवगठित छात्र परिषद के पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा उन्हें बैज प्रदान किए गए। सीनियर विंग में रविकांत ने स्कूल हेड बॉय एवं शैली मिश्रा ने स्कूल हेड गर्ल के रूप में पदभार ग्रहण किया, जबकि जूनियर विंग में नैतिक पाल ने हेड बॉय एवं आराध्या ने हेड गर्ल का दायित्व संभाला। प्रधानाचार्य पी0 रथ ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जूनियर विंग में खेल कप्तान अभिनव, खेल उपकप्तान अखलेश, अनुशासन कप्तान आर्यन, अनुशासन उपकप्तान अक्षिता, सांस्कृतिक कप्तान आरोही पाल, सांस्कृतिक उपकप्तान श्राव्या दीक्षित, जॉय हाउस कप्तान आयरा, पीस हाउस कप्तान गौरांशी, चैरिटी हाउस कप्तान अनन्या तथा होप हाउस कप्तान अन्वेक्षा शाक्य सहित सभी उपकप्तानों को दायित्व सौंपे गए। वहीं सीनियर विंग में विशेष शाक्य अनुशासन सचिव, जूलियस कला क्लब, माधव खेल क्लब कप्तान, उपेन्द्र खेल क्लब उपकप्तान, एंजल गुप्ता ईको क्लब, अक्षांशी सिंह विज्ञान क्लब, अनुष्का सिंह आईटी क्लब, दिव्या शाक्य सांस्कृतिक क्लब, वैष्णवी साहित्यिक क्लब, लविश, प्राची राजपूत, तितिक्षा, रचित प्रताप सिंह, यथार्थ सिंह राठौर, अव्वालिन अली, उम्मे कुलसुम तथा करण गुप्ता को विभिन्न उत्तरदायित्व सौंपे गए। डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं उत्तरदायित्व के साथ नेतृत्व करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में प्राप्त नेतृत्व के अवसर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त आधारशिला होते हैं।

प्रधानाचार्य पी. रथ ने छात्र परिषद के पदाधिकारियों को विद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य पी0 रथ ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उपनिदेशिका अंजू राजे ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। संचालन शैलवी रस्तोगी एवं अग्रिमा मिश्रा ने किया।

# पुत्री की हत्या करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुत्री की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कमालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जुलाई को वादिया की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर ईट पत्थर चलाना, जिससे वादिनी की पुत्री को पत्थर लग जाने से मृत्यु हो जाना व शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ था। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 105/125/351(2) बीएनएस के तहत बबलू पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम गुगौरा थाना कमालगंज आदि 04 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम


पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

में साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में नामजद अभियुक्तों की नामजदगी गलत पायी गई तथा अभियुक्त बबलू उर्फ डब्लू पुत्र छक्कू निवासी ग्राम गुगौरा का नाम प्रकाश में आया।

जिसके आधार पर अभियोग में धारा 105/125/351(2) बीएनएस का लोप तथा धारा 103(1) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। प्रकाश में आये अभियुक्त बबलू उर्फ डब्लू को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त बबलू उर्फ डब्लू ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं मजदूरी का काम करता हूँ। मेरी पुत्री जो बहुत ही ज्यादा बीमार रहती थी उसको सूखा रोग की बीमार हो गयी थी, मैने अपनी पुत्री का काफी इलाज लोहिया अस्पताल से कराया था, लेकिन वह ठीक नहीं हो रही थी तथा मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो गया।

मैं तथा मेरा परिवार मेरी पुत्री की बीमारी से बहुत ही ज्यादा परेशान हो गये थे। मैं जितना भी कमाता था वह सब इलाज में लग जाता था जिससे मेरे घर की स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब हो गयी। अपनी पुत्री से परेशान होकर मैंने ही अपने हाथों से उसका गला दबा कर हत्या कर दी थी।

# जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने की मांग

- आजाद समाज पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन
- पेपर लीक करने वालों को देशद्रोही घोषित करने की मांग



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की जिला इकाई ने युवाओं के भविष्य से जुड़े दो अति-संवेदनशील मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पेपर लीक को देशद्रोह घोषित करने और रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी के छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सूरज गौतम के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में देश में लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं और जौहर यूनिवर्सिटी पर प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि देशव्यापी पेपर लीक माफिया लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों की वर्षों की मेहनत और सपनों को बेरहमी से कुचल रहा है। नीट यूजी 2026 में हुए पेपर लीक का जिक्र करते हुए कहा गया कि इस त्रासदी के कारण 19 होनहार विद्यार्थियों की आत्महत्या की खबरें सामने आई हैं। पार्टी ने कहा कि पेपर लीक हमारी शिक्षा प्रणाली पर सीधा प्रहार है और इसे महज अपराध न मानकर देशद्रोह घोषित किया जाना चाहिए। इसी के साथ रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर प्रस्तावित बुलडोजर कार्रवाई का भी कड़ा विरोध किया गया है। पार्टी का कहना है कि इस कार्रवाई से हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई, डिग्री और वर्षों की मेहनत दांव पर लग गई है, जिससे उनके परिवारों के सपने ध्वस्त हो जाएंगे। पेपर लीक को देशद्रोह घोषित किया जाए, पेपर लीक माफिया और दोषियों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उन्हें उम्रकैद सहित कठोरतम सजा दी जाए। रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी पर प्रस्तावित कार्रवाई को अविलंब रोका जाए, ताकि हजारों छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे। सभी पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष, त्वरित और पारदर्शी जांच कराई जाए। परीक्षाओं में पारदर्शिता, गोपनीयता और सुरक्षा के लिए एक स्थायी व पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। पेपर लीक से प्रभावित विद्यार्थियों को पुनर्परीक्षा कराने के साथ-साथ उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस दौरान कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल बने जिला ताइक्कांडो एसो. के नए अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सत्यप्रकाश अग्रवाल को मनोनयन पत्र सौंपते पदाधिकारी

जिले में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन ने समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल को संघ का नया अध्यक्ष मनोनीत किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि सत्य प्रकाश अग्रवाल का सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान रहा है। उनके अनुभव और कुशल नेतृत्व में जिले में ताइक्कांडो खेल को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। संघ को उम्मीद है कि उनके मार्गदर्शन में स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन और मंच उपलब्ध हो सकेगा। अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपे जाने के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष सत्य प्रकाश अग्रवाल ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मुझे जो यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। हमारा मुख्य लक्ष्य जिले की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारना, उन्हें उचित प्रशिक्षण दिलाना और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अवसर प्रदान करना है। विशेष रूप से बालिकाओं को आत्मरक्षा के इस खेल से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। पदाधिकारियों के उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने सत्य प्रकाश अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और खेल के विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शीश मेहरोत्रा, बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के पूर्व जवाहर सिंह गंगवार, जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# बसपाइयों ने मायावती को 5वीं बार मुख्यमंत्री बनाने की ली शपथ



बैठक में मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनाने की कसम खाई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता बसपा के जिलाध्यक्ष नगेन्द्र पाल सिंह जाटव ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी, पूर्व ओएसडी एवं कानपुर मण्डल के मुख्य मण्डल प्रभारी नौशाद अली ने शिरकत की और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बैठक में नरेन्द्र कुशवाहा, बौद्ध प्रिय गौतम, शादाब सिद्दीकी, अरविन्द बाथम, अरुण त्रिवेदी, सुरजीत बाबू, सीताराम गौतम के अलावा विधानसभा अध्यक्ष और प्रभारी भी मौजूद रहे। जिले की सभी विधानसभाओं से पार्टी के अध्यक्षों और प्रभारियों ने भी बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कायमगंज से धर्मेन्द्र राना अध्यक्ष एवं प्रभारी रामऔतार व गौरव सिद्धार्थ व अमृतपुर से त्रिपुरेश गौतम अध्यक्ष एवं प्रभारी लखमी चन्द्र तथा सदर से प्रदीप कठेरिया अध्यक्ष एवं प्रभारी अमित गौतम, रामरतन व राजेश कठेरिया के अलावा भोजपुर से अनिल गौतम अध्यक्ष शामिल रहे। इसके अतिरिक्त बैठक में प्रेम सागर दिवाकर, अब्दुल रहमान, बृजेश फौजी, प्रीति सागर, दुर्गेश सहित पार्टी के कई अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. समीर राजा उत्तर-पूर्व रेलवे के लिए हुए अधिकृत



डॉ. समीर राजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डॉ. समीर राजा को रेलवे बोर्ड (गवर्नमेंट ऑफइंडिया) द्वारा एक और अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें अब भारत संघ (यूनियन ऑफ इंडिया) का प्रतिनिधित्व एवं उत्तर-पूर्व रेलवे (मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे) एवं भारत संघ (यूनियन ऑफ इंडिया) के लिए भी अधिकृत कर दिया गया है। डॉ. समीर राजा को भारत संघ (यूनियन ऑफ इंडिया) का प्रतिनिधित्व करने और उत्तर-पूर्व रेलवे (मिनिस्ट्री ऑफरेलवे) से संबंधित मामलों के निस्तारण की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। नॉर्थ-ईस्टर्न रेलवे के डायरेक्टर जनरल द्वारा 23 जुलाई को डॉ. समीर राजा को यह नियुक्ति पत्र जारी किया गया। शफीउल्ला खाँ के सुपुत्र डॉ. समीर राजा वर्तमान में उत्तर-मध्य रेलवे मंडल में भी प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों का दायित्व निभा रहे हैं। अब उन्हें उत्तर-पूर्व रेलवे और उत्तर-मध्य रेलवे, दोनों जोनों की जिम्मेदारी एक साथ दे दी गई है। इस युवा प्रतिभा की काबिलियत और लगन की हर तरफप्रशंसा हो रही है। इस बड़ी उपलब्धि से जनपद और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोग फोन, व्यक्तिगत मुलाकातों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से उन्हें ढेरों बधाइयां एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि पर डॉ. समीर राजा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा भारत संघ (यूनियन ऑफइंडिया) को रिप्रजेंट करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने इस दायित्व का निर्वहन करूँगा।

# निषाद पार्टी ने वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

निषाद पार्टी (निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल) की ओर से वीरांगना एवं जननायिका फूलन देवी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सभा में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाज के गणमान्य लोगों ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। अमरनाथ कश्यप ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी ने अपने संघर्ष, साहस और दृढ़ संकल्प से समाज में एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि उनका संघर्षशील जीवन वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए एक बड़ी प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों का सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। निषाद पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर वीरांगना फूलन देवी को नमन किया। इस मौके पर अमरनाथ कश्यप, अभिषेक बाथम, संजीव बाथम, अजीत बाथम, मुनेश कश्यप, सुरेश कश्यप, सचेंद्र कश्यप, अरविंद बाथम, राकेश कश्यप, दुर्गेश कश्यप, जितेंद्र कनौजिया, जय कश्यप, इन्द्र कश्यप, रमीश कश्यप, अजय कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, संजू कश्यप, अजय कुमार कश्यप, बाबूराम बाथम, जय कश्यप, प्रदीप सक्सेना आदि शामिल थे।

# मारपीट के मामले में गवाह बनने पर शिक्षामित्र के खिलाफ साजिश

- हाजिरी रजिस्टर में छेड़छाड़ कर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकास क्षेत्र राजेपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर में तैनात एक शिक्षामित्र ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका और एक सहायक अध्यापक पर रंजिशन झूठा मुकदमा दर्ज कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित शिक्षामित्र का कहना है कि मारपीट के एक पुराने मामले में सच की गवाही देने के कारण उनके खिलाफ यह साजिश रची गई है। मामले की शिकायत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से की गई है। कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर में कार्यरत शिक्षामित्र आशुतोष द्विवेदी द्वारा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 25 अप्रैल 2026 को विद्यालय प्रांगण में प्रधानाध्यापिका रीना पाण्डेय और सहायक अध्यापक अमरीश सिंह ने आंगनवाड़ी सहायिका रेनू देवी को कथित तौर पर मारपीट कर घायल कर दिया था। इस घटना को लेकर पीड़िता रेनू देवी ने थाना फतेहगढ़ में एनसीआर दर्ज कराई थी। इसके बाद आरोपियों द्वारा मामले में समझौते का दबाव बनाया गया, लेकिन पीड़िता राजी नहीं हुई। इस मामले की जांच के दौरान 21 जून को शिक्षामित्र आशुतोष द्विवेदी ने विवेचक वीर सिंह यादव के समक्ष बतौर चश्मदीद गवाह अपना बयान दर्ज करा दिया। आरोप है कि गवाही देने से नाराज होकर अमरीश सिंह और रीना पाण्डेय ने साजिश रची।

उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर में आशुतोष द्विवेदी के कॉलम में खुद कटिंग (कांट-छांट) कर दी और उल्टे शिक्षामित्र के ही खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। आशुतोष द्विवेदी ने अपने बचाव में स्पष्ट किया है कि विद्यालय के समस्त अभिलेख रजिस्टर आदि प्रधानाध्यापिका के पास ही अलमारी में ताले में बंद रहते हैं। उन्हें केवल हस्ताक्षर करने के लिए रजिस्टर दिया जाता है। ऐसे में उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका में किसी भी प्रकार की कांट.छांट या छेड़छाड़ करना संभव ही नहीं है। शिक्षामित्र आशुतोष द्विवेदी ने बीएसए से अनुरोध किया है कि वे इस पूरे मामले को संज्ञान में लें और निष्पक्ष जांच कराते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करें।

# ईमादपुर में प्राचीन मेले की तैयारियां तेज

## नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने किया गांव का दौरा



निरीक्षण करते नदीम अहमद फारुकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ईमादपुर में जल्द ही लगने वाले ऐतिहासिक और प्राचीन मेले को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोर-पकड़ने लगी हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दुकानदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके मद्देनजर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने गांव का सघन भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 28-29 जुलाई ईमादपुर में प्रस्तावित प्राचीन मेले के दृष्टिगत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने सफाई कर्मियों, बिजली कर्मियों सहित गांव का भ्रमण किया। मौके पर खड़े होकर सफाई कराई, बारात घर व शौचालय का निरीक्षण किया। खराब विद्युत लाइटों का मौके पर ठीक कराई व कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव करवाया। जल निगम के कार्मियों को शीघ्र मरम्मत करने को कहा गया व अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण किया। नदीम अहमद फारुकी ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की और मेले को भव्य व सुरक्षित बनाने के लिए उनके सुझाव सुने। उन्होंने आश्वस्त किया कि मेले में पेयजल से लेकर सुरक्षा तक के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। प्राचीन मेले के दृष्टिगत अध्यक्ष प्रतिनिधि के इस जमीनी दौरे से यह स्पष्ट हो गया है कि इस बार मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इस वर्ष का मेला पिछले वर्षों की तुलना में अधिक व्यवस्थित और भव्य होगा। मेले से पूर्व समस्त कर्मियों को ठीक करने का सख्त निर्देश दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सभासद मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक ने जनता की सुनीं समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण पर शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही थाना समाधान योजना के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने क्षेत्र के समस्त राजस्व निरीक्षकों व लेखपाल के साथ मिलकर समस्याएं सुनी। जिसमें जमीनी समस्याओं से जुड़े राजस्व विभाग के कुल 17 प्रार्थना पत्र आए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की सात प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया है, बांकी के लिए राजस्व टीम तथा पुलिस विभाग की टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर लेखपाल सौरभ कुमार, पवन कुमार सहित समस्त लेखपाल व राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने फूलन देवी को किया याद

- भेदभाव और जुल्म के खिलाफ क्रांति की प्रतीक हैं फूलन देवी की स्मृतियाँ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुण्यतिथि कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया। कार्यकर्ताओं ने फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि फूलन देवी सदैव इस समाज में सामाजिक न्याय की प्रतीक मानी गई हैं, उन्होंने जुल्म और अन्याय के खिलाफ जो बिगुल फूंका था वो सदा सर्वदा के लिए इतिहास में अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि चाहे कोई कितना भी कमजोर क्यों ना हो, लेकिन जिस दिन वह जुल्म के खिलाफमुड़कर खड़ा हो जाता है, उस दिन बड़ी से बड़ी ताकतों पर भी भारी पड़ता है। पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, पूर्व महानगर अध्यक्ष सरल दुबे, कार्यक्रम प्रभारी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरविंद कश्यप, पवन कठेरिया, अरविंद कुशवाह, शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान अरविंद यादव, दीपू यादव, अजीम खान, राज मनोहर तिवारी, कृष्ण कुमार, डॉ0 विक्रम सिंह, ओमवीर सिंह, फूल सिंह कठेरिया, गोपाल यादव, कपिल ठाकुर, सुलक्षणा सिंह, अनुराग यादव, रणजीत सिंह, संजय कुमार, रघुमंगल सिंह, अनवर जमाल, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के दरिया मसमूले हुसैनपुर में क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ फूलन देवी पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित किया।

# श्रावण मास से पूर्व संतों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- पांचालघाट पुल की मरम्मत जल्द पूरी करने और गंगा किनारे से शौचालय हटाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञापन दिखाते संत

आगामी पवित्र श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रीश्री 108 महन्त सर्वेश्वर आश्रम (मेला श्री रामनगरिया पांचालघाट) के संतगणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए पत्र में पांचालघाट पर उमड़ने वाली शिवभक्तों और कांवड़ियों की भारी भीड़ के मद्देनजर बुनियादी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की गई है। अध्यक्ष महन्त सर्वेश्वर आश्रम और सचिव सुभाष आश्रम दण्डी स्वामी द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में प्रशासन का ध्यान मुख्य रूप से तीन बिंदुओं की ओर आकृष्ट किया गया है। संतों का कहना है कि आगामी 3-4 दिनों में श्रावण मास शुरू हो रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश और अन्य प्रांतों से बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगा तट पर आते हैं। इसलिए घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, बिजली, और साउंड आदि की सुचारू व्यवस्था होना आवश्यक है। पत्र में सुझाव दिया गया है कि इस विशाल आयोजन के कुशल प्रबंधन के लिए पूर्व मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित के अनुभव का सहयोग लिया जा सकता है। ज्ञापन में एक गंभीर समस्या की ओर इशारा करते हुए बताया गया है कि उत्तरी बांधा के दक्षिणी तरफ गंगाजी की ओर बने शौचालय, जलस्तर बढ़ने बाढ़ की स्थिति, पर गंगाजल को दूषित करते हैं। इससे श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए स्वच्छ जल प्राप्त नहीं हो पाता। संतों ने मांग की है कि नदी की तरफ बने इन शौचालयों को तुरंत हटाया जाए। यातायात व्यवस्था पर चिंता जताते हुए संतों ने कहा है कि पांचालघाट पर आवागमन का एकमात्र साधन पुल है, जिसकी वर्तमान में मरम्मत चल रही है। इसके कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। श्रावण मास में कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने पर मरीजों, नौकरीपेशा लोगों, स्कूली छात्रों और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में भारी दिक्कतें पैदा होंगी। संतों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि कांवड़ियों और आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

## गाली-गलौज करने की पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बराकेशब निवासी बादाम सिंह शुक्रवार किसी काम से बाहर गए थे। रात लगभग 11 बजे परिवार का ही युवक अपने साथियों के साथ बादाम सिंह के घर जाकर जमीन के बटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी बादाम सिंह के परिजनों को मारपीट करने पर आमादा हो गए। थाना पुलिस को बादाम सिंह ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## दबंग से जमीन कब्जा मुक्त कराने की गुहार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव कढ़िउली निवासी महेश चन्द्र की जमीन गांव में ही स्थित है। उस जमीन पर थाना मेरापुर के गांव गिलौदा निवासी युवक ने कब्जा कर लिया। महेश चन्द्र ने कई बार युवक से अपनी जमीन का कब्जा छोड़ने की बात कही। जिस पर युवक गाली-गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो जाता है। थाना पुलिस को महेश चंद्र ने नामजद युवक के खिलाफके खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# आबकारी टीम ने छापेमारी कर 16 लीटर कच्ची शराब की बरामद

- देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन की गई जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी ने स्टाफ कायमगंज क्षेत्र में स्थित संदिग्ध ग्राम श्यामनगर में दबिश कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 01अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके साथ ही देशी शराब दुकान व कंपोजिट शॉप बरझाला की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कारगिल विजय दिवस के वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

- विद्यार्थियों को समस्त भारतीय सैनिकों के योगदान के बारे में बताया गया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में मौजूद सैन्य अधिकारी आदि



मौजूद विद्यार्थी

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कारगिल विजय दिवस के वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। सिख लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंटल सेंटर फतेहगढ़ से लेफ्टिनेंट कर्नल डीके चतुर्वेदी, नायब सूबेदार सतनाम सिंह, नायब सूबेदार गुरमुख सिंह ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर देश की रक्षा के लिए शहीद हुए कारगिल के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया और आज भारतीय सीमा की रक्षा में तैनात समस्त भारतीय सैनिकों के योगदान के बारे में बताया। भारतीय सैनिक मजबूती से देश की सभी सरहदों की रक्षा कर रही है, उसके बारे में भी बताया। भारतीय सैनिकों की टुकड़ी को अपने विद्यालय में देखकर सभी छात्रों का मनोबल हर्ष और उल्लास से भरा हुआ था, एक यादगार कारगिल विजय दिवस समारोह संपन्न हुआ। लेफ्टिनेंट कर्नल डीके चतुर्वेदी ने बताया कि मजबूत इरादा कभी भी किसी को झुका नहीं सकता है। भारतीय सेना को कोई भी परिस्थिति और कोई भी हालत उसके मौजूद इरादे को कभी तोड़ नहीं सकती। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने जीवन में कभी हार ना मानने की प्रतिज्ञा लेंगे और उनके कंधों पर उनके परिवार की जिम्मेदारी के साथ-साथ साथ समाज और राष्ट्र की बहुत बड़ी जवाबदारी भी भी है। वहां पर उपस्थित छोटे विद्यार्थियो ने सैनिक पोशाक पहनकर अपना उत्साह दिखाया। लेफ्टिनेंट कर्नल डीके चतुर्वेदी जो कि वर्तमान समय में सिखलाई रेजीमेंट सेंटर में पदासीन है वह इस जिले की ही एक नजदीकी गांव ढिलवाल के रहने वाले हैं और अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र है और भारतीय सेना में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ नेतृत्व कार्य कर रहे है।

## हेडलाइट की रोशनी पड़ते ही झाड़ियों से निकला बाघ

# गोला वनरेंज क्षेत्र में दिखा टाइगर, बाइक सवारों में मची अफरा-तफरी

- सूचना मिलते ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।**



गोला वनरेंज क्षेत्र में शनिवार देर रात टाइगर दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वन टांगिया गांव लौट रहे बाइक सवार ग्रामीणों के सामने अचानक टाइगर आ जाने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, बाइक सवारों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया और कुछ देर बाद टाइगर घनी झाड़ियों की ओर चला गया।

जानकारी के अनुसार, गोला से वन टांगिया गांव लौट रहे राजेश सिंह अपने साथियों के साथ बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में बाइक की हेडलाइट की रोशनी सड़क किनारे झाड़ियों पर पड़ी तो वहां एक टाइगर बैठा दिखाई दिया। टाइगर को देखते ही बाइक सवारों ने तत्काल वाहन रोक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ क्षण तक टाइगर सड़क किनारे ही बैठा रहा। बाइक की तेज रोशनी और आवाज से वह धीरे-धीरे उठकर घने जंगल की ओर चला गया। इसके बाद ग्रामीणों ने सावधानी बरतते हुए अपने गांव का रुख किया।

**ग्रामीणों ने रोकी बाइक, टला बड़ा हादसा**

घटना के बाद वन टांगिया गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगल मार्ग पर नियमित गश्त बढ़ाने और चेतावनी संबंधी बोर्ड लगाने की मांग की है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि रात के समय जंगल से सटे रास्तों पर अकेले आवागमन न करें तथा किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

## पेड़ से टकराई बाइक पिता-पुत्र गंभीर घायल

**बीमार रिश्तेदार को भोजन देकर घर लौटते समय हुआ हादसा, दोनों जिला अस्पताल में भर्ती**

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। लखहा भूड़ जंगल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े अर्जुन के पेड़ से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार, भीरा थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर सवारन निवासी विशाल उर्फ नीरज चौहान (30) अपने पिता विचरन लाल (60) के साथ लखीमपुर जिला अस्पताल में भर्ती एक बीमार रिश्तेदार को भोजन देकर बाइक से घर लौट रहे थे।

## मुख्य अभियंता ने बेल्हा-सिकटिहा तटबंध का किया निरीक्षण

- मरम्मत कार्यों की सराहना, चिन्हित खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** शारदा नदी से संभावित बाढ़ के मद्देनजर सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता स्तर-1 शारदा अवधेश कुमार ने शुक्रवार को बिजुआ ब्लॉक स्थित बेल्हा-सिकटिहा तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था, मरम्मत कार्यों और मानसून की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता बाढ़ मंडल लखीमपुर खीरी अनिल कुमार निरंजन, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, सहायक अभियंता गजेंद्र वर्मा तथा अवर अभियंता कुंदन कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने तटबंध की मजबूती, ऊंचाई और अब तक कराए गए सुरक्षा कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।
मुख्य अभियंता अवधेश कुमार ने तटबंध पर कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बाढ़ से सुरक्षा के लिए तटबंधों की नियमित निगरानी और समयबद्ध मरम्मत अत्यंत आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का आरोपी जहीर गिरफ्तार
### पढुआ पुलिस ने ढखेरवा चौराहे से दबोचा

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पढुआ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपी जहीर पुत्र सगीर अहमद निवासी चचरापुरवा, पोस्ट सेमरा बाजार, थाना पढुआ को शनिवार को ढखेरवा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष मोहित पुण्डीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मोहित पुण्डीर, उपनिरीक्षक ब्रह्मानन्द यादव, कांस्टेबल उमेश कुमार तथा कांस्टेबल हर्षित कुमार शामिल रहे।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित वारंटी गिरफ्तार
### सिंगाही पुलिस ने घर से दबोचा

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंगाही पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक सिंगाही के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस टीम ने ग्राम मोझा में छापेमारी कर बलजिन्दर सिंह (24) पुत्र रमेश सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त थाना सिंगाही में दर्ज वर्ष 2021 के मुकदमे में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के आरोप में वांछित था। उसके विरुद्ध पॉक्सो कोर्ट, लखीमपुर-खीरी से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को निर्धारित है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार दुबे एवं हेड कांस्टेबल राहुल सिंह भदौरिया शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वांछित अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### एसपी को पत्रक देकर चोरी का पर्दाफाश किए जाने की लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा सेमरा कलां गांव निवासी सीताराम केसरवानी ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक को पत्रक देकर बीते दिनों घर में हुई चोरी का पर्दाफाश किए जाने की मांग की है। नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी की मौजूदगी में एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित सीताराम केसरवानी ने बताया कि बीते 17 जुलाई की रात घर के पीछे के दरवाजे से घुसे चोर घर की तीन महिलाओं के लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात किराने की दुकानसे 50 हजार रुपये नकद भी उठा ले गए थे। मुंह मे कपड़ा बांधकर घर में घुसते समय दो चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। घटना के एक सप्ताह बाद भी चोरी का पर्दाफाश नही होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से जल्द से जल्द चोरी का पर्दाफाश करवाने व चोरी हुए सोने चांदी के जेवरात व रुपये बरामद कराने की गुहार लगाई है।सीताराम केसरवानी के घर में घुसे चोरों ने 52 लाख रुपए से अधिक की कीमत के सोने चांदी के जेवरात व पचास हजार रूपए नगद उठा ले गए थे घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

### पिकनिक पर आए युवक का मिला शव

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र में स्थित कुशियरा जलप्रपात में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। 27 वर्षीय रोहित यादव शुक्रवार को पिकनिक मनाने आया था। शनिवार को उसका शव जलप्रपात के गहरे पानी में उतराता मिला।चरवाहों ने शनिवार सुबह जलप्रपात में शव को उतराता देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त की।मृतक की पहचान विंध्याचल थाना क्षेत्र के कलना गांव निवासी अनिल कुमार यादव के 27 वर्षीय पुत्र रोहित यादव के रूप में हुई। रोहित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और अविवाहित था।प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि रोहित यादव का शव पानी में पड़ा मिला था और उसके शरीर पर केवल अंडरवियर था। प्रथमदृष्ट्या यह डूबने से हुई मौत का मामला प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### एएसजी व सुश्रत नेत्र क्लब के तत्वाधान में 500 से अधिक लोगो का हुआ नेत्र परीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** बस चालक खलासी व बच्चों की आंखों में आ रही खामियों के बीच शनिवार को नागरपुर स्थित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी अग्रणी शिक्षण संस्था में ए एस जी व सुश्रत नेत्र क्लब के संयुक्त तत्वाधान में छात्रों,अध्यापको व बस चालक व सहायको का नेत्र परीक्षण किया गया।
सुबह 9 बजे शुरू हुए नेत्र परीक्षण में सर्वप्रथम लगभग 80 की संख्या में मौजूद बस चालक व सहायको का नेत्र परीक्षण किया जहा नेत्र की स्थिति देखने के बाद उन्हें चश्मे व दवाइया वितरित की गयी वही आँखों की समस्या वाले छात्र छात्राओं का भी नेत्र परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए गए अंत मे विद्यालय में कार्यरत 80 से अधिक अध्यापको का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए गए नेत्र परीक्षण में जाने माने नेत्र सर्जन डॉ तेजबली सिंह ने सभी के आंखों की जांच की वही जांच करने वाली टीम में ए एस जी के प्रबंधक गौरव श्रीवास्तव,मार्केटिंग मैनेजर उत्कर्ष श्रीवास्तव,संजय सिंह,विमलेश,अनिल पाल व संदीप ने सहयोग किया।
इस दौरान विद्यालय के उपनिदेशिका नीतू सिंह,प्रधानाचार्य डॉ वेद प्रकाश,प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह,समन्वयक माया सिंह,अखिलेश श्रीवास्तव सहित तमाम अध्यापकगण मौजूद रहे।

## नेचर वॉक और पिकनिक में बच्चों ने प्रकृति से जोड़ा नाता, पर्यावरण संरक्षण का लिया संदेश



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** उमा देवी चिल्ड्रन्स एकेडमी मोहम्मदी में विद्यार्थियों के लिए नेचर वॉक एवं पिकनिक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता एवं चेयरमैन अनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान बच्चों ने मनोरंजन और खेल-कूद के साथ प्रकृति के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी हासिल की। हेड कोऑर्डिनेटर नंदिनी पांडेय और कोऑर्डिनेटर सूफिया खान ने विद्यार्थियों को पेड़-पौधों की सुरक्षा, स्वच्छता और हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे अमूल्य धरोहर है, इसलिए इसकी रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। नेचर वॉक के दौरान बच्चों ने विभिन्न पेड़-पौधों का अवलोकन किया, उनकी पहचान की और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को जाना। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया और शैक्षिक भ्रमण का आनंद उठाया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना है।

# रास्ते के विवाद में दो पक्ष भिड़े, दोनों ओर से मारपीट का आरोप

- भीरा पुलिस ने दर्ज किए मुकदमे, जांच शुरू, गांव में बढ़ाई गई गश्त

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।**



थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम जगनपुरवा में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में हरद्वारी पुत्र छंगू ने आरोप लगाया कि रास्ते के विवाद को लेकर रिंकू, छोटू, अनूप कुमार और रूपराम पुत्रगण शिवकुमार उनके घर पहुंचे और उनकी पत्नी गीता के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में उनकी पत्नी घायल हो गई। तहरीर में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। दूसरी ओर, छोटू कुमार पुत्र शिवकुमार ने भी पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि हरद्वारी पुत्र छंगू, सुमित, अमित तथा शारदा पुत्र निरंजन ने उनके घर का रास्ता बंद कर रखा था। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था, जिसमें रास्ता खोलने पर सहमति बनी थी, लेकिन समझौते के बावजूद रास्ता नहीं खोला गया। छोटू का आरोप है कि 24 जुलाई को उनका भाई रूपराम समझौते की बात करने गया तो उसके साथ अभद्रता की गई। इसके बाद विपक्षी उनके घर पहुंच गए और उनकी पत्नी रिकी देवी के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एहतियातन गांव में पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है।

### श्रावण में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सख्त, मितौली में बुलडोजर चलाकर हटाया गया अतिक्रमण

**समृद्धि न्यूज़, मितौली (खीरी)।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। उप जिलाधिकारी संत दास पंवार के निर्देशन में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुलडोजरों की मदद से सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक यादवेंद्र यादव, कानूनगो कमल कुमार, कोतवाली प्रभारी मितौली महेश पाठक तथा क्षेत्रीय लेखपाल अमित भारती अपनी-अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे।

## लिखावट बनी पहचान, प्रमाणपत्र पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

- सेंट जॉन्स स्कूल में हैंडराइटिंग और कर्सिव राइटिंग के विजेताओं का हुआ सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।**



नगर की पंजाबी कॉलोनी स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की के मार्गदर्शन एवं फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो और हेडमिस्ट्रेस सिस्टर लिजी मारिया के नेतृत्व में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूर्व में संपन्न हुई हैंडराइटिंग एवं कर्सिव राइटिंग प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया। प्रमाणपत्र प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे परिसर में तालियों की गूंज सुनाई दी।

हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक तथा कर्सिव राइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 1-ए से अवंतिका प्रजापति प्रथम, अभिमन्यु मिश्रा द्वितीय एवं साद्विक तृतीय रहे। कक्षा 2-ए में सिद्धि पटेल प्रथम, सिद्धि मिश्रा द्वितीय एवं त्रियंब तृतीय स्थान पर रहे, जबकि कक्षा 2-बी में रिद्धि प्रथम, सान्वी गुप्ता द्वितीय एवं गौरांश मेहेग्रान तृतीय रहे। कक्षा 3 में वंश मिश्रा (3-बी) प्रथम, प्रखर वर्मा (3-सी) द्वितीय तथा श्रेया सब्बरवाल (3-ए) तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 4 में अरिबाह हसन (4-सी) प्रथम, आराध्या त्रिवेदी (4-ए) द्वितीय तथा ईशान्वी सिंह चंदेल (4-बी) तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 5 में अनंत्या (5-ए) प्रथम, अद्विक गुप्ता (5-सी) द्वितीय एवं अधृत (5-बी) तृतीय रहे। कर्सिव राइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6-बी के दक्ष चौधरी प्रथम, 6-ए की मयूरी सिंह द्वितीय तथा 6-सी के कियान जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में 7-सी की प्रलक्षा प्रथम, 7-बी की अनुरीत कौर द्वितीय एवं 7-ए के पैट्रिक सिंह तृतीय रहे। वहीं कक्षा 8 में 8-सी की द्युम्ना सिंह प्रथम, 8-ए की नव्या सिंघल द्वितीय तथा 8-बी की आकृति सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनूप टिर्की ने कहा कि सुंदर हैंडराइटिंग विद्यार्थी के अनुशासन, एकाग्रता और व्यक्तित्व का परिचय देती है। उन्होंने नियमित अभ्यास पर बल देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## हलिया में दिनदहाड़े घर में चोरी, 20 हजार नकद व लाखों के जेवरात ले गए चोर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

थाना क्षेत्र के सोठिया गोलरा गांव में शुक्रवार को चोरों ने दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर नगदी व लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। सोठिया खुर्द गोलरा गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र राधेश्याम ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 25 जुलाई की सुबह वह परिवार के साथ घर में ताला लगाकर नर्सरी का धान उखाड़ने खेत पर गए थे। घर खेत से करीब 100 मीटर दूर है। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़ दिया। चोरों ने अंदर रखी अलमारी और बक्से के ताले भी तोड़कर सामान बिखेर दिया। चोर घर से 20 हजार रुपये नगद, 4 सोने की सिकड़ी, 1 सोने का हार, 2 मंगलसूत्र, 2 जोड़ा बाला, 3 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ा सोने का झुमका, 1 सोने का ओकर और 2 जोड़ा चांदी की पायल चोरी कर ले गए।दोपहर 10रू10 बजे जब परिवार वापस घर लौटा तो ताला टूटा देखकर होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो लाखों का सामान गायब था।अंकित कुमार ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई और चोरी का माल बरामद करने की मांग की है। थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## थाना समाधान दिवस एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



- कुल 24 शिकायतें आईं, 1 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने की। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकांश मामले जमीन के बंटवारे, कब्जे और पैमाइश से जुड़े रहे। एसडीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। प्राप्त 24 शिकायतों में से 1 मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों में निष्पक्ष जांच के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया। उपजिलाधिकारी अजीत कुमार ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।इस अवसर पर सहायक चकबंदी अधिकारी देवेंद्र कुमार यादव, चकबंदी निरीक्षक बृजेश सिंह, राकेश कुमार, अम्बिका प्रसाद, राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे, अशोक दुबे, प्रमोद सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव सहित लेखपाल अमिताभ यादव, राज कुमार, सुशील, संजय, विनोद कुमार, शिव बाबू, संतोष, कृष्ण चंद्र मिश्र, सर्वेश सिंह, विदेश मौर्य, श्री प्रकाश सिंह समेत राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर सपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर पूर्व सांसद फूलन देवी की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर स्व. फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जालौन के एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्मी फूलन जी के साथ घटित भेदभाव व अत्याचार उत्पीड़न की भयानक घटनाओं ने उनके जीवन की दिशा बदल दी, जिसके कारण उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना। चंबल की बीहड़ों से लेकर देश की संसद तक का उनका असाधारण व



संघर्षपूर्ण सफर पार्टी संस्थापक धरतीपुत्र श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव जी से प्रेरित रहा।गोष्ठी का संचालन करते हुए जिला महामंत्री आदर्श यादव ने कहा कि 1996 व 99 के लोकसभा चुनावों में मिर्जापुर से लोकसभा का चुनाव जीतने वाली फूलन जी ने सांसद रहते हुए निष्छल व निष्कपट भाव से सदैव गरीबों, मजलूमों, वंचितों व उत्पीड़ितों के सहयोग का हरसंभव कार्य किया।

### थाना समाधान दिवस में सीओ दीपशिखा वर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं

**गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश**

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।** थाना परिसर फरेंदा में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपशिखा वर्मा ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सुनवाई की। सीओ दीपशिखा वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# बार-बेंच के मजबूत समन्वय से मिलेगा त्वरित और सुलभ न्याय: डीएम

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन महराजगंज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायिक व्यवस्था से जुड़े प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाने के लिए बार और बेंच के बीच निरंतर संवाद,




आपसी विश्वास तथा बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्याय की उम्मीद लेकर कलक्ट्रेट आने वाला कोई भी वादकारी किसी भी परिस्थिति में निराश होकर वापस नहीं लौटना चाहिए। इसके लिए अधिवक्ताओं और प्रशासन को समान जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए न्याय प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना होगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शुक्ल एडवोकेट ने कहा कि कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन सदैव वादकारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि बार के सभी सदस्य प्रशासन एवं बेंच के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर आमजन को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से संगठन की गरिमा बनाए रखने तथा न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, अपर उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों के साथ-साथ न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

इस अवसर पर तहसीलदार सदर पंकज शाही, नायब तहसीलदार घुघली विवेक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार कटहरी पदुम्म सिंह, सतीश चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, दीवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र एडवोकेट, रामप्रसाद पटेल, राकेश बिहारी लाल, जितेंद्र लाल, केशव पांडेय, श्याम मोहन पांडेय, अनिरुद्ध लाल, जगदंबा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र ने किया।